* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

31 जुलाई, 2023
सावन, शुक्ल पक्ष, त्रयोदशी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
सोमवार, वर्ष 08, अंक 281



कपिल देव ने कहा : क्रिकेटरों को पैसों का घमंड, सीनियरों की सलाह नहीं लेते, इसलिए गलतियां दोहरा रहे




## 'मन की बात' का 103वां एपिसोड संपन्न

# शहीदों के सम्मान में 'मेरी माटी मेरा देश' अभियान चलेगा: मोदी

- इस साल भी हर घर तिरंगा फहराने को कहा

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को 'मन की बात' कार्यक्रम के जरिये देशवासियों से बात की। यह इस बेहद लोकप्रिय कार्यक्रम का 103वां एपिसोड था। कार्यक्रम में पीएम मोदी ने शहीदों के सम्मान में 'मेरी माटी मेरा देश' अभियान चलाने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि आज देश में अमृत महोत्सव की गूंज है। 15 अगस्त पास ही है। शहीद वीर-वीरांगनाओं को सम्मान देने के लिए 'मेरी माटी मेरा देश' अभियान शुरू होगा। इसके तहत देश भर में हमारे शहीदों की याद में अनेक कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। इन विभूतियों की याद में देश की लाखों ग्राम पंचायतों में विशेष शिलालेख भी स्थापित किये जायेंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले साल स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 'हर घर तिरंगा अभियान' के लिए जैसे पूरा देश एक साथ आया था। वैसे ही हमें इस बार भी फिर से हर घर तिरंगा फहराना है और इस परंपरा को लगातार आगे बढ़ाना है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस अभियान के तहत देश-भर में 'अमृत कलश यात्रा' भी निकाली जायेगी। देश के गांव-गांव से, कोने-कोने से साढ़े सात हजार कलशों में मिट्टी लेकर ये यात्राएं देश की राजधानी दिल्ली पहुचेंगी। ये यात्राएं अपने साथ देश के अलग-अलग हिस्सों से पौधे लेकर भी आयेंगी। साढ़े सात हजार कलशों में आयी मिट्टी और पौधों से नेशनल वॉर मेमोरियल के पास अमृत वाटिका बनायी जायेगी।

### सावन का मतलब ही आनंद और उल्लास है

पीएम ने कहा कि इस समय सावन का महीना चल रहा है। महादेव की आराधना के साथ सावन हरियाली और खुशहाली से जुड़ा होता है। इसका बहुत महत्व रहा है। सावन के झूले, सावन की मेहंदी, सावन के उत्सव। सावन का मतलब ही आनंद और उल्लास है। इस आस्था और परंपराओं का एक पक्ष और भी है। ये हमें गतिशील बनाते हैं। शिव अराधना के लिए कितने ही भक्त कांवड़ यात्रा पर निकलते हैं। 12 ज्योतिर्लिंगों पर भी श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। बनारस पहुंचने वाले लोगों की संख्या रिकॉर्ड तोड़ रही है। हर साल वहां 10 करोड़ से ज्यादा पर्यटक पहुंच रहे हैं। अयोध्या, मथुरा और उज्जैन पहुंचने वालों की संख्या भी बढ़ रही है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि अभी 50 हजार से ज्यादा अमृत सरोवर बनाने का काम चल रहा है। देशवासी पूरी जागरूकता और जिम्मेदारी के साथ जल संरक्षण के लिए प्रयास कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश में एक दिन में 30 करोड़ पौधे लगाने का रिकॉर्ड बनाया गया है। राज्य सरकार ने अभियान की शुरुआत की और लोगों ने इसे पूरा किया। ऐसे प्रयास जनभागीदारी के साथ जन जागरण के बड़े उदाहरण हैं। हम सब भी पौधे लगाने और पानी बचाने के प्रयासों का हिस्सा बनें।

# आज इडी के सामने पेश होंगे विष्णु अग्रवाल

## पूजा-पाठ का हवाला दे मांगा था समय

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** रांची जमीन घोटाला मामले में पूछताछ के लिए कारोबारी विष्णु अग्रवाल 31 जुलाई को इडी के सामने पेश होंगे। इडी ने तीसरी बार समन जारी करते हुए उन्हें हाजिर होने को कहा है। उन्हें पिछली बार 26 जुलाई को इडी के हिनू क्षेत्रीय कार्यालय जाना था, लेकिन पूजा-पाठ का हवाला देते हुए उन्होंने मेल कर समय मांगा था। 26 जुलाई को ही इडी ने नोटिस जारी कर दिया था। ईडी की ओर से जारी समन में उन्हें 31 जुलाई को 11 बजे तक इडी के क्षेत्रीय कार्यालय हिनू पहुंचने को कहा गया है।

**पिछली बार नहीं हुए थे हाजिर :** कारोबारी विष्णु अग्रवाल को इससे पहले 17 जुलाई को इडी ने पूछताछ के लिए बुलाया था, लेकिन वह हाजिर नहीं हुए। उन्होंने स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए इडी से तीन सप्ताह का वक्त मांगा था, पर जांच एजेंसी ने उन्हें ज्यादा वक्त नहीं दिया। उन्हें फिर 26 जुलाई को बुलाया गया। उस दिन भी वह इडी के समक्ष उपस्थित नहीं हुए।



### गिरफ्तारी की लटक रही तलवार

लगातार नोटिस के बाद भी प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारियों के सामने हाजिर नहीं होने से विष्णु अग्रवाल को परेशानी हो सकती है। बताया जा रहा है कि उनके खिलाफ कई सबूत हैं। यही वजह है कि विष्णु अग्रवाल इडी के सवालों के जवाब देने से बच रहे हैं। 31 जुलाई की पूछताछ के बाद उन्हें गिरफ्तार किया जा सकता है।

### अफसर खान की गिरफ्तारी के बाद खुली पोल

गौरतलब हो कि जमीन से जुड़े मामले को लेकर खुलासा तब हुआ, जब रांची के अफसर अली को इडी ने गिरफ्तार किया। इससे पहले साल 2022 के चार नवंबर को जमीन घोटाले में विष्णु अग्रवाल के कई ठिकानों पर इडी ने छापेमारी की थी। बाद में तीन बार विष्णु अग्रवाल को पूछताछ के लिए समन भेजा गया। जमीन के तमाम मामलों के साथ चेशायर होम रोड की जमीन की खरीद में उनका नाम सामने आया था। वहीं पुगडू में 9।30 एकड़ खास महल जमीन की खरीद में भी फर्जीवाड़े की बात सामने आयी थी।

### कौन हैं विष्णु अग्रवाल

कारोबारी विष्णु अग्रवाल मूल रूप से पुरुलिया के रहने वाले हैं। रांची में कई सालों से रह रहे हैं। रांची के सर्कुलर रोड का चर्चित न्यूक्लियस मॉल इन्हीं का है। न्यूक्लियस मॉल का फेज टू कांके रोड चांदनी चौक में है। वह भी इन्हीं का है। वह रांची में पांच सौ करोड़ रुपये से ज्यादा के जमीन के मालिक हैं। बताया जाता है कि कई मंत्रियों और विधायकों से विष्णु अग्रवाल के अच्छे संबंध हैं। विष्णु अग्रवाल के संपर्क में कई आइएएस-आइपीएस अधिकारी भी हैं।

# पेटरवार मुहर्रम जुलूस हादसे की जांच के आदेश

- सीएम के निर्देश पर मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख रुपये का मुआवजा मिला

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची/पेटरवार।** बोकारो जिले पेटरवार प्रखंड के खेतको गांव शनिवार को मुहर्रम के जुलूस के दौरान हुए हादसे की जांच के आदेश दिये गये हैं। गृह और ऊर्जा विभाग के अपर मुख्य सचिव सह ऊर्जा विकास निगम के सीएमडी अविनाश कुमार ने हादसे की जानकारी लेने के बाद यह आदेश दिया। उन्होंने सभी जीएम को कहा है कि जब भी इस तरह का जुलूस निकले, तो विशेष एहतियात बरतें। सीएमडी ने बताया कि बोकारो में बिना पूर्व सूचना के ही जुलूस निकाला गया था। उस दौरान बिजली चालू थी, जिससे यह दुर्भाग्यपूर्ण घटना हुई। सीएमडी ने कहा कि बोकारो समेत तमाम पदाधिकारियों को दुर्घटना की समीक्षा करने का कहा गया है।

**विधायक अनुप सिंह ने परिजनों को सौंपा गया चेक :** इस बीच मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश पर मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख रुपये और घायलों को एक-एक लाख रुपये का चेक बेरमो विधायक कुमार जयमंगल उर्फ अनुप सिंह द्वारा सौंपा गया। सीएम ने हादसे पर गहरा शोक जताते हुए संवेदना प्रकट की थी।

## न्यूज रील्स

### पाकिस्तान में आतंकी हमले में 35 लोगों की मौत

पेशावर। पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा राज्य के बाजौर में रविवार को एक राजनीतिक रैली के दौरान विस्फोट हुआ। पुलिस ने इसे आतंकी हमला बताया है। धमाके में 35 लोगों की मौत हुई और 80 लोग घायल हैं। घटना बाजौर की खार तहसील की है। यहां सत्तारूढ़ गठबंधन में शामिल जमीयत उलेमा इस्लाम फजल की रैली चल रही थी। रैली को वरिष्ठ नेता हाफिज हमदुल्लाह संबोधित करने वाले थे, लेकिन वह किसी वजह से यहां पहुंच नहीं सके। बाद में मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि हमारे 35 कार्यकर्ता इस धमाके में मारे गये हैं।

### इसरो ने सिंगापुर के सात उपग्रह प्रक्षेपित किये

श्रीहरिकोटा। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के श्रीहरिकोटा अंतरिक्ष केंद्र से सिंगापुर के सात उपग्रहों को रविवार सुबह साढ़े छह बजे प्रक्षेपित किया गया। यह प्रक्षेपण 44.4 मीटर लंबे पीएसएलवी-सी 56 रॉकेट से किया गया है। इसरो ने बताया कि लिफ्ट ऑफ के 23 मिनट बाद प्राथमिक उपग्रह अलग हो गया। इसके बाद बाकी छह उपग्रह भी अलग हो गये और सभी अपनी कक्षा में पहुंच गये।

### वायुसेना ने लड़ाकू विमान तेजस को कश्मीर भेजा

श्रीनगर। भारतीय वायुसेना ने जम्मू-कश्मीर के अवंतीपोरा एयरबेस पर हल्के लड़ाकू विमान तेजस एमके-1 को तैनात किया है। सेना का कहना है कि उसके पायलट घाटी में उड़ान का अनुभव ले रहे हैं। कश्मीर पड़ोसी देशों, चीन और पाकिस्तान के लिहाज से संवेदनशील है। तेजस एमके-1 मल्टीरोल हल्का लड़ाकू विमान है, जो वायुसेना को कश्मीर के जंगल और पहाड़ी इलाकों में और मजबूत करेगा। भारतीय वायुसेना के पास मौजूदा वक्त में 31 तेजस विमान हैं।

### बुद्धदेव भट्टाचार्य की हालत नाजुक

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के पूर्व मुख्यमंत्री बुद्धदेव भट्टाचार्य (79) वेंटिलेटर पर हैं। शनिवार को उन्हें सांस लेने में दिक्कत हुई थी। इसके बाद उनको अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उनकी हालत गंभीर, लेकिन स्थिर है। रविवार को अस्पताल के डॉक्टर ने बताया कि उनके खून में ऑक्सीजन की कमी थी, जिसमें अब सुधार हुआ है। ब्लड प्रेशर भी सही है। उन पर इलाज का असर हो रहा है, लेकिन अभी वह खतरे से बाहर नहीं हैं। डॉक्टर की टीम रात भर उन पर नजर बनाये हुए थी।






आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
No. 1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW
सर्राफा
सोना (बिक्री) 56,400 रु./10 ग्राम
चांदी 75,000 रु./प्रति किलो
आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 31 जुलाई, 2023
www.azadsipahi.in


# भाजपा की नयी टीम में दिखी 'मिशन 2024' साधने की झलक

## ▪ सांगठनिक तौर पर पार्टी को अधिक गतिशील बनाने की हुई है कवायद

## ▪ मध्यप्रदेश-राजस्थान समेत चार चुनावी राज्यों को दी गयी है खासी तरजीह

## ▪ पहली बार दो मुस्लिमों को जगह देकर पार्टी का चेहरा बदलने की कोशिश

**आजाद सिपाही विशेष**

**साल 2024 की आहट के साथ आम चुनावों की हलचल भी बढ़ती जा रही है। लोकसभा चुनावों का रण सजने लगा है और इस चुनावी कुरुक्षेत्र में घेराबंदी की कवायद तेज हो गयी है। पक्ष-विपक्ष दोनों ही लगातार अपना कुनबा बढ़ा रहे हैं। अपनी ताकत बढ़ने का दावा कर रहे हैं और लोकसभा चुनाव में जीत का दम भी भर रहे हैं। इसी दावेदारी के बीच बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने अपनी टीम की घोषणा कर दी है, जिसमें 13 उपाध्यक्ष और आठ महामंत्री बनाये गये हैं। भाजपा की इस नयी टीम में शक्ति का संतुलन भी है और विपक्षी एकता के दावे की काट के तौर पर भी देखा जा रहा है। 38 नेताओं की इस टीम के जरिये जीत के सारे समीकरणों को साधने की कोशिश की गयी है। लेकिन इस सूची में भाजपा ने सबसे बड़ा दांव मुस्लिम चेहरे को लेकर खेला है, जो विरोधियों के लिए चौंकाने वाला तो है ही, साथ ही विरोधियों की चिंता बढ़ाने वाला भी है। नड्डा की नयी टीम में यूपी का दबदबा दिखायी देता है, लेकिन नजर उन राज्यों पर भी है, जहां हाल में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ और तेलंगाना को नयी टीम में खासी तरजीह दी गयी है। भाजपा की कोशिश यही है कि राज्यवार स्थानीय नेताओं का कद बढ़ाकर उनके अनुभवों का पूरा इस्तेमाल किया जाये और विपक्षी एकता की चुनौती को मजबूती से जवाब दिया जाये। भाजपा की नयी टीम में उन सभी समीकरणों को साधने की कोशिश दिख रही है, जो लगातार तीसरी बार उसकी जीत में मददगार हो सकते हैं। जेपी नड्डा की नयी टीम के विभिन्न पहलुओं को सामने ला रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा की नयी टीम तय हो गयी है। भाजपा ने अपने केंद्रीय पदाधिकारियों की इस सूची में आगामी चुनावों के मद्देनजर कई समीकरणों का ध्यान रखा है। नड्डा की नयी टीम में 38 नामों को शामिल किया गया है। सूची की घोषणा करने से पहले भाजपा अध्यक्ष पार्टी के राष्ट्रीय महासचिवों के साथ बैठक की। लगभग चार घंटे चली बैठक में आगामी लोकसभा चुनाव, एनडीए की बैठक, मतदाताओं तक पहुंचने की रणनीति और पांच राज्यों में चुनावी लड़ाई के मुद्दे पर चर्चा की गयी। इसमें संगठनात्मक विस्तार और चल रहे पार्टी कार्यक्रमों में तेजी लाने पर जोर दिया गया। बैठक में राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) बीएल संतोष, राष्ट्रीय संयुक्त संगठन सचिव वी सतीश और महासचिव अरुण सिंह, सुनील बंसल और अन्य शामिल थे। बैठक के बाद शनिवार को नयी टीम की घोषणा कर दी गयी। इसमें 13 राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, आठ राष्ट्रीय महामंत्री, एक राष्ट्रीय महामंत्री (संगठन), एक राष्ट्रीय सह-संगठन महामंत्री, एक कोषाध्यक्ष, एक सह-कोषाध्यक्ष और 13 राष्ट्रीय सचिव के नामों की घोषणा की गयी है।

### चुनावी राज्यों को अहमियत

भाजपा की नयी टीम में चुनावी राज्यों के नेताओं को अहमियत मिली है। मध्यप्रदेश से कैलाश विजयवर्गीय, सौदान सिंह और ओमप्रकाश धुर्वे को मौका मिला है। विदिशा के रहने वाले भाजपा के वरिष्ठ नेता सौदान सिंह को भी फिर से राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाया गया है। सौदान सिंह पहले भोपाल संभाग के संगठन महामंत्री रह चुके हैं। उनको राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री बनाकर छत्तीसगढ़ का प्रभार दिया गया था। उनके पास लंबे समय तक छत्तीसगढ़ की जिम्मेदारी रही। पिछली बार राष्ट्रीय टीम में उनको उपाध्यक्ष बनाया गया था। उनको उसी पद पर कायम रखा गया है। कहा जाता है कि वह नड्डा के भरोसेमंद नेताओं में हैं। आरएसएस से जुड़े होने के कारण उनका देश के कई राज्यों में संगठन के कार्यों का अनुभव है। मध्य प्रदेश के पूर्व विधायक ओमप्रकाश धुर्वे भी राष्ट्रीय सचिव पद पर बरकरार हैं। एक अन्य चुनावी राज्य राजस्थान से पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे, सुनील बंसल और डॉ अल्का गुर्जर को नयी टीम में शामिल किया गया है। पूर्व सीएम वसुंधरा राजे पहले से ही पार्टी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष थीं। उनके पद को बरकरार रखा गया है, जबकि अल्का गुर्जर को राष्ट्रीय सचिव और सुनील बंसल को राष्ट्रीय महामंत्री बनाया गया है। कहा जा रहा है कि डॉ अल्का को केंद्रीय राष्ट्रीय कार्यकारिणी में जगह देकर भाजपा ने राजस्थान के गुर्जर समाज को साधने का काम किया है, क्योंकि इसी साल राजस्थान में चुनाव होने और प्रदेश में गुर्जर समाज का बड़ा वोट बैंक हैं। वहीं सुनील बंसल पहले की तरह नड्डा की टीम में बरकरार हैं। भाजपा ने जिन 13 नेताओं को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाया गया है, उसमें से तीन चुनावी राज्य छत्तीसगढ़ से हैं। राज्य से पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह, सरोज पांडे और लता उसेंडी को मौका दिया गया है। दक्षिण के चुनावी राज्य तेलंगाना से आने वालीं डीके अरुणा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनायी गयी हैं। सांसद संजय बंदी को राष्ट्रीय महासचिव की जिम्मेदारी दी गयी है। संजय राज्य इकाई के अध्यक्ष रह चुके हैं। पूर्वोत्तर के राज्य मिजोरम में भी साल के अंत में चुनाव है। यहां से किसी नेता को नड्डा की टीम में जगह नहीं मिली है।



### उत्तर प्रदेश से इन्हें जगह मिली है

उत्तर प्रदेश में 80 लोकसभा सीटें आती हैं। यहां से तीन उपाध्यक्ष, दो महामंत्री और एक नेता को राष्ट्रीय सचिव बनाया गया है। वहीं पार्टी के कोषाध्यक्ष राजेश अग्रवाल भी उत्तर प्रदेश से ही आते हैं। सांसद रेखा वर्मा, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष लक्ष्मीकांत वाजपेयी और विधान परिषद सदस्य और अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के पूर्व कुलपति तारिक मंसूर को पार्टी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाया गया है। इस फैसले को पसमांदा मुसलमानों के प्रति पार्टी के जुड़ाव के प्रयास का हिस्सा माना जा रहा है। सांसद अरुण सिंह पहले की तरह राष्ट्रीय महासचिव बने रहेंगे। अरुण सिंह के साथ ही यूपी से आने वाले राधामोहन अग्रवाल को भी राष्ट्रीय महासचिव बनाया गया है। सांसद राधामोहन अग्रवाल गोरखपुर से विधायक रह चुके हैं, जहां से अब योगी आदित्यनाथ पार्टी के विधायक हैं।

### बिहार, बंगाल और महाराष्ट्र से किन्हें मिली टीम नड्डा में जगह

ये तीनों राज्य लोकसभा सीटों के लिहाज से यूपी के बाद सबसे बड़े राज्यों में शामिल हैं। तीनों राज्यों में 40 या उससे अधिक सीटें हैं। 40 लोकसभा सीट वाले बिहार से सिर्फ ऋतुराज सिन्हा को पार्टी का राष्ट्रीय सचिव बनाया गया है। पूर्व केंद्रीय मंत्री राधामोहन सिंह की नड्डा ने अपनी टीम से छुट्टी कर दी है। बंगाल से आने वाले अनुपम हाजरा को भी राष्ट्रीय सचिव बनाया गया है। बंगाल में कुल 42 लोकसभा सीटें हैं। 48 लोकसभा सीटों वाले महाराष्ट्र से वीनोद तावड़े राष्ट्रीय महासचिव बनाये गये हैं। वहीं, पूर्व केंद्रीय मंत्री गोपीनाथ मुंडे की बेटी और विधायक पंकजा मुंडे पार्टी की राष्ट्रीय सचिव होंगी। राष्ट्रीय सचिव बनायी गयीं विजया राहटकर भी महाराष्ट्र से आती हैं।

### नड्डा की नयी टीम में दो मुस्लिम चेहरे

पार्टी की नयी टीम में दो मुस्लिम चेहरों को जगह दी गयी है। इसमें एक नाम एमएलसी तारिक मंसूर का है। अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के कुलपति रहे प्रो तारिक मंसूर ने इसी साल अप्रैल में अपने पद से इस्तीफा दिया था। उन्होंने यह इस्तीफा एमएलसी बनने के बाद दिया था। मंसूर के बारे में कयास लगाये जा रहे थे कि उन्हें किसी आयोग का चेयरमैन या उत्तर प्रदेश सरकार में कोई मंत्री पद मिल सकता है। दूसरा चेहरा केरल से आने वाले अब्दुल्ला कुट्टी का है। कुट्टी पहले भी नड्डा की टीम का हिस्सा थे। उन्हें राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के रूप में बरकरार रखा गया है।

### पूर्व रक्षा मंत्री एके एंटनी के बेटे को भी मिली जगह

केरल से आने वाले युवा नेता अनिल एंटनी को राष्ट्रीय सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गयी है। भाजपा के स्थापना दिवस के अवसर पर पूर्व रक्षा मंत्री और कांग्रेस के दिग्गज नेता एके एंटनी के बेटे अनिल एंटनी भाजपा में शामिल हो गये थे।

### क्या है भाजपा की नयी टीम के पीछे संदेश

भाजपा की नयी टीम के पीछे चार संदेश छिपे हैं। इनमें यूपी में मिशन 80, चुनावी राज्यों को साधना, मुस्लिमों का साथ जरूरी और अच्छा प्रदर्शन नहीं करने वालों की छुट्टी शामिल है। इसके अलावा नड्डा ने 2024 के लिए भाजपा की रणनीति भी साफ कर दी है। नड्डा की नयी टीम में चुनावी राज्यों का विशेष ध्यान रखा गया है। भाजपा के लिए राजस्थान विधानसभा चुनाव काफी महत्वपूर्ण है और यह वह राज्य है, जहां पर वह कांग्रेस की अंदरूनी फूट का फायदा उठा सकती है और अपनी झोली में एक राज्य डाल सकती है। नड्डा ने अपनी नयी टीम में उत्तर प्रदेश के छह नेताओं को जगह दी है। इसके साथ ही उन्होंने राज्य में लोकसभा की सभी 80 सीटों को कवर करने का प्रयास किया है। इसके साथ ही भाजपा की टीम से प्रदर्शन नहीं करने वाले नेताओं की छुट्टी हुई है। सीटी रवि, राधा मोहन सिंह, दिलीप घोष, दिलीप सैकिया, सुनील देवधर, हरीश द्विवेदी, विनोद सोनकर और भारती सियाल को पद से मुक्त कर दिया गया है, जबकि तेलंगाना के बंदी संजय कुमार, राधा मोहन दास को महासचिव, अनिल एंटनी, सुरेंद्र नागर और और कामाख्या तासा को राष्ट्रीय सचिव और सरोज पांडे को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। कुल मिला कर भाजपा की नयी टीम में नये और अनुभवी चेहरों का संतुलित मिश्रण है। नड्डा की यह टीम 2024 के चुनावी भंवर में कैसा प्रदर्शन करती है, यह उन युवा चेहरों पर निर्भर करेगा, जिन्हें जिम्मेदारी दी गयी है।

# प्रतियोगिता परीक्षा में नकल करते पकड़े जाने पर जाना होगा जेल

**दस साल तक की सजा, एक करोड़ तक अर्थदंड भी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्य सरकार प्रतियोगिता परीक्षा में नकल की रोकथाम के लिए कड़ा कानून बना रही है। इसके जिसके तहत प्रश्नपत्र लीक करने में पकड़े जाने पर ना केवल दस साल तक की सजा होगी, बल्कि एक करोड़ तक का अर्थदंड भी भुगतना पड़ सकता है। इसके अलावा परीक्षाओं में नकल करने पर दोषी पाये जाने पर संबंधित विद्यार्थी को तीन वर्ष तक की सजा और एक लाख रुपये का अर्थदंड के साथ अगले दो साल तक परीक्षाओं में शामिल होने पर प्रतिबंध का प्रावधान किया जा रहा है।

झारखंड प्रतियोगी परीक्षा (भर्ती में अनुचित साधनों की रोकथाम व निवारण के उपाय) अधिनियम, 2023 के नाम से जाना जाने वाले इस बिल पर कैबिनेट की मंजूरी मिल चुकी है। इसे विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान ही सदन में पेश करने की तैयारी है। संसदीय कार्य मंत्री आलमगीर आलम ने परीक्षा माफिया पर अंकुश लगाने के लिए सरकार द्वारा उठाये जा रहे इस कदम की सराहना करते हुए कहा है कि झारखंड देश के लिए रोल मॉडल साबित होगा। प्रतियोगिता परीक्षा के दौरान नकल करते या प्रश्नपत्र लीक करते पकड़े जाने पर फौरन विद्यार्थी या नकल माफियाओं को जेल जाना पड़ेगा। न्यायालय के आदेश पर आगे की कार्रवाई होगी। इस धंधे में शामिल माफियाओं पर अंकुश लगाने के लिए सरकार यह कड़ा कानून ला रही है। वर्तमान समय में झारखंड एग्जाम कंडक्ट रूल 2001 प्रभावी है, जिसमें पेपर लीक और परीक्षाओं में नकल के लिए अधिकतम छह महीने की सजा और 3000 रुपये तक का जुर्माना निर्धारित है। इसमें बदलाव करते हुए हेमंत सरकार नये सिरे से कानून बनाने जा रही है। विधानसभा से पास होने के बाद इस बिल को राजभवन भेजा जायेगा, जहां से राज्यपाल की सहमति मिलते ही यह कानून बन जायेगा।

# झारखंड में खुलेगा अजीम प्रेमजी का तीसरा विवि

**इटकी में 99 साल की लीज पर मिली जमीन, 146 एकड़ में 14 सौ करोड़ रुपये खर्च कर होगा निर्माण**

**पहला विवि बेंगलुरु में 110 एकड़ में बना है, दूसरा विवि भोपाल में खोला है**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची विप्रो की सीएसआर इकाई अजमी प्रेमजी फाउंडेशन झारखंड में अपनी तीसरी यूनिवर्सिटी खोलने को तैयार है। इसके लिए फाउंडेशन लगभग 14 सौ रुपये खर्च करने वाली है। राज्य सरकार ने इसके लिए फाउंडेशन को इटकी स्थित ट्यूबरक्लोसिस सेनेटोरियम की जमीन उपलब्ध करायी है। फाउंडेशन की ओर से इस जमीन की 80 फीसदी राशि सरकार को दी जा चुकी है।



### राज्यपाल की मिली अनुमति

राज्यपाल से इसकी अनुमति बाकि थी। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने ट्यूबरक्लोसिस सेनेटोरियम (रेगुलेशन ऑफ बिल्डिंग) संशोधन अधिनियम-2023 की स्वीकृति प्रदान कर दी है। राज्यपाल की स्वीकृति के बाद विधि विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है। इसके साथ ही इटकी ट्यूबरक्लोसिस सेनेटोरियम (रेगुलेशन ऑफ बिल्डिंग) अधिनियम-1951 (यथा अंगीकृत) को निरस्त कर दिया गया है। अब निर्माण कार्य का रास्ता साफ हो गया है। यहां मेडिकल कॉलेज और यूनिवर्सिटी बनायी जायेगी।

### 99 साल की लीज पर मिली है जमीन

इटकी सेनेटोरियम में लगभग 300 एकड़ जमीन है। यह जमीन स्वास्थ्य विभाग की है। अजीम प्रेमजी फाउंडेशन को इसमें से लगभग 146 एकड़ जमीन उपलब्ध कराने के प्रस्ताव पर पहले ही मंजूरी दे गयी थी। यहां जो जमीन अजीम प्रेमजी यूनिवर्सिटी को दी गयी है वह 99 साल की लीज पर दी गयी है। आ रही जानकारी के अनुसार इस विवि को खोलने के लिए लगभग 1400 करोड़ रुपये खर्च किये जायेंगे। मेडिकल कॉलेज, यूनिवर्सिटी के अतिरिक्त अजीम प्रेमजी फाउंडेशन ने झारखंड में आइटी पार्क स्थापित करने का भी विचार किया है। इसके लिए लगभग तीन हजार करोड़ रुपये निवेश करने की संभावना है।

अजीम प्रेमजी फाउंडेशन का झारखंड में तीसरा विवि होगा। सबसे पहले अजीम प्रेमजी फाउंडेशन ने साल 2010 में पहला विवि बेंगलुरु में 110 एकड़ में खोला है। दूसरा विवि भोपाल में खोला है। तीसरा विवि रांची में बना रहा है। वहीं चौथा विवि पूर्वोत्तर में स्थापित करेगा। विप्रो के संस्थापक अजीम प्रेमजी ने पिछले दिनों वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से बात की थी।

# मुहर्रम में 16 जिलों में प्रतिनियुक्त पुलिसकर्मियों को देवघर मेला ड्यूटी में वापस बुलाया गया



**रांची (आजाद सिपाही)।** देवघर में चल रहे श्रावणी मेले में सोमवारी भीड़ को देखते हुए सुरक्षा के व्यापक बंदोबस्त किये हैं। भीड़ नियंत्रण के लिए विभिन्न जिलों में मुहर्रम ड्यूटी के लिए भेजे गये 1615 पुलिसकर्मी को मेला ड्यूटी के लिए वापस बुलाया गया है। मुहर्रम में विधि व्यवस्था को लेकर देवघर श्रावणी मेला ड्यूटी में प्रतिनियुक्त पुलिसकर्मी की 16 जिलों में तैनाती की गयी थी। इनमें हजारीबाग, जमशेदपुर, खुंटी, गढ़वा, गिरिडीह, लोहरदगा, सरायकेला, पलामू, लातेहार, पाकुड़, रामगढ़, धनबाद, कोडरमा, चाईबासा, सिमडेगा और गुमला में 1615 लाठीबल की 28 जुलाई से तैनाती की गयी थी। देवघर एसपी ने इन जिलों के एसएसपी और एसपी को पत्र भेजकर रविवार अपराह्न तक वापस भेजने का आग्रह किया है। पत्र में उन्होने लिखा है, सोमवार को श्रद्धालुओं की काफी भीड़ होती है। जिलों में प्रतिनियुक्त बलों की रविवार अपराह्न तक वापस करने की कृपा की जाये। ताकि बाबा मंदिर में श्रद्धालुओं को सुलभ जलार्पण कराया जा सके।

# दो अधिकारियों पर होगी विभागीय कार्रवाई

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड प्रशासनिक सेवा के अधिकारी और अंचल अधिकारी चक्रधरपुर बाल किशोर महतो के खिलाफ विभागीय कार्रवाई होगी। राज्य सरकार ने उनके खिलाफ लगे आरोपों की जांच के लिए सेवानिवृत आइएएस अधिकारी अरविंद कुमार को जांच संचालन पदाधिकारी के पद पर नियुक्त किया है। उनके खिलाफ अवैध तरीके से नामांतरण करने एवं भूमि सुधार न्यायालय, चक्रधरपुर द्वारा पारित आदेश का अनुपालन नहीं करने का आरोप है। पूरे मामले पर चाइबासा के डीसी ने सात फरवरी 2023 को प्रपत्र क गठित कर कार्रवाई की अनुशंसा की थी, जिसके बाद इसकी जांच की गयी प्रथम द्रष्टया आरोप प्रमाणित पाया गया। अब सरकार ने विभागीय कार्रवाई का निर्णय लिया है। पदाधिकारी को 15 दिनों में जवाब देने को कहा गया है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW


वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 30.2 °c | 22.4 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | 18.33 बजे | |
| सूर्योदय (कल) : | 05.19 बजे | |



### आइएनडीआइए के घटक दलों की रांची में बैठक, कहा

# मणिपुर की घटना पर केंद्र की चुप्पी नहीं करेंगे बर्दाश्त




## मणिपुर की घटना बर्दाश्त के काबिल नहीं : विनोद पांडेय

जेएमएम के केंद्रीय महासचिव विनोद पांडेय ने कहा कि मणिपुर को लेकर हमलोग विरोध प्रदर्शन करने जा रहे हैं। रांची में राजभवन के समक्ष सभी दल के लोग बैठेंगे और धरना-प्रदर्शन के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन भी देंगे। केंद्र को इस बात से अवगत करायेंगे कि मणिपुर में घटी घटना को लेकर केवल इंडिया घटक दल हीं नहीं बल्कि पूरा देश मर्माहत एवं चिंतित है। इस घटना को लेकर केंद्र संज्ञान लें। मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लगायें। वहीं झारखंड मुक्ति मोर्चा के सांसद विजय हांसदा ने कहा कि लोकसभा में हमें बोलने नहीं दिया जा रहा है, इसलिए अब हम जनता के साथ सड़क पर उतर केंद्र सरकार के खिलाफ संघर्ष करेंगे।

**एक अगस्त को समाहरणालय से राजभवन तक किया जायेगा प्रदर्शन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची** झारखंड में आइएनडीआइए के सभी घटक दलों ने निर्णय लिया है कि मणिपुर की घटना और वहां की स्थिति को लेकर केंद्र सरकार का जो रवैया है। जिस तरह से केंद्र ने चुप्पी साध रखी है, उसे किसी भी कीमत में बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। आइएनडीआइए के सभी घटक दल इसका पुरजोर विरोध करेंगे। यह विरोध केवल राजधानी में नहीं बल्कि पूरे राज्य के जिला मुख्यालय में होगा। एक अगस्त को आइएनडीआइए के सभी घटक दल राज्य के सभी जिले के समाहरणालय से लेकर राजभवन तक विरोध दर्ज करेंगे। धरना देंगे और राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपेंगे। यह निर्णय रविवार को कांग्रेस भवन में आइएनडीआइए के सभी घटक दलों की बैठक में लिया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने की। वहीं कांग्रेस विधायक दल के नेता आलमगीर आलम मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### जल रहे मणिपुर पर पीएम रहे चुप

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि मणिपुर तीन मई से जातीय हिंसा की आग में जल रहा है। बावजूद इसके हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्र सरकार मूकदर्शक बनी रही। अब तक मणिपुर में चल रही जातीय हिंसा को रोकने में पूर्णतः नाकाम रही है। मणिपुर में भीड़ द्वारा महिलाओं को नंगा कर उनके शरीर के साथ दुर्व्यवहार करने का शर्मनाक वीडियो के वायरल होने के बाद हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने प्रधानमंत्री की चुप्पी पर सवाल उठाया, तो संसद भवन में उनके माइक को बंद कर दिया गया। केंद्र सरकार लोकतंत्र का माखौल उड़ा रही है। उन्होंने कहा कि आइएनडीआइए के घटक दल के सांसद चाहते हैं कि सदन में नियम 267 के द्वारा चर्चा हो। इस चर्चा में मणिपुर की सच्चाई निकलकर सामने आये, लेकिन सत्ता पक्ष सरकार यह चाहती है कि चर्चा मात्र औपचारिकता के लिए हो। कांग्रेस एवं विपक्षी दलों को विशेष चर्चा से कम मंजूर नहीं है।

### भाजपा ने मणिपुर में दो समुदाय को लड़ाया

कांग्रेस विधायक दल के नेता आलमगीर आलम ने कहा कि जिस तरह से मणिपुर जल रहा था और वहां की सरकार मूक दर्शक बनकर देख रही थी, यह किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। वहां के दो समुदाय के लोगों को आपस में लड़ाने का काम भाजपा ने किया है। भाजपा की नीति एवं सिद्धांत को पूरा देश जान चुका है। कुछ दिन पहले जो वीडियो वायरल हुआ, उस वायरल वीडियो ने दुनिया के सामने देश को शर्मशार कर दिया। देश की जनता भाजपा सरकार को कभी माफ नहीं करेगी।

### मणिपुर की सरकार को बर्खास्त कर राष्ट्रपति शासन लगे

जदयू के प्रदेश अध्यक्ष व राज्यसभा सांसद खीरू महतो ने कहा कि मणिपुर की घटना को लेकर हमलोग चिंतित हैं। आगामी 01 अगस्त को पूरे राज्य के सभी जिलों में एवं राजभवन के समक्ष धरना देने जा रहे हैं, जिसको लेकर मैं अपने संगठन के सभी जिलाध्यक्षों एवं प्रदेश के सभी पदाधिकारियों को यह संदेश दे दिया है कि इस धरना में ज्यादा से ज्यादा संख्या में शामिल हों। इस धरना के माध्यम से केंद्र सरकार को आगह करना चाहते हैं कि जितना जल्द हो सके मणिपुर की सरकार को बर्खास्त कर राष्ट्रपति शासन लगाया जाये।

### मणिपुर की जनता की रक्षा करने में केंद्र असमर्थ

वामदलों के नेताओं ने बैठक में कहा कि मणिपुर की घटना से हमलोगों सभी मर्माहत हैं। केंद्र सरकार एवं मणिपुर की राज्य सरकार मणिपुर की जनता की रक्षा करने में असमर्थ रही है। मणिपुर की सरकार मूक दर्शक बनी रही और मणिपुर जलता रहा। हम सभी घटक दल केंद्र सरकार से मांग करते हैं कि मणिपुर की सरकार को बर्खास्त कर राष्ट्रपति शासन लगाया जाये।

### बैठक में इनकी रही उपस्थिति

प्रदेश कांग्रेस कमिटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की, शहजादा अनवर, झामुमो से विजय हांसदा, जदयू से खीरू महतो, फागू बेसरा, विनोद पांडेय, राजद से राजेश यादव, रंजन कुमार, अरशद अंसारी, आप से सौरभ श्रीवास्तव, एमसीसी से सुशांद मुखर्जी, जदयू से श्रवण कुमार, सीपीआइएम से प्रफुल्ल लिंडा, सुखनाथ लोहरा, सीपीआइ से धर्मवीर सिंह, तृणमूल कांग्रेस से संजय कुमार पांडेय, सीपीआइ एमएल से विनोद लकड़ा, जनार्दन प्रसाद, मनोज भोक्ता, आप के संतोष कुमार रजक, डॉ अविनाश नारायण, प्रितम कुमार मिश्रा आदि शामिल थे।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

**मेष** नौकरी-व्यापार की स्थिति में कुछ उलझनों का सामना होगा, आवश्यक कार्य में सफलता।

**वृष** प्रॉपर्टी खरीदने का संयोग बनेगा, किसी खास व्यक्ति के सहयोग से महत्वपूर्ण काम बनेगा।

**मिथुन** कर्मक्षेत्र में संतोषजनक वातावरण, बकाये रकम की प्राप्ति होगी, वस्त्र-आभूषण की प्राप्ति होगी

**कर्क** नौकरी में स्थानातंरण-पदोन्नति होने का संयोग बन सकता है, गृह-भूमि का सुख मिलेगा।

**सिंह** रोजी-रोजगार में सफलता, रुका हुआ काम पूरा होगा, शुभ समाचारों की प्राप्ति होगी।

**कन्या** महत्वपूर्ण कार्य पूरा होगा, आर्थिक लाभ, घर-गृहस्थी में सुख-शांति का वातावरण रहेगा।

**तुला** परिवार में संतान के विवाहादि शुभ मांगलिक कार्य संपन्न होगा. स्वजन-मित्रों का सहयोग मिलेगा।

**वृश्चिक** जमीन-जायदाद संबंधी काम बनेगा, संतान पक्ष से सुखद समाचार की प्राप्ति होगी।

**धनु** शिक्षा संबंधी कार्य सफल होगा, महत्वपूर्ण समाचारों की प्राप्ति होगी, विरोधियों पर विजय।

**मकर** आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी, रोग-ऋण-शत्रुबाधा से छुटकारा, परिवार में सुख-शांति का वातावरण बनेगा।

**कुंभ** इष्ट-मित्रों-स्वजनों से मार्मिक पीड़ा, परिश्रम-प्रयत्न से आवश्यक काम पूरा होगा।

**मीन** सम्मान-स्वाभिमान की रक्षा होगी, श्रेष्ठजनों के सहयोग से रोजी-रोजगार में उन्नति होगी।

# झारखंड में मंत्रियों-विधायकों का बढ़ सकता है वेतन-भत्ता

**60 हजार तक हो सकती है सैलेरी, अंतिम बार 2015 में हुई थी बढ़ोत्तरी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची झारखंड के विधायक और मंत्रियों के वेतन में बढ़ोत्तरी हो सकती है। इसकी पूरी संभावना जतायी जा रही है। विधानसभा सूत्रों के मुताबिक इसी मॉनसून सत्र में वेतन बढ़ोत्तरी से संबंधित प्रस्ताव सदन में लाया जा सकता है। गौरतलब हो कि झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के दौरान वेतन वृद्धि की बात हुई थी। उस समय भाजपा विधायक भानू प्रताप शाही ने दिल्ली की तर्ज पर वेतन बढ़ाने की बात कही थी। तब सरकार की ओर से इस विषय पर स्पष्ट उत्तर नहीं आया था। राज्य में अंतिम बार वेतन में वृद्धि साल 2015 में रघुवर दास सरकार में हुई थी।

### सहमति मिलते ही इतना होगा वेतन

मॉनसून सत्र में अगर इस प्रस्ताव पर सहमति बन जाती है तो विधायकों का वेतन 60 हजार रुपये तक हो सकता है। दरअसल बजट सत्र के दौरान वेतन वृद्धि की बात के बाद सदन ने भाजपा के वरिष्ठ विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी की अध्यक्षता में एक समिति बनायी थी। इस समिति को वेतन वृद्धि से संबंधित रिपोर्ट तैयार करने को कहा गया था। बताया जा रहा है कि इस कमिटी ने अपनी रिपोर्ट सौंप दी है।

### क्या है समिति की अनुशंसा

भाजपा के वरिष्ठ विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी की अध्यक्षता में बनी विधानसभा की समिति की ओर से मंत्रियों और विधायकों के वेतन वृद्धि से संबंधित जो प्रस्ताव तैयार किया गया है, उसके अनुसार विधायकों का वेतन 40 हजार से बढ़ाकर 55 से 60 हजार रुपये प्रतिमाह करने की अनुशंसा की गयी है। बताया जा रहा है कि इस प्रस्ताव को अब चलते मानसून सत्र में लाने की तैयारी की जा रही है।

### बजट सत्र में महंगाई का दिया था हवाला

विधायक और मंत्रियों के वेतन में वृद्धि की बात बजट सत्र के दौरान हुई थी। वेतन बढ़ोत्तरी की बात भाजपा विधायक भानू प्रताप शाही ने की थी। उन्होंने कहा था कि दिल्ली की तरह झारखंड में भी विधायकों का वेतन बढ़ाया जाना चाहिए। उन्होंने महंगाई बढ़ने के कारण समय की मांग को आधार पर बनाकर विधायकों का वेतन बढ़ाने की मांग की थी। उनकी इस मांग पर पक्ष और विपक्ष के सदस्य सहमत दिखे थे।

### अभी इतना मिलता है वेतन

पिछली बार वेतन में बढ़ोत्तरी रघुवर दास सरकार में साल 2015 में हुई थी। तब मुख्यमंत्री की बेसिक सैलरी 70 हजार से बढ़ाकर 80 हजार रुपये और विधायकों का मूल वेतन 30 हजार से बढ़ाकर 40 हजार रुपये किया गया था। विपक्ष के नेता का बेसिक वेतन 50 हजार प्रतिमाह से बढ़ाकर 65 हजार कर दिया गया था व विस अध्यक्ष का मूल वेतन 55 हजार से बढ़ाकर 78 हजार रुपये किया गया था। मुख्य सचेतक का वेतन 2017 में बढ़ोतरी के बाद 55 हजार किया गया। इसी तरह उप मुख्य सचेतक को 50 हजार और सचेतक को 45 हजार रुपये वेतन दिया जाता है। विधायकों की सैलेरी 40 हजार हुई थी।

# बोकारो में लव जिहाद का मामला सामने आया

## शादी के बाद महिला पर धर्म परिवर्तन का दबाव

**इनकार करने पर होती है पिटाई, मामला दर्ज**

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** झारखंड के बोकारो जिले में लव जिहाद का मामला सामने आया है। जहां एक मुस्लिम समाज के युवक ने हिंदू युवती से प्रेम विवाह किया। दोनों का विवाह हिंदू रीति रिवाज से हुआ। लेकिन शादी के बाद युवक महिला पर धर्म बदलने का दबाव डालने लगा। महिला ने युवक के खिलाफ शारीरिक शोषण, मारपीट और जबरन धर्मांतरण कराने का मामला दर्ज कराया है। मामला बोकारो जिले के हरला थाना का है। आरोपी का नाम शमशाद है। महिला ने महिला थाना में शमशाद के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

महिला ने दर्ज प्राथमिकी में अपनी आपबीती सुनायी है। महिला ने बताया कि वर्ष 2016 में शमशाद अली से उसकी मुलाकात फल आदि खरीदने के दौरान हुई। जान पहचान धीरे-धीरे प्यार में बदली। जिसके बाद दोनों ने शादी करने का फैसला किया। 16 दिसंबर 2016 को सेक्टर वन स्थित राम मंदिर में शमशाद ने महिला से हिंदू रीति रिवाज से विवाह कर लिया।

महिला का आरोप है कि शमशाद उसे प्रतिबंधित मांस खिलाना चाहता है। इसके साथ ही जबरन धर्म बदलवाना चाहता है। शमशाद ने उसे अपने घर वाले और अन्य लोगों के साथ शारीरिक संबंध बनाने को भी मजबूर करता है। जब वह विरोध करती है तो उसके साथ मारपीट करता है। महिला ने बताया कि वर्ष 2019 में उन दोनों का एक बेटा भी हुआ है।

वहीं, मामले की जांच कर रही महिला थाना की एएसआइ सीता गगरई ने बताया कि झांसा देकर शारीरिक शोषण करने, जबरन धर्मांतरण कराने और मारपीट कराने का आरोप लगाया है। मामले की छानबीन की जा रही है।

# प्रकृति, संस्कृति, राष्ट्रभक्ति और सामाजिक बदलाव पर केंद्रित रहा 'मन की बात' का 103वां एपिसोड: बाबूलाल मरांडी

**देशवासियों के लिए प्रेरक है यह कार्यक्रम**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात संबोधन का 103वां संस्करण रविवार को संपन्न हुआ। प्रदेश भाजपा के द्वारा राज्य के 29 हजार बूथ सहित 5800 शक्ति केंद्र पर उपस्थित होकर हजारों कार्यकर्ताओं एवं आम जनता ने मन की बात को सुना। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी अपने देवघर प्रवास के क्रम में देवघर विधानसभा क्षेत्र के आम गाछी शक्ति केंद्र स्थित मलहारा



बूथ संख्या 347 पर मन की बात को सुना। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास रांची के धुर्वा में, केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा रांची स्थित आवास में और संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह हरमू के बूथ में शामिल हुए। इसके अलावा प्रदेश महामंत्री एवं सांसद आदित्य साहू, डॉ प्रदीप वर्मा, बालमुकुंद सहाय सहित सभी प्रदेश पदाधिकारी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, जिला अध्यक्ष, जिला प्रभारी, सांसद विधायक अपने-अपने क्षेत्र के बूथ पर कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर बोलते हुए प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम समस्त देशवासियों केलिए प्रेरक कार्यक्रम बन चुका है। जनता को पूरे महीने अगले एपिसोड के प्रसारण का बेसब्री से इंतजार रहता है। श्री मरांडी ने कहा कि 103वां एपिसोड देश की प्रकृति, संस्कृति, राष्ट्रभक्ति और बदलाव की गाथाओं से परिपूर्ण था। उन्होंने कहा कि सामूहिक प्रयासों, संवेदनशीलता एवं सर्वजन हिताय का संदेश युवाओं को प्रेरित करने वाला है। कहा कि इसमें परंपराओं और विरासत पर गर्व की गाथाएं हैं, वहीं नशामुक्ति अभियान की प्रेरणा है। अमृत महोत्सव मेरी माटी, मेरा देश का आह्वान है। कहा कि हज यात्रा पर अकेली गयीं महिलाओं का आत्म विश्वास देश की लाखों बहनों को बल प्रदान करेगा। श्री मरांडी ने प्रत्येक माह अंतिम रविवार को 11 बजे पूर्वाह्न प्रसारित होने वाले इस कार्यक्रम को सुनने का आग्रह किया।

# प्रधानमंत्री की बैठक में शामिल होंगे रघुवर दास

**31 जुलाई को लोकसभा चुनाव को लेकर बुलायी गयी है बैठक**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 31 जुलाई को लोकसभा चुनाव को लेकर झारखंड, बंगाल, ओड़िशा के लोकसभा-राज्यसभा के सभी सांसद और संगठन प्रभारियों की बैठक बुलायी है। बैठक में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास भी शामिल होंगे।

रघुवर दास रविवार को रांची से दिल्ली के लिए रवाना होंगे। 31 जुलाई की बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चुनावी रणनीति साझा करेंगे, जिस पर दिये गये टास्क पर सभी सांसद व पदाधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में जाकर काम करेंगे। लोकसभा चुनाव के पहले प्रधानमंत्री सभी प्रदेशों के सांसद-पदाधिकारियों से अलग-अलग दिन दिल्ली में बैठकें आयोजित कर रहे हैं।

## रघुवर दास को राजेंद्र प्रसाद ने दी बधाई



मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ने रविवार को पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास से शिष्टाचार मुलाकात की और उन्हें तीसरी बार भारतीय जनता पार्टी का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाये जाने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

# आइएनडीआइए की नजरों में झारखंड की बहन-बेटियों की इज्जत नहीं: प्रदीप वर्मा

**जनता जवाब देने के लिए समय का कर रही इंतजार**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा के प्रदेश महामंत्री एवं मुख्यालय प्रभारी डॉ प्रदीप वर्मा ने आइएनडीआइए गठबंधन पर कड़ा प्रहार किया। डॉ वर्मा ने कहा कि सत्ता के लिए लालायित इस गठबंधन दलों की नजरों में झारखंड की बहन-बेटियों की इज्जत नहीं है। कहा कि कांग्रेस, झामुमो, राजद सहित गठबंधन में शामिल दलों को हजारों मील दूर मणिपुर की घटना दिखायी दे रही लेकिन राज्य में उनकी नजरों के सामने रोज घट रही बलात्कार, हत्या की घटनाएं नहीं दिखायी दे रहीं। उन्होंने कहा कि लगभग 5500 बहन-बेटियों की इज्जत पिछले साढ़े तीन वर्षों में लूटी गयी है जिसमें अधिकांश आदिवासी, दलित समाज की हैं। लेकिन सत्ताधारी गठबंधन को ये सब उद्वेलित नहीं करता। उनके लिए तो यह सामान्य घटना है और कोरोना इसके लिए जिम्मेवार है। वर्मा ने कहा रुबिका पहाड़िया को टुकड़ों में काटा जाना, अंकिता को पेट्रोल से



जलाया जाना, आदिवासी बेटी को दुष्कर्म के बाद पेड़ से लटका देना, चलती कार में गैंग रेप, ट्रेनिंग करने वाली प्रशिक्षुओं से दुष्कर्म जैसी घटनाएं इनके लिए सामान्य घटना है। कहा कि पिछले साढ़े तीन वर्षों में 72 महिलाओं को निर्वस्त्र कर घुमाने की घटनाएं सरकार के रिकॉर्ड में दर्ज हैं, लेकिन ये सब इन्हें सोचने के लिए बाध्य नहीं करतीं। कहा कि इनके गठबंधन की महिला कार्यकर्ता खुलकर इस सरकार में महिलाओं के साथ घटित हो रही दुर्व्यवहार की घटनाओं पर बोल रहीं लेकिन इनके आका मौन व्रत धारण किये बैठे हैं। वर्मा ने कहा कि जनता इस गठबंधन की सरकार से ऊब चुकी है। जनता सबक सिखाने के लिए केवल समय का इंतजार कर रही है।

# सीटेट पास आदिवासी-मूलवासी युवकों को शिक्षक नियुक्ति में अवसर दे हेमंत सरकार : किसलय तिवारी

**स्थानीय एवं नियोजन नीति स्पष्ट करे राज्य सरकार**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष किसलय तिवारी ने भाजपा प्रदेश मुख्यालय में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए राज्य में चल रहे हेमंत सोरेन सरकार को युवा विरोधी एवं रोजगार विरोधी सरकार की संज्ञा दी है। मुंगेरीलाल के हसीन सपने दिखाकर सत्ता में आने वाले हेमंत सोरेन सरकार को हर झारखंडी युवा भलीभांति पहचान चुका है। कहा कि भारतीय जनता युवा मोर्चा राज्य के नौजवानों की हर संघर्ष एवं लड़ाई में साथ देने के लिए कटिबद्ध है। चाहे नियोजन का




मामला हो या नियुक्ति नियमावली का मामला हो। हम नौजवान संघर्ष से पीछे नहीं हट सकते हैं।

कहा कि शिक्षक नियुक्ति के नाम पर एक बार पुनः हेमंत सरकार ने राज्य के युवाओं के बड़े तबके को नजर अंदाज करने का काम किया है। कहा कि हाल ही में शिक्षक नियुक्ति का राज्य सरकार ने विज्ञापन निकाला है। परंतु यह दुर्भाग्य है कि इसमें भी लगभग ढाई लाख प्रशिक्षित एवं सीटेट उत्तीर्ण झारखंडी युवा परीक्षा में शामिल होने से वंचित रह जायेंगे। 2016 के बाद झारखंड में टीइटी की परीक्षा नहीं हुई है। 7 वर्षों में लगभग ढाई लाख अभ्यर्थी बीएड एवं डीएलएड करने के बाद टेट का इंतजार कर रहे थे। इसमें झारखंड के आदिवासी-मूलवासी युवा अपनी मेधा के बल पर सीटेट उत्तीर्ण हो चुके हैं। वर्तमान में जो 26001 पदों पर शिक्षकों की नियुक्ति की प्रक्रिया का विज्ञापन निकाला गया है। इस विज्ञापन से स्पष्ट हो चुका है कि राज्य में टेट ना होने के कारण सीटेट उत्तीर्ण करने वाले मेधावी झारखंडी युवाओं को शिक्षक बनने से हेमंत सोरेन सरकार रोक रही है। जबकि एनसीटीइ के प्रावधान के अनुसार यह ढाई लाख झारखंड के बेरोजगार नौजवान शिक्षक बनने के योग्य हैं। मुख्यमंत्री अगर राज्य की युवाओं के साथ धोखा देने का प्रयास करेंगे तो भाजयुमो चुप नहीं बैठने वाला है। इनके खिलाफ हम आंदोलन को मजबूर होंगे। इस पत्रकार वार्ता में प्रदेश उपाध्यक्ष निशांत कुमार, सत्यदेव मुंडा, सूर्यप्रभात भी उपस्थित थे।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW



# भारतीय सब जूनियर के नेशनल कैंप के लिए 9 खिलाड़ियों का हुआ चयन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राउरकेला के बिरसा मुंडा अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में 21 अगस्त से भारतीय सब जूनियर पुरुष एवं महिला हॉकी टीम का नेशनल कैंप होने वाला है। हॉकी इंडिया द्वारा पहली बार आयोजित राष्ट्रीय शिविर के लिए झारखंड के 9 खिलाड़ियों का चयन हुआ है। इसमें पुरुष वर्ग के 3 और महिला वर्ग के 6 खिलाड़ी शामिल हैं। इस राष्ट्रीय कैंप में जिन खिलाड़ियों का चयन होगा, वो अंतरराष्ट्रीय हॉकी प्रतियोगिता में भाग लेंगे। हॉकी झारखंड के समस्त पदाधिकारियों ने सभी खिलाड़ियों को बधाई और शुभकामनाएं दी है।

### पुरुष वर्ग के चयनित खिलाड़ी

रोहित तिर्की
रोहित प्रधान
घुरन लोहरा

### महिला वर्ग की चयनित खिलाड़ी

स्वीटी डुंगडुंग
जमुना कुमारी
पार्वती टोपनो
रोशनी आइंद
रजनी केरकेट्टा
पुष्पा टोपनो।

# सुशांत मिश्रा का चयन मुंबई इंडियंस के यूके कैंप में

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** 140 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से गेंदबाजी करने वाले 21 वर्षीय सुशांत मिश्रा का चयन मुंबई इंडियंस के अनकैप्ड (इंडिया) प्लेयर - यूके कैंप के लिए किया गया है। सुशांत और रॉबिन मिंज रांची से 1 अगस्त को मुंबई जायेंगे और वहां से अपने टीम के साथ 2 अगस्त को यूके के लिए प्रस्थान करेंगे। सुशांत मूल रूप से दरभंगा जिले के रहने वाले हैं, लेकिन वे परिवार के साथ रांची में रहते हैं। हरमू यूथ क्रिकेट क्लब से खेलने वाले बायें हाथ से तेज गेंदबाज और बायें हाथ के बल्लेबाज सुशांत मिश्रा को सन राइजर्स हैदराबाद से बेस प्राइस 20 लाख पर जोड़ा था। सुशांत के पिता समीर मिश्रा ने बताया कि सुशांत को बचपन से ही क्रिकेट में काफी रुचि रही। 11 साल की उम्र से ही क्रिकेट खेलना शुरू किया। तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को रोल मॉडल मानने वाले सुशांत खुद तेज रफ्तार के साथ इन स्विंग बॉलिंग करते हैं। रांची के रहने वाले 21 वर्षीय सुशांत मिश्रा ने अंडर-19 वर्ल्ड कप में भारत कि ओर से शानदार प्रदर्शन कर सुर्खियां बटोरी थीं। वर्तमान में सुशांत रांची रेलवे में कार्यरत हैं। सुशांत के पापा समीर मिश्रा और मां ममता मिश्रा समेत जेएसएसीए प्रेसिडेंट संजय सहाय, सचिव देवाशीष चक्रवर्ती, आरडीसीए सचिव शैलेंद्र कुमार, जेएसएसीए के आजीवन सदस्य और हरमू यूथ क्रिकेट क्लब के सचिव संजय पांडे, संरक्षक विनय सिंह, बबलू पांडेय, राजीव सिंह, अर्चित आनंद और अमरेंद्र सिंह ने ढेरों शुभकामनाएं दी।

# सीआइडी ने पुलिस को 316 अपराधियों की लिस्ट सौंपी

## 85 अपराधियों को शातिर अपराधी की श्रेणी में रखा गया है

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** अपराध अनुसंधान विभाग (सीआइडी) ने रांची पुलिस को 316 अपराधियों की लिस्ट सौंपी हैं। इस लिस्ट में हत्या, चोरी, डकैती, छिनतई, रेप, पॉकेटमारी और ठगी करने वाले अपराधी भी शामिल हैं।

316 अपराधियों में से 85 अपराधियों को शातिर अपराधी की श्रेणी में रखा गया है। जिनपर 10 या उससे अधिक केस दर्ज हैं। जो शातिर अपराधी जेल से बाहर हैं, उन पर थाना में हाजिरी और जिला बदर की कार्रवाई होगी

### स्पीडी ट्रायल के माध्यम से पुलिस दिलायेगी सजा

रांची पुलिस ने शहर के 11 गैंग के 104 अपराधियों की अलग से सूची तैयार की है। इस सूची में अमन साव, अमन श्रीवास्तव, सुजीत सिन्हा, लामा गैंग, रोहित मुंडा गैंग आदि शामिल हैं। इस गैंग में शामिल जेल में बंद अपराधियों को स्पीडी ट्रायल के माध्यम से पुलिस सजा दिलायेगी।

### जेल में बंद अपराधी से मुलाकात करने वालों पर पुलिस की पैनी नजर

जेल में बंद अपराधी और उनसे मुलाकात करने वालों पर रांची पुलिस की पैनी नजर है। इसको लेकर एसएसपी किशोर कौशल के निर्देश पर दो जेल नोडल अधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गयी है। प्रतिनियुक्त किये गये नोडल पदाधिकारी जेल में बंद अपराधियों की गतिविधि की जानकारी जुटा कर अपने वरीय पदाधिकारी को देंगे। इसके अलावा नोडल पदाधिकारी जिला पुलिस की ओर से संपूर्ण जेल की बाहरी सुरक्षा के प्रभार में रहेंगे। कैदियों को जेल से कोर्ट तक ले जाने और आने के दौरान निर्धारित मानदंडों के अनुपालन में किसी भी प्रकार की त्रुटि पाये जाने पर उसका निराकरण करते हुए अपने वरीय पदाधिकारी को रिपोर्ट सौंपेंगे।

# बढ़ते अपराध के खिलाफ भाजमो ने दिया धरना

## सुभाष मुंडा हत्याकांड की जांच सीबीआइ से कराने की मांग

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** भारतीय जनतंत्र मोर्चा द्वारा आयोजित राज्य में बढ़ते अपराध के खिलाफ रविवार को पूर्वाह्न 11 बजे से लेकर अपराह्न 02 बजे तक एक दिवसीय धरना का आयोजन किया गया।

राजभवन रांची के समीप आयोजित धरना का नेतृत्व पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी ने किया। धरना का विषय बढ़ता अपराध, जलता झारखंड था। बारिश के बावजूद धरना में पार्टी उपाध्यक्ष विरेंद्र सिंह, महासचिव आशीष शीतल मुंडा, सचिव मनोज कुमार, अविनाश कुमार, अशोक ठाकुर समेत सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे। धरने के बाद राजभवन में पार्टी के तरफ से निम्नलिखित मांग पत्र सौंपा गया। इसमें मांग की गयी कि सुभाष मुंडा हत्याकांड में रांची के एसएसपी पर कार्रवाई हो। सुभाष मुंडा हत्याकांड की जांच सीबीआइ से करायी जाये। सरकार अपराध पर अंकुश लगाने की दिशा में काम करे।

# नशे की गोली और सिरप बेचने वाला गिरफ्तार

## स्कूटी से घूम-घूमकर अवैध तरीके से युवकों को बेचता था

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** गुप्त सूचना पर अरगोड़ा थाना की पुलिस ने अवैध तरीके से नशे के लिए सिरप और टेबलेट बेचने के आरोप में मो तबारक (36 वर्ष) को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तबारक को अरगोड़ा थाना पुलिस ने शनिवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। वह हिंदपीढ़ी थाना क्षेत्र के लाहकोठी, तंजीम नगर का रहने वाला है। पुलिस ने उसके पास से कोरेक्स सिरप के 33 बोतल और 150 पीस टेबलेट बरामद किया है। बताया जाता है कि हटिया डीएसपी राजा कुमार मित्रा को गुप्त सूचना मिला थी कि तबारक नामक व्यक्ति इमली चौक के इलाके में स्कूटी से घूमकर युवकों को सिरप व टेबलेट बेचता है। इसी सूचना पर हटिया डीएसपी के नेतृत्व में अरगोड़ा पुलिस ने छापेमारी कर आरोपी को गिरफ्तार किया और उसके पास से कोरेक्स सिरप सहित कई नशे का समान बरामद किया। स्कूटी भी जब्त किया गया है।

# एसपी रैंक के अधिकारियों की संख्या तो बढ़ी, फिर भी 28 पद खाली

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड में एसपी रैंक के अधिकारियों की संख्या बढ़ने के बाद भी एसपी स्तर के 28 पद खाली और प्रभार में हैं। बीते दिन 24 डीएसपी रैंक के अधिकारियों को एसपी रैंक में प्रोन्नति मिली। जिसके बाद झारखंड में एसपी रैंक के अधिकारियों की संख्या बढ़कर 100 हो गयी। जिनमें 17 ट्रेनिंग प्राप्त कर रहे हैं। आठ एएसपी के पद पर हैं और नौ केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर हैं। इसके अलावा 40 एसपी रैंक के अधिकारी विभिन्न जिलों में एसपी, वाहिनी समादेष्टा, सीआइडी और एसीबी में पदस्थापित हैं।

झारखंड में दो बैच के आठ आइपीएस में से चार को एसपी रैंक में प्रोन्नति मिल गयी। लेकिन इसी बैच के चार अन्य आइपीएस को अबतक एसपी रैंक में प्रोन्नति नहीं मिल पायी है। झारखंड कैडर के 2018 बैच के मुकेश लुनायत, के विजय शंकर, मनोज स्वर्गीयारी को सात अप्रैल 2022 को सरकार ने एसपी रैंक में प्रोन्नति दे दी। लेकिन इसी बैच के हरविंदर सिंह अभी तक बतौर एएसपी ही काम कर रहे हैं। इसी तरह 2019 बैच के शुभांशु जैन को सरकार ने एसपी रैंक में प्रोन्नति दे दी। लेकिन इसी बैच के ऋषभ गर्ग, सुमित कुमार अग्रवाल और कपिल चौधरी अभी तक एएसपी ही बने हुए हैं।

# झमाझम बारिश के साथ फिर सक्रिय हुआ मानसून

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड में एक बार फिर मानसून सक्रिय हो गया है। राजधानी रांची में शनिवार देर रात करीब दो घंटे तक जमकर बारिश हुई। मौसम विभाग ने कहा है कि दो अगस्त तक मानसून सक्रिय रहेगा। इस कारण सभी जिलों में बारिश होगी। इसको लेकर मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है।बंगाल की खाड़ी में एक साइक्लोनिक सकुर्लेशन बना हुआ है। इसका करीब पांच दिनों तक असर रह सकता है।

रांची समेत राज्य के अधिकांश हिस्से में रविवार सुबह से बादल घिरे हुए हैं। मौसम में उमस बनी हुई है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने रविवार को बताया कि रांची के अलावा गुमला, सिमडेगा आदि जिलों में भी अच्छी बारिश हो रही है। मानसून की सक्रियता से अगले तीन दिन तक बारिश जारी रहने का अनुमान है।

झारखंड में अभी औसत से 49 फीसदी कम बारिश हुई है। इसके कारण यहां धान की रोपनी भी प्रभावित हुई है। कृषि विभाग के आंकड़ों के अनुसार राज्य में अभी लक्ष्य से काफी कम मात्र 13 फीसदी ही धान की रोपनी हो सकी है। जानकारों के मुताबिक खेती के लिए बारिश अब तक 436 मिमी से ज्यादा होनी चाहिए थी। राज्य में कई जिले ऐसे हैं जहां अब तक रोपा नहीं हुआ है। इनमें खूंटी, गढ़वा, पलामू, लातेहार, सरायकेला, हजारीबाग, रामगढ़, चतरा, कोडरमा, गिरिडीह, धनबाद, बोकारो आदि जिले शामिल हैं।

# पारा शिक्षकों की हुई आकलन परीक्षा

## मारवाड़ी महिला कॉलेज और निर्मला कॉलेज में हुई परीक्षा

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** रांची 43,273 प्रशिक्षित सहायक अध्यापकों (पारा शिक्षक) की पहली आकलन परीक्षा संपन्न हो गयी। यह परीक्षा रांची के मारवाड़ी महिला कॉलेज और निर्मला कॉलेज में ली गयी। रांची के मारवाड़ी महिला कॉलेज में 1716 उम्मीदवार शामिल हुए। निर्मला कॉलेज में भी लगभग इतने की उम्मीदवार शामिल हुए। राजधानी रांची के दोनों केंद्र में परीक्षा शांतिपूर्ण खत्म हुई।

परीक्षा में पूछे गये प्रश्नों को लेकर उम्मीदवारों को कहना था कि पैसे बढ़ोत्तरी की राह आसान नहीं है। परीक्षा देकर निकल रहे क्लास एक से पांच तक के कई शिक्षकों ने गणित विषय के प्रश्नों को कठिन बताया है। वहीं क्लास छह से आठ के उम्मीदवारों को रिजनिंग में परेशानी हुई है।

पहली बार आकलन परीक्षा सुबह 10.30 बजे शुरू हुई। परीक्षा दोपहर एक बजे तक चली। इस परीक्षा में राज्य के 43,273 प्रशिक्षित सहायक अध्यापक (पारा शिक्षक) शामिल हो रहे हैं। आकलन परीक्षा में दो पेपर से सवाल पूछे गये। पहला पेपर क्लास एक से पांच और दूसरा पेपर क्लास छह से आठ के लिए होगा। इस परीक्षा के लिए पूरे राज्य में 81 केंद्र बनाये गये थे। आकलन परीक्षा में सबसे ज्यादा शिक्षकों की संख्या क्लास एक से पांच की है। पहली से पांचवीं के प्रशिक्षित 36,687 पारा शिक्षक हैं। जबकि विषय के शिक्षक के लिए छठी से आठवीं के 6586 पारा शिक्षक परीक्षा दिये। भाषा के लिए 733, विज्ञान के लिए 2539 और सामाजिक विज्ञान विषय के लिए 3314 पारा शिक्षक आकलन परीक्षा में शामिल हुए।

### ढाई घंटे की परीक्षा

आकलन परीक्षा ढाई घंटे की ली गयी। पहली से पांचवीं और छठी से आठवीं की अलग-अलग परीक्षा थी। पहली से पांचवीं की एक परीक्षा जबकि छठी से आठवीं में भाषा, विज्ञान-गणित और सामाजिक विज्ञान की अलग-अलग परीक्षा हुई। विज्ञान में गणित की परीक्षा और भाषा में अंग्रेजी की परीक्षा में अनिवार्य रूप से पारा शिक्षक शामिल हुए। बता दें कि उत्तीर्ण होने के बाद से ही 10 मानदेय का लाभ मिल सकेगा। जो पारा शिक्षक शामिल नहीं होंगे उनका एक अवसर समाप्त माना जायेगा।

# प्रदेश अध्यक्ष ने कांग्रेस पार्टी को सरकार का पिछलग्गू बना दिया : आलोक दुबे

## निलंबित नेता का हमला, बोले- पार्टी ने नहीं निभाया जन घोषणा में किया गया वादा

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व महासचिव और निलंबित नेता आलोक कुमार दुबे ने कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर पर निशाना साधते हुए कहा है कि सरकार के 4 वर्ष पूरे हो गये और प्रदेश अध्यक्ष को बताना चाहिए कि इन 4 वर्षों में पार्टी ने जन घोषणा पत्र में किये गये कितने वायदों को पूरा कराया है। आलोक कुमार दुबे ने रविवार को प्रदेश अध्यक्ष की अकर्मण्यता को लेकर पार्टी में बढ़ रहे असंतोष एवं अराजकता पर गहरी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा प्रदेश अध्यक्ष अपनी स्वार्थ सिद्धि के लिए, अपने रिश्तेदारों एवं चहेतों को अच्छी जगह ट्रांसफर, पोस्टिंग करवाने में व्यस्त हैं, तो दूसरी ओर आरपीएन सिंह के चहेतों को बोर्ड निगम और बॉडीगार्ड दिलाने में परेशान हैं। उन्होंने कहा पहले भी हम सरकार में रहे हैं, अगर कोई कमियां रहती थीं, तो हम सरकार तक अपनी बात पूरी कठोरता से उठाया करते थे, जो परंपरा अब लगभग समाप्त हो गयी है। जन घोषणा पत्र 2019 में हमने राज्य की जनता से 2 लाख रुपये तक किसानों की ऋण माफी का वादा किया था, 50 हजार तक ऋण माफी के कदम तो उठाये गये, लेकिन आज तक किसान 50 हजार रुपये कर्ज माफी के लिए भटक ही रहे हैं, 2 लाख कर्ज माफी की बात तो बहुत दूर है। युवाओं को रोजगार देने में भी हम स्थानीय और नियोजन नीति के बीच उलझे हुए हैं। ऐसा लगता है कि न्यायालय के आदेश के बिना इस राज्य में कुछ भी संभव नहीं है। बेरोजगारी भत्ता हमारे घोषणा पत्र का मुख्य एजेंडा था, जो दूर-दूर तक कहीं नजर नहीं आ रहा। शिक्षा के क्षेत्र में निजी विद्यालयों को बंद करने की साज़िश हो रही है। ओबीसी को 27% आरक्षण की बात बेईमानी साबित हो गयी है। यहां तक कि त्रिस्तरीय चुनाव में भी आरक्षण को लेकर चुनाव टाले जा चुके हैं। जिन विधायकों का निलंबन वापस हुआ है, यकीनन वह सही कदम है, लेकिन इसके लिए दोषी कौन है, इस पर भी चर्चा होनी चाहिए। प्रदेश अध्यक्ष ने विधायकों के खिलाफ स्वयं थाने में जाकर प्राथमिकी दर्ज करायी थी। नेता विधायक दल ने विधायकों की सदस्यता समाप्त करने के लिए स्पीकर के यहां शिकायत की थी। आज यही लोग उनके निलंबन वापसी का जश्न मना रहे हैं।

# नारी श्रद्धा और संहार की प्रतिमूर्ति हैः पंडित रामदेव

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** श्रीमद्देवीभागवत कथा पांचवें दिन पं रामदेव पांडेय ने कहा कि नारी का शोषण, दमन, उत्पीड़न सृष्टि के विकास के साथ ही होता आया है, जो शोषित, दमित और उत्पीड़ित होता है वह अपना रक्षण स्वयं करें, यह दुर्गा, चामुंडा, भद्रकाली आदि देवियों से सीखिए, नारी को पाने की इच्छा देवता, दानव और मनुष्य तीनों करते हैं, इसकी आवश्यकता भी है, यही नारी शक्ति है जिसकी उपासना शिव, विष्णु और ब्रह्मा भी करते हैं, वह त्रिगुणात्मक आदि शक्ति मणिद्वीप वासिनी है। जब सृष्टि सृजन की मूल नारी है तो मां कही जाती है। लक्ष्मी, सरस्वती जैसी और जब यह प्रतिकार करती है या तमस से आच्छादित होती है तो काली, चामुंडा की तरह । सनातन ग्रंथों में नारी की बड़ी महिमा है श्रद्धा, देवी है, जबकि भारत के पश्चिम देशों के ग्रंथों में नारी को खेत और फील्ड बताया है, हिंदुत्व में नारी क्षमा की प्रतिमूर्ति हैं तो दूसरे पंथों में नारी को पत्थर मारने और कोड़े बरसाने का आदेश सृष्टि कर्ता से है। हिंदुत्व में दस दिशाओं के देवी को दस महाविद्या और नौ ग्रहों की देवी को नव देवी और नवरात्रि से विभूषित किया है। श्रीमद्देवीभागवत, मार्कंडेय पुराण और दुर्गा सप्तशती कथानुसार सभी देवताओं ने अपनी-अपनी शक्ति दुर्गा जी को दिया और नारी शक्ति को सबल बनाकर स्वयं ही अपने संरक्षण करने का रास्ता दिखाया है, हर बेटी को आप अपने कला कौशल बुद्धि, ज्ञान, शस्त्र और शास्त्र बेटियों को दे, देवता बनिये, इसलिए बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ और धर्म, संस्कृति, विद्या, बुद्धि से निपुण बनाओ, नारी श्रद्धा और संहार की प्रतिमूर्ति हैं।

## झारखंड के लगभग 24 लाख किसान अब भी आस लगाये बैठे हैं सरकारी मदद की

# सूखे की चपेट में झारखंड पर पिछली राहत राशि अब तक बाकी : बंधु तिर्की

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** पूर्व मंत्री, झारखंड सरकार की समन्वय समिति के सदस्य और झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा है कि झारखंड के 24 लाख से अधिक किसानों को पिछले वर्ष घोषित सूखा राहत की राशि अबतक नहीं मिली है और यह गंभीर चिंता की बात है। जबकि इस वर्ष फिर से कम वर्षा के कारण झारखंड का अधिकांश हिस्सा सूखे की चपेट में है और अपने भविष्य के प्रति किसान बहुत अधिक व्याकुल एवं आशंकित हैं। श्री तिर्की ने कहा कि राज्य के कुल 33 लाख 62 हजार 823 से पिछले वर्ष सरकार की घोषणा के बाद राहत के लिए आवेदन किया था जिनमें से लगभग 10 लाख किसानों को ही राज्य सरकार ने साढ़े तीन हजार रुपये की सहायता राशि दी है और बाकी किसान मदद की आस लगाये बैठे हैं।

श्री तिर्की ने कहा कि राज्य सरकार के आंकड़ों के अनुसार आवेदन करनेवाले किसानों में 17 लाख 49 हजार 806 वैसे हैं जिन्होंने कम बारिश के कारण बुवाई ही नहीं की जबकि 10 लाख 259 किसानों ने फसल तो लगायी पर उनकी एक तिहाई फसल क्षतिग्रस्त हो गयी, जबकि 6 लाख 12 हजार 758 वैसे भूमिहीन कृषक मजदूर हैं जो इस आपदा से प्रभावित हुए। उन्होंने कहा कि झारखंड में पिछले वर्ष की तरह ही इस वर्ष भी बहुत कम वर्षा हुई है और सूखे के कारण फसलों की व्यापक क्षति अनुमान है। इसलिये सरकार को अविलंब किसानों की पुरानी बकाया राहत राशि का भुगतान कर इस साल किसानों को राहत पहुंचाने की योजना को अंतिम रूप देना चाहिए, और इसके लिए युद्ध स्तर पर तैयारी करनी चाहिए।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री बादल पत्रलेख से इस समस्या के गंभीरता एवं संवेदनशीलता से समाधान की अपील करते हुए कांग्रेस नेता ने कहा कि राज्य सरकार का यह दावा अपनी जगह पर सही हो सकता है कि उसे केंद्र सरकार की ओर से अभी तक सूखा राहत के नाम पर कोई सहायता राशि नहीं मिली है, जबकि केंद्रीय टीम ने प्रभावित जिलों का दौरा भी किया था और झारखंड सरकार को 9500 करोड़ रुपये की केंद्रीय मदद की आस है, लेकिन श्री तिर्की ने कहा कि यदि केंद्र से अभी तक सूखा राहत के नाम पर कोई सहायता राशि नहीं मिली है तो किसानों को विकट स्थिति से निकालने का कोई रास्ता राज्य सरकार को ही निकालना चाहिये क्योंकि यह उसकी नैतिक जिम्मेदारी है।

श्री तिर्की ने कहा कि पिछले साल झारखंड सरकार ने राज्य के पूर्वी सिंहभूम और सिमडेगा को छोड़कर प्रदेश के 22 जिलों के 226 प्रखंडों को सूखा प्रभावित घोषित किया गया था। इनमें से 7 जिलों में आंशिक सुखाड़ का असर देखा गया जिनमें रांची, बोकारो, रामगढ़, लोहरदगा, गुमला, पश्चिमी सिंहभूम और सरायकेला-खरसावां जिले शामिल हैं। जबकि, खूंटी, पलामू, गढ़वा, लातेहार, हजारीबाग, धनबाद, कोडरमा, गिरिडीह, जामताड़ा, देवघर, दुमका, पाकुड़, गोड्डा, साहिबगंज जिले में सूखे का सर्वाधिक असर देखा गया। श्री तिर्की ने कहा कि यह राज्य सरकार का स्वयं का आकलन है लेकिन इस स्थिति में भी 23-24 लाख किसानों को राहत राशि का न मिलना गंभीर चिंता की बात है जबकि पुनः फसल की बुवाई का समय आ गया है और किसान फिर से कम वर्षा के कारण सूखे की त्रासदी के प्रति आशंकित हैं।

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 31 जुलाई, 2023
www.azadsipahi.in



### महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की बाल संरक्षण, बाल सुरक्षा और बाल कल्याण पर क्षेत्रीय संगोष्ठी

# सरकार ने यह सुनिश्चित किया है कि बच्चों के अधिकारों की रक्षा की जाये : डॉ महेंद्रभाई

**जुबेनाइल जस्टिस एक्ट में संशोधन के बाद अब बच्चा गोद लेने की प्रक्रिया आसान हुई : प्रियंक काननूगो**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** भारत सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्रालय (एमओडब्ल्यूसीडी) ने 30 जुलाई, 2023 को रांची के सेंट्रल कोलफील्ड लिमिटेड के सभागार में बाल संरक्षण, बाल सुरक्षा और बाल कल्याण पर एक दिवसीय क्षेत्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया। इसमें हिस्सा लेने वाले चार राज्यों में पश्चिम बंगाल, बिहार, झारखंड एवं ओडिशा शामिल थे।

संगोष्ठी में बाल कल्याण समितियों (सीडब्ल्यूसी), किशोर न्याय बोर्ड (जेजेबी), ग्राम बाल संरक्षण समिति (वीसीपीसी) के सदस्यों और आंगनबाड़ी कार्यकताओं के 1200 से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया। यह कार्यक्रम बाल संरक्षण, बाल सुरक्षा और बाल कल्याण मुद्दों के बारे में जागरूकता और पहुंच बढ़ाने के लिए देश भर में आयोजित होने वाली क्षेत्रीय संगोष्ठियों की श्रृंखला का हिस्सा है। संगोष्ठी को महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री डॉ. मुंजपरा महेन्द्रभाई, राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) के अध्यक्ष श्री प्रियंक कानूनगो, महिला एवं बाल विकास विभाग के अपर सचिव श्री संजीव कुमार चड्ढा ने संबोधित किया। इस मौके पर झारखंड राज्य बाल संरक्षण आयोग की अध्यक्ष काजल यादव भी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में किशोर न्याय अधिनियम, नियमों में संशोधन पर ध्यान केन्द्रित किया



गया। गोद लेने की प्रक्रियाओं पर इसके प्रभाव को भावी दत्तक माता-पिता द्वारा साझा किए गए अनुभव में रेखांकित किया गया, जिन्हें सितंबर, 2022 में संशोधन के बाद त्वरित समाधान प्राप्त हुआ था।

संगोष्ठी को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री डॉ मुंजपरा महेंद्रभाई ने कहा कि किशोर न्याय (बच्चों की देखभाल और संरक्षण) अधिनियम, 2015 को 2021 में संशोधित किया गया था, जिसने देश भर में बाल संरक्षण प्रणालियों को मानकीकृत किया है। इस प्रकार, सरकार ने यह सुनिश्चित किया है कि बच्चों के अधिकारों की रक्षा की जाए और देश के हर कोने में बच्चों के कल्याण के लिए कदम उठाए जाएं। इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि मिशन वात्सल्य योजना के माध्यम से जुबेनाइल जस्टिस अधिनियम ने यह सुनिश्चित किया है कि राज्य स्तर पर एससीपीएस, एसएआरए, जिला स्तर पर जेजेबी, सीडब्ल्यूसी, डीसीपीयू और एसजेपीयू की वैधानिक संरचनाएं बाल संरक्षण और बाल कल्याण के लिए सुलभ हैं।

बाल अधिकार संरक्षण आयोग अधिनियम, 2005 ने यह सुनिश्चित किया है कि शिक्षा से लेकर मनोरंजन तक विभिन्न क्षेत्रों में बाल अधिकार बच्चों की गरिमा और उनके अधिकारों के सम्मान के उपायों का पालन करें।

राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) के अध्यक्ष प्रियांक कानूनगो ने कहा कि जुबेनाइल जस्टिस एक्ट में संशोधन के बाद अब बच्चा गोद लेने की प्रक्रिया आसान हुई है। कोर्ट-कचहरी के झंझट से मुक्त होकर अब जिलाधिकारी के माध्यम से ही बच्चा एडॉप्ट करने की प्रक्रिया की जा सकती है। वर्ष 2014 के बाद से अब तक बाल कल्याण के लिए कई महव्पूर्ण कार्य किए गए हैं। मिशन वात्सल्य और किशोर न्याय अधिनियम में बदलाव के कारण बाल संरक्षण कार्यकताओं का सम्मान बढ़ा है। उन्होंने कहा कि आज 30 जुलाई को हम मानव तस्करी के विरोध के दिन के रूप में मनाते हैं। बंगाल, बिहार, ओडिशा और झारखंड के कई जिले मानव तस्करी से ग्रस्त हैं। झारखंड के गुमला, पाकुड़, दुमका, खूंटी आदि जिले के काफी बच्चे हर रोज दिल्ली से रेस्क्यू किए जाते हैं। आज वक्त है कि जो प्लेसमेंट एजेंसियां बहला-फुसला कर मानव तस्करी करती हैं, उन पर नियंत्रण लगाया जाये।

## सुभाष मुंडा के हत्यारों की गिरफ्तारी के लिए कैंडल मार्च निकाला गया



**रांची (आजाद सिपाही)।** दिवंगत युवा नेता सुभाष मुंडा के हत्यारों को जल्द गिरफ्तारी के लिए शांति पूर्ण कैंडल मार्च निकाला गया। पुर्व व वर्तमान की ज्वलंत मुद्दों में आदिवासी अगुवा तथा नेताओं की हत्या करने करवाने से, सुरक्षा व्यवस्था कहीं न कहीं पुलिस प्रशासनिक व्यवस्था संदेह के घेरे में है। अपराधियों का सरकार कड़े फैसले लें। हम सभी आदिवासी मूलवासी संगठनों का एक मांग है, सरकार से हत्यारे का इनकाउंटर होना चाहिए। ताकि कोई भी कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े न करें और हत्यारों का मनोबल भी टूटेगा। कैंडल मार्च का समापन एलबर्ट एक्का चौक पर सुभाष मुंडा की तस्वीर पर माल्यार्पण व दीप/ कैंडल जलाकर किया गया। मुख्य रूप से अजय तिर्की, विजय शंकर नायक,संतोष तिर्की, प्रकाश हंस, अधिवक्ता किशोर लोहरा, दीपक मुंडा, प्रेमशाही मुंडा, योगेंद्र उरांव, करमा लिंडा, निकोलस एक्का, अनिल तिग्गा, अजीत उरॉव, राजेश कुजूर, सुभाष मुण्डा, सुखनाथ लोहरा, प्रफुल्ल लिंडा, प्रकाश टोप्पो, चंद्रदेव बालमुचू, स्मिथ तिर्की, रमेश चंद्र उरॉव, राजेन्द्र तिर्की, संजय हंस, माया नायक, शिवानी पाल, वीणा लिंडा, अश्रिता टोप्पो, सीमा केरकेट्टा, ऐरेन तिर्की रम्मी मुण्डा, करमी मुण्डा, सुनिता मुंडा, विनिता तिग्गा, सुगिया कच्छप, गंगी कुजूर, कमला लकड़ा, सिमरन टोप्पो, मनसाराम लोहरा, राजकुमारी उरॉव, सीता खलखो, सुभानी तिग्गा, सुमन तिग्गा, सरिता केरकेट्टा, बाबूलाल महली, सावन लिंडा, सन्नी मिंज, विक्की कच्छप, झरिया उरांव, विष्णु मुण्डा, धंजू नायक अरविंद बाखला, विजय कच्छप, विजय बड़ाइक, गैना कच्छप, रुपचंद, जयंत कच्छप, दिनेश मुंडा, मुन्ना उरांव शामिल कैंडल जुलूस के अंतिम में 2 मिनट का मौन रख कर उमरेड सुभाष मुंडा के आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना किया गया।

## श्रीमद्भागवतगीता में दर्शन, धर्म और नीति का समन्वय: नमिता सिंह



**रांची (आजाद सिपाही)।** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय की कुलसचिव डॉ. नमिता सिंह ने कहा कि श्रीमद्भागवतगीता संस्कृत वाङ्मय का एक अत्यन्त लोकप्रिय दार्शनिक ग्रन्थ है, जिसमें दर्शन, धर्म और नीति का समन्वय है। इसके सन्देश का क्षेत्र सार्वभौमिक है एवं मानवमात्र के लिए कल्याणकारी है। डॉ सिंह ने डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची, राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, चुनार, मीरजापुर एवं चातुर्वेद संस्कृत प्रचार संस्थान, काशी के संयुक्त तत्वावधान में ऑनलाइन समायोजित एकादशी श्रीमद्भागवद्गीता राष्ट्रीय व्याख्यान गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए ये बातें कहीं। उन्होंने कहा कि मानव-जीवन की समस्त समस्याओं का निदान गीता में मिलता है। गीता हमें उच्च आकांक्षा एवं आशा के अनुरूप जीने के लिए अंतः प्रेरणा देती है। डॉ. सिंह ने कहा कि दैवी-सम्पत्ति मुक्ति के लिये और आसुरी-सम्पत्ति बन्धन के लिये है। अतः हमें दैवी गुणों का अनुसरण करना चाहिए। मनुष्य को काम, क्रोध और लोभ का त्याग कर देना चाहिए। क्योंकि, ये आत्मनाश के द्वार हैं। मानवमात्र को समत्वभाव से कार्य करते हुए कर्तव्यपथ पर आगे बढ़ना चाहिए।

## होप फॉर डिप्राइव्ड फाउंडेशन की छात्रवृत्ति परीक्षा

**रांची (आजाद सिपाही)।** एचएफडी फाउंडेशन ने रांची के 6 केंद्रों पर छात्रावृति प्रतियोगिता का आयोजिन किया। जिसमें करीब 1200 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। यह छात्रवृति प्रतियोगिता मुख्यतः समाज से वंचित एवं निर्धन बच्चों के लिए आयोजित की गयी थी। इस प्रतियोगिता में उर्तीण बच्चों को साल भर के शिक्षा में आने वाले खर्च एवं ऑनलाइन शिक्षा की व्यवस्था दी जायेगी। इस संस्था का मुख्य उद्देश्य इन गरीब और वंचित बच्चों को व्यवहारिक एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मुहैया कराना है। जिससे वह समाज के अन्य बच्चों की तरह शिक्षित हो सके और समाज में अपना नाम रौशन कर सकें। मौके पर संस्था के उप प्रबंधक विश्वजीत घावक ने कहा कि हमारा उद्देश्य यही है कि शिक्षा की ज्योत हर गरीब के घरों में भी जले, जिससे उनका भविष्य रौशन हो सके। संरक्षक डीएन उपाध्याय ने कहा कि हमारा यह प्रयास निर्धन एवं कमजोर वर्गो के लिए अमृत का काम करेगा। शिक्षा से बड़ा वरदान और कुछ नही। मौके पर जीपीएम हाई स्कूल के प्रधानाचार्य ब्रजेश कुमार महतो ने कहा कि सरकार एवं स्वयंसेवी संस्था द्वारा इस तरह के कार्यक्रम निरंतर होते रहेंगे तो कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित नही होगा। कार्यक्रम में नीरज उपाध्याय, सूरज, मंजेश, शिल्पा मेहता, जीतू राम महतो, प्रतीम कुमार मौजूद थे।

# नारायणा का स्कॉलास्टिक एप्टीट्यूड टेस्ट की घोषणा

**स्कॉलास्टिक एप्टीट्यूड टेस्ट के टॉप रैकर्स को मिलेगा करोड़ों कैश अवार्ड एवं इस परीक्षा से नारायणा के किसी भी कोर्स में 100 प्रतिशत तक स्कॉलरशिप पाने का मौका**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** कचहरी स्थित देश की अग्रणी इंजिनियरिंग एवं मेडिकल कोचिंग संस्थान नारायणा आइआइटी/नीट एकेडमी, राँची द्वारा अखिल भारतीय स्तर पर नारायणा स्कॉलास्टिक एप्टीट्यूड टेस्ट का आयोजन 1 अक्टूबर, 15 अक्टूबर एवं 29 अक्टूबर 2023 को ऑफलाईन और 8 अक्टूबर से 12 अक्टूबर 2023 तक ऑनलाईन मोड में आयोजित की जायेगी। इस प्रतियोगिता परीक्षा में छात्र हमारी वेबसाईट पर घर बैठे ऑनलाइन आदेवन कर सकते है या नजदीकी नारायणा केंद्र पर जाकर परीक्षा से 5 दिन पहले तक आवेदन कर सकते हैं तथा वेबसाइट पर परीक्षा का सिलेबस, सेंपल प्रश्न पत्र तथा परीक्षा की सारी जानकारी उपलब्ध है। इस तरह का आयोजन न केवल रांची, बल्कि भारत में अपने आप में एक अनूठी पहल है, जिसके माध्यम से सातवीं कक्षा से लेकर ग्यारहीं कक्षा में पढ़ रहे विद्यार्थियों के लिए नारायणा की यह पहल काफी उत्साहवर्धक साबित होती है।

रांची केंद्र के निदेशक दीपक शुक्ला ने बताया कि यह परीक्षा ऑबजेक्टिव टाइप का होगा एवं इसमें साइंस, मैथ्स एवं मेन्टल एबिलिटी से प्रश्न पूछे जायेंगे। इस टेस्ट का मकसद छात्रों में प्रतियोगी क्षमता विकसित करना है। यही नहीं इस टेस्ट के जरिए छात्र ऑल इंडिया लेवल पर अपनी रैंकिंग भी जान सकते हैं, साथ ही साथ विद्यार्थियों को ये जानने का मौका मिलेगा कि अभी तक उनकी एनटीएसइ, ओलिमपियाड, केवीपीवाइ, आइआइटी नीट एवं विभिन्न प्रतियोगिता परीक्षा का कितनी तैयारी हो चुकी है।

दीपक शुक्ला ने बताया कि इस परीक्षा में भाग लेने वाले सभी छात्रों में से राष्ट्रीय स्तर पर शीर्ष रैंक पाने वाले छात्रों को लाखों कैश अवार्ड पाने का अवसर मिलेगा। साथ ही जो विद्यार्थी अच्छा प्रदर्शन करेंगे, उस छात्र को नारायण के किसी भी कोर्स में दाखिला लेने पर 100 प्रतिशत तक स्कॉलरशिप प्रदान की जाएगी। दीपक शुक्ला ने बताया कि नारायणा स्कॉलास्टिक एप्टीट्यूड टेस्ट की परीक्षा में जिस स्कूल के छात्र टॉपर होंगे उस स्कूल एवं संस्थान को कैश अवार्ड के साथ-साथ ट्रॉफी प्रदान की जायेगी। स्कॉलास्टिक एप्टीट्यूड टेस्ट के माध्यम से नारायणा का उद्देश्य देश के सर्वोच्य रैंकिंग वाली प्रतियोगिता परीक्षाओं आइआइटी जेइइ एवं नीट के लिए सबसे प्रतिभाशाली छात्रों का चयन कर के भविष्य के डॉक्टरों एवं इंजिनियरों को तैयार करना है। दीपक शुक्ला ने बताया कि इस परीक्षा का उद्देश्य यह है कि कोई भी प्रतिभाशाली छात्र आर्थिक चुनौतियों के कारण अपने सपनों से समझौता न करें क्योंकि नारायणा ग्रुप ऐसे छात्रों को आगे लाने के लिए हर संभव सहायता प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि नारायणा न केवल इंजिनियरिंग एवं मेडिकल इन्स्टीट्यूट के रूप में बल्कि एक ग्रुप के रूप में नारायणाः अपनी इंजिनियरिंग कॉलेज, मेडिकल कॉलेज, नसिंग कॉलेज, डेंटल कॉलेज, जूनियर कॉलेज आदि के लिए पूरे भारत में अपना एक अहम स्थान रखता है।

# लायंस क्लब ऑफ रांची कैपिटल का 23वां पदस्थापना समारोह संपन्न

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** लायंस क्लब ऑफ रांची कैपिटल का 23वा इंस्टॉलेशन सेरेमनी चैम्बर भवन में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि लायंस क्लब के जिलापाल कमल जैन, पूर्व जिलापाल राहुल वर्मा ,प्रथम सीमा वाजपेई, द्वितीय जिलापाल संजय कुमार उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्लब के अध्यक्ष पंकज मिढा ने किया। कार्यक्रम का संचालन राधा ड्रोलिया ने किया। कार्यक्रम में अध्यक्ष लायन पंकज मिढ़ा ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि लायंस क्लब इंटरनेशनल के उद्देश्य को पूरी तरह धरातल में उतारने का काम हमारा क्लब कर रहा है। चाहे वृक्षारोपण का काम हो या लोगों के लिए हेल्प चेकअप कैंप लगाने की बात हो या मानव सेवा का कोई भी काम हो, हमारा क्लब हमेशा आगे रहा है। आगामी वर्ष में हमारा क्लब वृक्षारोपण, हेल्थ चेकअप कैंप, स्कूली बच्चों के लिए शुद्ध




पीने के पानी की व्यवस्था जैसे कार्यों पर काम करेगा। पिछले वर्ष के कार्यों का लेखा-जोखा क्लब सचिव ने प्रस्तुत किया। समारोह को संबोधित करते हुए कमल जैन ने कहा कि लायंस क्लब ऑफ रांची कैपिटल हमारे जिला का सबसे क्रियाशील क्लब है जो लायंस क्लब के उद्देश्यों को धरातल पर लाता रहा है। मौके पर ही फर्स्ट डिस्ट्रिक्ट गवर्नर डिस्ट्रिक्ट गवर्नर सीमा वाजपेई ने क्लब के नये सदस्यों को शपथ दिलाई। इंडक्शन ऑफिसर लायन सीमा बाजपेई ने नये पदाधिकारियों का उत्साहवार्द्धन करते कहा कि लायंस क्लब इंटरनेशनल दुनिया की सबसे बड़ी सामाजिक संस्था है जो मानव सेवा का कार्य करती है। क्लब के सत्र 23-24 ी नवनिर्वाचित अध्यक्ष के रूप में शैलेश अग्रवाल, सचिव आस्था किरण और कोषाध्यक्ष के रूप में अमित शर्मा के साथ सभी पदाधिकारियों ने शपथ ली। नवनिर्वाचित अध्यक्ष शैलेश अग्रवाल ने कहा कि मुझे जो दायित्व सौंपा गया है, उस दायित्व का पालन निस्वार्थ भाव से किया जाएगा तथा साथ यह भी कहा कि भविष्य में किए जाने वाले हर प्रोजेक्ट में अपनी पूरी टीम को साथ लेकर तथा विश्वास में लेकर चलाना उनका सिद्धांत रहेगा। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में समाज सेवा के कार्यों को जहां बढ़ाया जाएगा वहीं समाज सेवी कार्यों को गति भी प्रदान की जाएगी। उन्होंने क्लब के सभी मेंबरों का विशेष रूप से आभार व्यक्त किया।पदस्थापना समारोह मे रची शहर के अन्य क्लब के पदाधिकारी मौजूद थे। कार्यक्रम में धन्यवाद ज्ञापन संतोष अग्रवाल ने किया।

इस समारोह में पूर्व जिलापाल माधव लखोटिया,मनोज नरेडी, सुनील केडिया, आशीष नेमानी,अभिषेक कुमार,प्रमोद श्रीवास्तव,राजश्री जयंती,अनूप अग्रवाल,संतोष अग्रवाल,अशोक जैन,उमेश टेकरीवाल,शिव अग्रवाल,मनोज मोदी,गोपाल अग्रवाल,सुजीत कुमार,पायल सेठी,सोनी मेहता, चैम्बर अध्यक्ष किशोर मंत्री, महासचिव डॉ अभिषेक रामाधीन, सह सचिव रोहित पोद्दार, परेश गट्टानी, विवेक अग्रवाल, के अलावा क्लब के सैकड़ों सदस्य मौजूद थे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### करम टोली रांची में किया गया पौधरोपण



**रांची (आजाद सिपाही)।** मसना प्रांगण करम टोली रांची में वृक्षारोपण का कार्य, स्वयं सेवी संस्था चलें गांव की ओर, द्वारा संपन्न किया गया संस्था का सभी सदस्य ने बढ़-चढ़कर भाग लिया, संस्था का अध्यक्ष उषा खलखो, सचिव एस एन शर्मा कोषाध्यक्ष बबीता कच्छप कार्यपालक मेंबर पुष्पा राणा संरक्षक विश्वजीत दास , दुनिया में पर्यावरण का गिरते स्तर को सुधारने का लोगों से वृक्षारोपण कार्य जोरो से लगाने का आह्वान किया। वृक्षारोपण में मसना समिति का अध्यक्ष माधो उरांव सचिव नंदा उरांव एवं कर्मा, बैजनाथ टोप्पो, नीरा टोप्पो शीला म्जि जागेश्वर खलखो नीलमा कच्छप, मनी कच्छप, पशुपति उरांव एवं दर्जनों ने भाग लिया।

### पहाड़ी मंदिर में पौधारोपण कार्यक्रम




**रांची (आजाद सिपाही)।** प्लांट लवर्स ऑफ रांची की ओर से हम अपने पर्यावरण को बचा सकते हैं, को बढ़ावा देने के लिया ग्रुप के सदस्यों की ओर से पहाड़ी मंदिर में पौधारोपण का कार्यक्रम किया गया।पर्यावरण और वातावरण को संतुलित और सुरक्षित रखने के नेक मकसद से यह कार्य किया गया। इस मौके पर अनामिका प्रताप सिंह और ग्रुप के अन्य सदस्य जुलि, अमित, विभा, अजीत वंदना, अभिलाष, किरण, श्रुति, प्रज्ञा, सुजाता, हर्ष,अभिषेक, प्रणय मौजूद थे।

### ट्रांसजेंडर के लिए कैंसर स्क्रीनिंग शिविर



**रांची (आजाद सिपाही)।** एचसीजी अब्दुर रज्जाक अंसारी कैंसर अस्पताल रांची ने रामदास सामुदायिक केंद्र, जमशेदपुर में ट्रांसजेंडर समुदाय के लिए एक कैंसर स्क्रीनिंग शिविर का आयोजन किया। डॉ. सतीश कुमार शर्मा - सलाहकार - मेडिकल ऑन्कोलॉजी, डॉ. विनीता कुमारी - सलाहकार - रेडिएशन ऑन्कोलॉजी और डॉ. प्रेरणा चौधरी - सलाहकार - पैथोलॉजी द्वारा लगभग 60 ट्रांस की जांच की गई। डॉ. सतीश शर्मा ने जागरूकता भाषण भी दिया। उन्होंने कहा कि इलाज से रोकथाम बेहतर है। इस अवसर पर अस्पताल के वरिष्ठ अधिकारी विकास कुमार सिंह और मनोरंजन कुमार रॉय उपस्थित थे।

### चित्रांकन और निबंध प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया



**रांची (आजाद सिपाही)।** दक्षिण पूर्व रेलवे महिला कल्याण संगठन (सर्वो) की रांची मंडल शाखा विविध सामाजिक सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक क्षेत्र में काम करते आ रही है। इसी क्रम में दक्षिण पूर्व रेलवे महिला कल्याण संगठन द्वारा मंडल स्तर पर रेलवे कर्मचारियों के बच्चों के लिए विभिन्न चरणों में चित्रांकन तथा निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में तीन ग्रुप के बच्चों ने भाग लिया तथा रविवार को प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। चित्रांकन प्रतियोगिता के लिए पहले ग्रुप में 6 से 9 साल के बच्चों ने भाग लियास जिसमें प्रथम पुरस्कार हार्दिक कुमार द्वितीय पुरस्कार अर्नवी बाधानी तथा तृतीय पुरस्कार फिजा खातून को प्रदान किया गया। दूसरा ग्रुप 9 साल से 12 साल के बच्चों का था जिसमें प्रथम पुरस्कार नैना कुमारी द्वितीय पुरस्कार पल्लवी रानी एवं तृतीय पुरस्कार रिया सिंह को दिया गया। तथा तीसरे ग्रुप 12 से 15 साल के बच्चों का था जिसमें प्रथम पुरस्कार अदिति द्वितीय पुरस्कार अनुश्री कुंडू तथा तृतीय पुरस्कार जय श्री कुमारी को दिया गया। निबंध प्रतियोगिता के तहत पहले ग्रुप जो 6 से 9 साल के बच्चों का था इसमें प्रथम पुरस्कार अर्नवी बा धानी द्वितीय पुरस्कार अभिमन्यु पांडे तथा तृतीय पुरस्कार फिजा खातून को दिया गया। दूसरा ग्रुप जो 9 से 12 साल के बच्चों का था इसमें प्रथम पुरस्कार स्तुति द्वितीय पुरस्कार अरुण तथा तृतीय पुरस्कार अनन्या सरकार को दिया गया` तथा तृतीय ग्रुप जो 12 से 15 साल के बच्चों का था उसमें प्रथम पुरस्कार अदिति द्वितीय पुरस्कार समृद्धि तथा तृतीय पुरस्कार अनुश्री कुंडू को दिया। सभी बच्चों को सर्वो उपाध्यक्षा शोभा अग्रवाल तथा सचिव नीतू शंकर द्वारा पुरस्कृत किया गया।

### झारखंड स्टेट जूनियर फीडे रेटेड शतरंज प्रतियोगिता का समापन




**रांची (आजाद सिपाही)।** चार दिवसीय 22वां झारखंड स्टेट जूनियर फीडे रेटेड शतरंज प्रतियोगिता का समापन समारोह सरला बिरला विश्वविद्यालय के प्रेक्षागृह में हुआ। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में माननीय आइएएस के श्रीनिवासन, विशिष्ट अतिथि के रूप में रांची जिला शतरंज संघ के सचिव श्री नवजोत अलंग' रूबल एजेसीए कोषाध्यक्ष सतीश कुमार थे। चार दिवसीय प्रतियोगिता की समाप्ति के उपरांत पूर्वी सिंहभूम के अधिराज मित्रा ने खिताब पर अपना कब्जा जमाया। साथ ही पश्चिमी सिंहभूम के अनिकेत वर्मा ने दूसरा, पश्चिमी सिंहभूम के देबांजन सिन्हा ने तीसरा और रांची के अंश कुमार ने चौथा स्थान हासिल किया। बालिका वर्ग में पूर्वी सिंहभूम की सुनिधि सिंह ने खिताब पर अपना कब्जा जमाया, साथ ही रांची की अवनी कुमारी ने दूसरा, पूर्वी सिंहभूम की कृति कुमारी ने तीसरा और रांची की अदिति राज ने चौथा स्थान हासिल किया। इस प्रतियोगिता के माध्यम से इन खिलाड़ियों का चयन गुजरात में होने वाली राष्ट्र स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ, जिसमे ये खिलाड़ी झारखंड का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस प्रतियोगिता में मुख्य निर्णायक के रूप में आइए दीपक कुमार, संयुक्त सचिव, विनोद कुमार साव, विकाश कुमार, अरुण कुमार, अशोक कुमार और मनीषा मशी मौजूद थे।

# विदेशों में फैलती भारतीयता

अफ्रीका में हिंदू धर्म फैल रहा है। अमेरिका में योग का कारोबार 13 अरब डॉलर का हो गया है। यूरोप में हिंदुओं की आबादी बढ़ रही है। भारत की साफ्ट पॉवर साफ्टवेयर की तरह पूरी दुनिया के हार्डवेयर में फिट हो रही है। लेकिन इस प्रसार के पीछे मूल वजहें क्या हैं? क्या यह प्रसार हमें विश्वगुरु बनाने में कारगर होगा? क्या यह हमें एक आर्थिक महाशक्ति के तौर पर स्थापित करेगा? भारत की सांस्कृतिक विरासत बहुत विराट है। ये हड़प्पा-मोहनजोदड़ो से चल कर नालंदा-तक्षशिला से होते हुए आज एक जीवनशैली में परिवर्तित हो चुकी है। यहां सभी धर्मों के मेले सभी के लिए लगते हैं। व्रत, पूजा, परंपरा और ज्ञान की ऐसी खिचड़ी यहीं परोसी जाती है, जो सभी मजहबों की एकरूपता की कहानी लगते हैं। हम चांद और सूरज को सभी के लिए जरूरी मानकर करवाचौथ और ईद मनाने वाले मुल्क की तरह देखे जाते रहे हैं, पर पश्चिमी देशों में आज एक विमर्श तेजी से जगह बना चुका है। भारत में अल्पसंख्यक खतरे में है, और एक दक्षिणपंथी विचार के साए में लोग डर कर जी रहे हैं। यह तब है, जब पूरी दुनिया में अपने स्थानीय अधिकारों की बात करके राजनीति एक तरफ झुक चुकी है।

**अमेरिका और यूरोप जाने वाले पहले भारतीय परिवारों की 2 से 3 पीढ़ियां आज वहां की नागरिक बन कर आगे बढ़ रही हैं। विदेश मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार करीब 3 करोड़ 20 लाख भारतीय आज एनआरआइ, पीआइओ और ओसीआइ विदेशों में हैं।**

पर भारत के लोग जो सालों से विदेशों में व्यापार और नौकरियों के लिए जाते रहे हैं, उनकी निष्ठा को लेकर कभी भी सवाल नहीं उठे हैं। आज गूगल, माइक्रोसॉफ्ट, एडोबी जैसी वैश्विक कंपनियों को चलाने वाले सीइओ से लेकर होटल, फिलिंग स्टेशन, ग्रॉसरी स्टोर्स के मालिक और कामगार भारतीयों ने अपनी संस्कृति के मूल तत्वों से हर समाज में बेहद आसानी से मेलजोल किया है। वे नौकरियां खाने वाले, आप्रवासी खतरा पैदा करने वाले बाहरी आबादी की तरह नहीं देखे जाते हैं। यही वह सबसे बड़ी वजह है जिससे भारतीय समाज के लोग जहां भी गये, वहां धीरे-धीरे एक संरचना बनाने में सफल रहे। स्थानीय नियमों का शब्दशः पालन करके, अति महत्वाकांक्षी न दिख कर, भारतीय मूल्यों को पहनावे और खान पान में जिंदा रखकर वे घुलते-मिलते रहे। अमेरिका और यूरोप जाने वाले पहले भारतीय परिवारों की 2 से 3 पीढ़ियां आज वहां की नागरिक बन कर आगे बढ़ रही हैं। विदेश मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार करीब 3 करोड़ 20 लाख भारतीय आज एनआरआइ, पीआइओ और ओसीआइ विदेशों में हैं। सालाना 25 लाख लोग भारत से विदेशों में रहने को जाते हैं। देशों की बात करें तो 45 लाख भारतीय अमेरिका में, 41 लाख सऊदी अरब में, 34 लाख यूएइ में, 29 लाख मलेशिया में, 20 लाख म्यांमार में, 18 लाख यूके और कनाडा में रहते हैं।

**अभिमत**
**आजाद सिपाही**

**यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि हाल के वर्षों में स्थायी प्रतिष्ठान इस नाजुक संतुलन को बनाये रखने में विफल रहे हैं। इसके विपरीत अपनी राजनीतिक साजिशों को पूरा करने के लिए कानून परिवर्तन और खुफिया संगठनों का हथियारीकरण अपवाद के बजाय आदर्श बन गया है और स्थिति हर गुजरते दिन के साथ बद से बदतर होती जा रही है। पेगासस स्पाईवेयर का उपयोग कर जासूसी वाला केस अभी भी सुप्रीम कोर्ट में लंबित है।**

# सुरक्षा और गोपनीयता में सही संतुलन जरूरी

**मनीष तिवारी**



सुरक्षा के विचार और गोपनीयता के विचार के बीच निरंतर टकराव एक ऐसी लड़ाई है जो सभी लोकतांत्रिक संस्थानों की आत्मा को जीवंत करती है। सुरक्षा की वकालत करने वाले एक स्वतंत्र खुफिया संगठन का प्रचार करते हैं जो आंतरिक और बाहरी खतरों की निगरानी और रोकथाम कर सके। दूसरी ओर गोपनीयता की वकालत करने वाले एक खुफिया संगठन के लिए प्रचार करते हैं जो कानून के दायरे में काम करता है और नागरिकों के प्रति जवाबदेह है। लोकतंत्र को कुशलतापूर्वक कार्य करने के लिए दोनों के बीच सही संतुलन ढूंढना ह्यस्थायी प्रतिष्ठानह्न के लिए अनिवार्य है।

यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि हाल के वर्षों में स्थायी प्रतिष्ठान इस नाजुक संतुलन को बनाये रखने में विफल रहे हैं। इसके विपरीत अपनी राजनीतिक साजिशों को पूरा करने के लिए कानून परिवर्तन और खुफिया संगठनों का हथियारीकरण अपवाद के बजाय आदर्श बन गया है और स्थिति हर गुजरते दिन के साथ बद से बदतर होती जा रही है। पेगासस स्पाईवेयर का उपयोग कर जासूसी वाला केस अभी भी सुप्रीम कोर्ट में लंबित है। इस निर्णय का भारत में रहने वाले और इसके नागरिकों दोनों की निजता के अधिकार पर गहरा प्रभाव पड़ेगा।

**इंटेलीजेंस ब्यूरो (आइबी) 1887 में ब्रिटिश सरकार के एक प्रशासनिक आदेश के माध्यम से बनाया गया था।**

संसद के मौजूदा मानसून सत्र में सरकार का लक्ष्य मौलिक रूप से त्रुटिपूर्ण डिजिटल व्यक्तिगत डाटा संरक्षण विधेयक को पारित करना है। एक ऐसा विधेयक जो व्यक्तिगत डाटा की सुरक्षा का दावा करता है। इसलिए बुनियादी बातों पर लौटना और कमरे में हाथी को संबोधित करना अनिवार्य है। यानी खुफिया एजेंसियों के कामकाज और निगरानी को नियंत्रित करने वाले किसी भी कानून, नियम या विनियम की अनुपस्थिति।

**केएस पुट्टुस्वामी बनाम भारत संघ के फैसले में माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने माना कि निजता का अधिकार भारतीय संविधान के भाग के तहत निहित एक मौलिक अधिकार है। इसी तरह मेयर बनाम नेब्रास्का के अमेरिकी फैसले और डगलस बनाम हैलो के यूरोपीय फैसले ने निजता को एक अधिकार के रूप में मान्यता दी है।**

इंटेलीजेंस ब्यूरो (आइबी) 1887 में ब्रिटिश सरकार के एक प्रशासनिक आदेश के माध्यम से बनाया गया था। यह भारतीय क्रांतिकारी गतिविधियों की बढ़ती चुनौती के जवाब में था। आइबी का निर्माण भारतीय स्वतंत्रता के विचार को बढ़ावा देने वाले किसी भी राजनीतिक आंदोलन की निगरानी और नियंत्रण करने के उद्देश्य से किया गया था। यह ध्यान रखना उचित है कि ब्यूरो की निष्ठा तत्कालीन प्रतिष्ठान के प्रति थी, न कि लोगों के प्रति। आजादी के 76 साल बाद भी यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि आइबी की मूल प्रकृति नहीं बदली है। इसलिए यह जरूरी है कि उचित जांच और संतुलन हो जोकि किसी भी संस्थान के कामकाज को रेखांकित करे। भारत में सबसे बड़ी समस्याओं में से एक यह है कि कानून प्रवर्तन एजेंसियों और खुफिया संगठनों दोनों के पास कोई ठोस कानूनी आधार नहीं है।

2009 में आइबी और रिसर्च एंड एनालिसिस विंग (रा) ने कानूनी आधार के संबंध में एक प्रश्न उठाया। सरकार ने जवाब दिया कि रिसर्च एंड एनालिसिस विंग का कानून में कोई आधार नहीं है, जबकि आइबी को भारत के संविधान की अनुसूची के तहत संघ सूची के आइटम नंबर 8 के द्वारा अपनी शक्तियां प्राप्त हुईं। हालांकि इसे शायद ही आइबी के कानूनी आधार के रूप में वर्णित किया जा सकता है। यह एक दुर्भाग्यपूर्ण, फिर भी एक सत्य है कि भारत अभी भी अपने खुफिया तंत्र के संबंध में गोपनीयता की अनावश्यक और निर्मित संस्कृति की अपनी औपनिवेशक विरासत का पालन करता है। अन्य लोकतांत्रिक संस्थाएं अपनी खुफिया व्यवस्थाओं के कामकाज के बारे में पारदर्शी हैं और उनकी अपने संबंधित विधायी अंगों के प्रति जवाबदेही है। उदाहरण के लिए यूनाइटेड किंगडम ने इंटेलीजेंस सर्विसेज एक्ट, 1994 बनाया है। यह विधायी निरीक्षण के लिए एक तंत्र स्थापित करता है। अधिनियम एक समिति का गठन करता है जिसे प्रधानमंत्री द्वारा नियुक्त किया जाता है और इसमें विपक्ष के नेता भी शामिल होते हैं।

केएस पुट्टुस्वामी बनाम भारत संघ के फैसले में माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने माना कि निजता का अधिकार भारतीय संविधान के भाग के तहत निहित एक मौलिक अधिकार है। इसी तरह मेयर बनाम नेब्रास्का के अमेरिकी फैसले और डगलस बनाम हैलो के यूरोपीय फैसले ने निजता को एक अधिकार के रूप में मान्यता दी है। एक उचित कानूनी व्यवस्था प्रदान करना और अंतर्राष्ट्रीय कानून का पालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से 2011 में मैंने एक निजी सदस्य विधेयक पेश किया जिसका शीर्षक था : खुफिया सेवाएं (शक्तियां और विनियमन) विधेयक, 2011। इस विधेयक का उद्देश्य है :

(1) भारत के क्षेत्र के भीतर और बाहर भारतीय खुफिया एजेंसियों के कामकाज के तरीके और शक्तियों के प्रयोग को विनियमित करना।

(2) ऐसी एजेंसियों के समन्वय, नियंत्रण और निरीक्षण के लिए सुरक्षा और गोपनीयता के विचार के बीच संतुलन सुनिश्चित करने का प्रयास किया गया है। दुर्भाग्यवश, अक्टूबर 2012 में जब मैं सरकार में आया तो यह बिल समाप्त हो गया। मैंने मामूली संशोधन के साथ एक ऐसा ही विधेयक पेश किया है जिसे संसद में फिर से पेश किया गया है। यह जरूरी है कि संसद को खुफिया एजेंसियों के लिए विधेयक पर तत्काल विचार करना चाहिए और बिना किसी देरी के इसे पारित करना चाहिए। अंत में यह जरूरी है कि मार्गदर्शन के लिए पारदर्शी निगरानी और ठोस कानूनी आधार मौजूद हो और उन संस्थानों की शक्तियों पर लगाम लगायी जाये, जिनके पास नागरिकों की गोपनीयता का उल्लंघन करने के साधन और क्षमता है। भारत के लिए यह समय की मांग है कि वह अपनी औपनिवेशक विरासत को त्यागे और एक जवाबदेह भविष्य को अपनाये।

## जमशेदपुर की खबरें

### जमशेदपुर पुलिस की सराहनीय पहल, युवाओं को नशा से दूर रहने के लिए चलाया अभियान



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** एसएसपी प्रभात कुमार के निर्देश पर सीतारामडेरा पुलिस नशा मुक्ति अभियान की शुरूआत की। वैसे जमशेदपुर पुलिस वरीय पुलिस पदाधिकारियों के निर्देश पर अवैध नशा के खिलाफ अभियान चला रही, वहीं दूसरी तरफ युवाओं को नशे से दूर रहने की सलाह देना जमशेदपुर पुलिस का सराहनीय पहल है। नशा से युवाओं को दूर रखने के उद्देश्य से थाना प्रभारी भूषण कुमार ने भुइयांडीह तीनमुहानी चौक के पास पार्क में युवाओ से सीधा संवाद व समन्वय स्थापित कर नशामुक्ति अभियान चलाया। मौके पर उन्होंने क्षेत्र के युवाओं के बीच जाकर नशा से दूर रहने की सलाह दी। यह समाज के लिए जमशेदपुर पुलिस की सराहनीय पहल है। इससे समाज के युवाओ में नशे से दूर रहने की निश्चित तौर पर परिवर्तन आईगी। प्रभारी ने अभियान में खासकर ब्राउन सुगर, गाँजा या डेंड्रॉइड जैसे घातक नशा का सेवन नही करने व अवैध व्यापार पैडलिंग में शामिल नही होने की अपील की। साथ ही बेहतर शिक्षा खेलकूद व बेहतर स्वास्थ्य लाभ के लिये प्रोत्साहित किया। मौके पर थाना प्रभारी भूषण कुमार ने युवाओ को किसी भी तरह के आपराधिक या चोरी, छिनतई, रैश ड्राइविंग जैसे अनैतिक व गैरकानूनी कृत्यों से बचने की हिदायत दी। उन्होंने कहा जरूरत पड़ने पर जमशेदपुर पुलिस नवयुवकों को भविष्य में भी हर संभव सहायता व प्रतिबद्धता के लिए तैयार है।

### चार गिरफ्तार, 42 पुड़िया ब्राउन शुगर, एक मोबाइल और नगद बरामद



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** बीते दिनों सिदगोड़ा थाना अंतर्गत बिरसा मुंडा टाउन हॉल के पास ब्राउन शुगर के खरीद बिक्री मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया। डीएसपी वीरेंद्र कुमार राम के नेतृत्व में छापेमारी के दौरान पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों में अमन कुमार उर्फ बच्चा, विजय लोहार उर्फ लूलू, संजय यादव, मनीष प्रसाद शामिल है। थाना प्रभारी रंजीत कुमार ने बताया बिरसा मुंडा टाउन हॉल के पास घेराबंदी कर छापेमारी की गई। मौके पर 4 आरोपी को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के पास से पुलिस ने 42 पुड़िया ब्राउन शुगर, एक मोबाइल, नगद 2640 रुपिया बरामत कर लिया। रविवार को पूछताछ के बाद सभी आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। छापेमारी दल में डीएसपी बीरेंद्र कुमार राम, थाना प्रभारी रंजीत कुमार, रवि रंजन कुमार, ललित खालको, मेघनाथ मंडल, विनय कुमार मिश्रा, धर्मेंद्र सिंह, मनोज कुमार सिंह, आनंद गुप्त, सुनील कुमार पांडे शामिल रहे।

### पोटका के सैकड़ों युवाओं ने थामा झामुमो का दामन, विधायक ने किया स्वागत

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**पोटका।** पोटका के हल्दीपोखर पूर्वी पंचायत राज कचहरी मैदान में झामुमो का पंचायत सदस्यता अभियान के तहत सभा का आयोजन किया गया। रविवार को सभा मे झामुमो विधायक संजीव सरदार शामिल हुए। ग्रामीणों ने ढोल नगाड़ा के साथ आदिवासी विधि विधान से गीत व नित्य प्रस्तुत करते हुए विधायक को माला पहनाकर भव्य स्वागत किया। सभा के दौरान पोटका के हल्दीपोखर पूर्वी, पोड़ाडीहा व टंगरा पंचायत के सैकड़ो ग्रामीणों ने राज्य के मुख्यमंत्री व विधायक संजीव सरदार के कुशल नेतृत्व व अच्छे कार्य शैली से प्रभावित होकर लगभग 140 की संख्या में युवाओं ने झारखंड मुक्ति मोर्चा का सदस्यता ग्रहण किया। मौके पर मुख्य अतिथि विधायक संजीव सरदार ने सभी नए सदस्यों को पार्टी के पट्टा व माला पहनाकर स्वागत किया। साथ ही पार्टी के नीति व सिद्धांत से जुड़े जानकारी देकर सभी को शपथ दिलाया। मौके पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जिन्दावाद व विधायक संजीव सरदार जिन्दावाद के नारे से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। सैकड़ो ग्रामीणों ने विधायक के कार्य का जमकर सराहना की।इस अवसर पर विधायक ने कहा राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के कार्यकाल मे क्षेत्र के विकास तेजी से हो रहा है। विकास कार्य को देखते हुए सैकड़ो युवाओं ने झामुमो का सदस्यता ग्रहण की। श्री सरदार ने कहा युवा पार्टी के रीढ़ है। युवाओ को आगे आकर कार्य करना होगा। विधायक ने ग्रामीणों से आने वाले चुनाव के पूर्व संगठित होने की अपील की। साथ ही सरकार के सभी योजना व नीति, सिद्धांत को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने की अपील की। मौके पर पूर्व जिला परिषद चंद्रावती माहतो, हीरामणि मुर्मू, सुनील माहतो, बबलू चौधरी, विद्यासागर दास, भुवनेश्वर सरदार, प्रखंड अध्यक्ष सुधीर सोरेन, पंचायत अध्यक्ष देव पालीत, मुखिया कार्तिक मुर्मू, उप मुखिया ओमप्रकाश गुप्ता, रजनी सड़ंगी, हितेश भगत, वीरेंद्र पात्र, पलटू मंडल, रहमान काडु, मनोहर मुंडा, काढु प्रधान, अनुपम मंडल, मुकेश सीट सहित सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित रहे।

**140 की संख्या में युवाओं ने झारखंड मुक्ति मोर्चा का सदस्यता ग्रहण किया।**

### भड़का झामुमो, रामचंद्र सहित के खिलाफ उगला जहर

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र में विधायक मंगल कालिंदी के द्वारा विकास के कार्य तेजी की जा रही है। वही विपक्षी पार्टियों के द्वारा सड़क में जल जमाव पर खेती करने पर झामुमो ने जमकर विरोध किया। रविवार को पलटन मुर्मू ने कहा विपक्ष विधायक मंगल कालिंदी केक कार्य से घबराकर ग्रामीणों को भ्रमित करने का कार्य कर रहा है। झामुमो जमशेदपुर प्रखंड के नेता पलटन मुर्मू ने कहा आजसू पार्टी के नेता रामचंद्र सहिस दो बार विधायक बने 2 साल मंत्री रहे लेकिन जनता का विकास नहीं किया। जब जेएमएम की सरकार में विधायक मंगल कालिंदी के नेतृत्व में विकास का कार्य तेजी से हो रहा है आजसू पार्टी जनता के बीच जाकर उन्हें गुमराह कर रही है। इससे झामुमो को कोई फर्क नहीं पड़ेगी। उन्होंने कहा आजसू के पूर्व विधायक बरसाती मेंढक की तरह काम कर रहे हैं। जिस तरह से जनता के लिए विधायक मंगल कालिंदी ने विकास का काम किया वह जनता खुद देख रही है। उन्होंने कहा आजादी के दौरान बने जर्जर सड़क का निर्माण कार्य वर्षों बाद विधायक बनते ही मंगल कालिंदी ने कार्य शुरू करवाया। उन्होंने बताया जिन सड़कों को लेकर विपक्ष विरोध कर रहे हैं उसके लिए लगभग कार्य पूरी हो गई है। जल्द काम शुरू किया जायेगा।

### भाजपा सोनारी मंडल में 32 शक्ति केंद्रों पर भाजपाइयों ने सुनी मन की बात सुनी

**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** भाजपा सोनारी मंडल ने प्रदेश भाजपा के निर्देशित राष्ट्रीय कार्यक्रम के तहत देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 103 वें मन की बात संस्करण को सुना। रविवार को भाजपा सोनारी मंडल मंडल अध्यक्ष प्रशांत कुमार पोद्दार के नेतृत्व में 32 शक्ति केंद्र पर कार्यक्रम में दो सौ से ज्यादा पार्टी के समर्पित कार्यकर्ता शामिल होकर मन की बात को सुना। मौके पर पूर्व जिला अध्यक्ष देवेंद्र सिंह, मंडल अध्यक्ष प्रशांत पोद्दार, जिला कार्यसमिति सदस्य सुनील सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष निपेन्दर सिन्हा, पूर्व मंडल अध्यक्ष पूरण वर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष विरेन्द्र प्रताप सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष गोपाल लहरी, वरिष्ठ नेता महावीर सिंह, रिता सिंह, सुदीप चौधरी, सोनू ठाकुर, अमिताभ सेनापति, महामंत्री नारायण प्रसाद, किशोर साहू संजय रजक, सतेन्द्र सिंह यादव, कृष्णा यादव, शंकर चंदन, अनुज, अरुण सिंह, दिवाकर, आशिष, बिराज दै, राजेश, कमल सिंह, संतोष, सुधीर गोराई, हेमंत सिंह, विष्णु कुमार सहित अन्य शामिल रहे।

### एनएसएटी के टॉप रैंकरों को मिलेगा करोड़ों का नगद पुरस्कार, प्रबंधन को भी किया जायेगा पुरस्कृत

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** देश की अग्रणी इंजिनियरिंग व मेडिकल कोचिंग संस्थान नारायणा आई.आई.टी. नीट एकेडमी, जमशेदपुर के द्वारा अखिल भारतीय स्तर पर नारायणा एनएसएटी के 18वें संस्करण का अनावरण किया गया। परीक्षा का आयोजन भारत के 27 राज्यों व केन्द्र शासित प्रदेशों में 300 शहरों के 3000 से अधिक स्कूलों में 01 अक्टूबर से 15 अक्टूबर व 29 अक्टूबर 2023 को ऑफलाइन और 08 अक्टूबर से 12 अक्टूबर 2023 तक ऑनलाइन मोड में आयोजित की जायेगी। प्रतियोगिता परीक्षा में छात्र हमारी वेबसाईट घर बैठे आवेदन कर सकते है। या नजदीकी नारायणा केन्द्र पर जाकर परीक्षा से 5 दिन पहले तक आवेदन कर सकते है। परीक्षा शुल्क 100/- रूपया है। उपरोक्त वेबसाईट पर परीक्षा का सिलेबस, सेम्पल प्रश्न पत्र तथा परीक्षा की सारी जानकारी उपलब्ध है। इस तरह का आयोजन न केवल जमशेदपुर बल्कि भारत के लिए एक अनूठा पहल है। जिसके माध्यम से सातवीं कक्षा से लेकर ग्यारहीं कक्षा में पढ़ रहे विद्यार्थियों की तैयारी को गति देने के लिए नारायणा की यह पहल काफी उत्साहवर्धक साबित होती है। जमशेदपुर केन्द्र के निदेशक सह नारायणा कोचिंग सेन्टर के नेशनल एकेडिक हेड श्याम भूषण ने बताया यह परीक्षा आबजेक्टीव टाईप का होगा। इसमें साइन्स, मैथ्स एवं मेन्टल एबिलिटी से प्रश्न पूछे जाएगें। इस टेस्ट का मकसद छात्रों में प्रतियोगी क्षमता विकसित करना है। इस टेस्ट के जरिए छात्र आल इंडिया लेवल पर अपनी रैंकिंग भी जान सकते हैं। साथ ही साथ विद्यार्थियों को ये जानने का मौका मिलेगा। अभी तक उनकी एन.टी.एस.ई., ओलिमपियाड, के.वी.पी.वाई., आई.आई.टी. नीट एवं विभिन्न प्रतियोगिता परीक्षा का कितनी तैयारी हो चुकी है।

साथ ही जो विद्यार्थी अच्छा प्रदर्शन करेंगे, उस छात्र को नारायण के किसी भी कोर्स में दाखिला लेने पर 100 प्रतिशत तक स्कॉलरशिप प्रदान की जाएगी।

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 31 जुलाई, 2023
www.azadsipahi.in
07

## महत्वपूर्ण न्यूज

### पूरनचंद की 22वीं पुण्यतिथि पर प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दी गयी श्रद्धांजलि



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** जिला मुख्यालय के टंडवा स्थित पूरनचन्द चौक पर स्थापित तत्कालीन बिहार राज्य के मंत्री रहे पूरणचंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर 22वीं पुण्यतिथि मनायी गयी। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठ पदाधिकारी से लेकर समाज के सभी वर्ग के लोग समारोह में उपस्थित थे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अध्यक्ष अरविंद गुप्ता, संरक्षक सतीश गुप्ता, पूर्व मंत्री रामचंद्र केसरी, समाजसेवी विजय केशरी, सूरज गुप्ता, लल्लू गुप्ता, संदीप गुप्ता, धनंजय गुप्ता, प्रदीप गुप्ता आदि लोगों ने माल्यार्पण कर स्वतंत्रता सेनानी लोहियावादी पलामू के लाल बिहार सरकार में कैबिनेट मंत्री रहे स्व. पूरनचंद की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की। मौके पर पूर्व मंत्री रामचन्द्र केशरी ने बताया कि पूरनचद गरीबों मजलूमों की आवाज थे। सम्पूर्ण जीवन आम लोगों के हक के लिए लड़ते रहे। पलामू गढ़वा के लिए उन्होंने कई उल्लेखनीय काम किया है। मौके पर मुन्ना कश्यप मनोज साव आनंद गुप्ता गौतम गुप्ता विजय गुप्ता अजय गुप्ता सावित्री देवी रवि राजू सोनू गुप्ता आदि लोग शामिल थे।

### पुण्यतिथि पर वैश्य महासम्मेलन गढ़वा ने पूरनचंद की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** छोटानागपुर के गांधी कहे जाने वाले पूरनचंद को अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन गढ़वा द्वारा उनकी पुण्यतिथि पर याद किया गया। पलामू की राजनीति को विशेष पहचान देने वाले पूरन चंद की आज 22वीं पुण्यतिथि है, देश के चंद गिने-चुने लोगों में से हैं, जिन्होंने आजादी की लड़ाई में भी डालटनगंज की जेल में रातें गुजारीं और आपातकाल के खिलाफ जंग के दौरान भी। 'स्वतंत्रता सेनानी' भी थे और 'लोकतंत्र सेनानी भी।' जेल को तो आपका 'दूसरा घर' ही कहा जाता था। 'एक नोट-एक वोट', 'पूरन पैदल-जनता पैदल' के नारे से लोगों के दिलों पर राज करने वाले समाजवादी नेता को सादर नमन। पुण्यतिथि के अवसर पर गढ़वा वैश्य महासम्मेलन अध्यक्ष रविंद्र जयसवाल के द्वारा महामंत्री उमेश कश्यप एवं सारे पदाधिकारी, कार्यकारिणी सदस्यों द्वारा टंडवा पूनमचंद चौक स्थित उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित किया गया एवं उनके विचारों को याद किया गया। मौके पर दयाशंकर गुप्ता, दौलत सोनी, संतोष केसरी, विनोद जायसवाल, डॉ राकेश कुमार, मनीष गुप्ता, टिंकू गुप्ता, संजय केसरी, आकाश केसरी, शुभम केसरी, अजय लाल, दिनेश गुप्ता, सुधीर गुप्ता, रुपेश गुप्ता, आकाश गुप्ता अन्य साथी उपस्थित थे।

### चेंबर अध्यक्ष और सचिव पद के लिए एक-एक नामांकन दाखिल, निर्विरोध चयन तय



**श्री बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष व सचिव पद के चुनाव को लेकर रविवार को नामांकन दाखिल करने की तिथि समाप्त हो गई। अध्यक्ष पद के लिये शंभूनाथ सौदागर व सचिव पद के लिये गोपाल प्रसाद जायसवाल ने चुनाव पदाधिकारियों के समक्ष अपना नामांकन पत्र दाखिल किया है। चुनाव अधिकारियों के अनुसार नियमानुसार स्कूटनी सोमवार को होगी। लेकिन अध्यक्ष व सचिव पद के लिय एक-एक नामांकन पत्र दाखिल होने के कारण दोनों पदों पर अध्यक्ष व सचिव का निर्विरोध चयन तय है। मौके पर मुख्य चुनाव पदाधिकारी तस्लीम खान एवं ओमप्रकाश चौबे द्वारा बताया गया कि चेंबर ऑफ कॉमर्स के चुनाव में अध्यक्ष एवं सचिव पद के लिए नामांकन किया गया है, उनका 31 जुलाई दिन सोमवार समय 5 बजे स्कूटनी वैध पाये जाने पर वे निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए जाएंगे एवं प्रमाण पत्र सौंप दिया जाएगा। मौके पर पर्यवेक्षक धर्मचंद्र लाल अग्रवाल, आनन्द अग्रवाल, विनोद कुमार, राजन कुमार, मनोज कुमार, अजय प्रसाद, उपस्थित थे।

### आर्य समाज मंदिर में वृहद वृष्टि यज्ञ आयोजित



**गढ़वा। (आजाद सिपाही)।** डीएवी मॉडल स्कूल स्थित आर्य समाज मंदिर गढ़वा में वृहद वृष्टि यज्ञ का आयोजन किया गया। जल की कमी को देखते हुए प्रभु से अपने क्षेत्र में पर्याप्त वर्षा के लिए वैदिक मंत्रों से आहुति दी गई। इस अवसर पर आर्य समाज के प्रधान नंद कुमार गुप्ता, चंचला केसरी, योग शिक्षक उपकार गुप्ता, सुशील कुमार केसरी, पूनम देवी, रामदास साहू, कृष्ण गोपाल आर्य, दिलीप शर्मा, सुरेंद्र केसरी, निर्मल केसरी, लालमिर्च देवी, माधुरी देवी, रेनू देवी, मधुबाला देवी, रीमा देवी आदि ने सराहनीय भूमिका निभाई। अगले शनिवार को पुनः वृष्टि यज्ञ का आयोजन किया जाएगा।

**कार्यक्रम : यादें हुसैन के बैनर तले मुहर्रम पर पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित**

# गंगा-जमुनी तहजीब व सामाजिक सौहार्द की मिसाल है गढ़वा : मंत्री मिथिलेश

> गढ़वा में हिंदू-मुस्लिम सभी धर्म के लोग आपस में मिल-जुल कर एक-दूसरे का पर्व, त्योहार मनाते हैं

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** मोहर्रम के मौके पर यादें हुसैन के बैनर के तले मझिआंव मोड़ पर निगरानी मंच स्थापित कर पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान मोहर्रम के जुलूस में शामिल सभी ताजिया, सिपड़ आदि को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने फीता काट कर किया।

मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि आज हम हजारों साल बाद भी हसन, हुसैन की शहादत की याद में मोहर्रम का त्यौहार मनाते हैं, क्योंकि वे अन्याय, झूठ एवं फरेब का विरोध करते थे। गरीबों की मदद करते थे। इस कारण आज भी लोग उनकी शहादत को याद करते हुए मोहर्रम मनाते हैं। ऐसी मान्यता है कि रमजान में 30 दिनों का रोजा से भी अधिक मोहर्रम का एक दिन का रोजा का फल प्राप्त होता है। आज बड़े-बड़े ताजिया, सिपड़ पर बनाए जा रहे हैं। इसकी सार्थकता तभी होगी जब हम सब मिलकर सत्य एवं अपने संविधान की रक्षा करेंगे। मंत्री ने कहा कि भारत लोकतांत्रिक देश है। यहां समरसता, सामाजिक एकता एवं सौहार्द बनी रहे, यह हम सब की जिम्मेवारी है। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि गढ़वा में हिंदू, मुस्लिम सभी धर्म के लोग आपस में मिल-जुल कर एक-दूसरे का पर्व, त्योहार मनाते हैं। यहां दोनों समुदायों के लोगों की पहुंच एक दूसरे के रसोई तक है। गढ़वा गंगा, जमुनी तहजीब एवं सामाजिक सौहार्द का मिसाल है। उन्होंने कहा कि हम सभी लोग यह संकल्प लें कि इस एकता एवं सौहार्द को तोड़ने वाली ताकतों को मुंहतोड़ जवाब देंगे। मंत्री ने कहा कि आज इस मंच पर हिंदू-मुस्लिम एकता दिख रही है। यह फर्क कर पाना मुश्किल है कि यहां कौन हिंदू और मुस्लिम है। यही भारत की असली खूबसूरती है। उन्होंने कहा कि यहां कदम-कदम पर जाति, धर्म, भाषा एवं संस्कृति की विविधता है। भारत में इस अनेकता के बावजूद पूरी तरह से एकता है। हमारी इस सोच को कोई बदल नहीं सकता। पूरा समाज, पूरा भारत वर्ष एक है। इसे हमेशा एक बनाए रखने के लिए हम सभी संकल्पित हैं। मौके पर डीसी शेखर जमुआर आदि ने भी विचार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन कंचन साहू, धन्यवाद ज्ञापन झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे ने किया।

मौके पर मुख्य रूप से डीडीसी राजेश राय, एसडीओ राज महेश्वरम, सीओ कुमार मयंक भूषण, झामुमो जिला अध्यक्ष तनवीर आलम, रामनवमी पूजा महासमिति जेनरल के मुरली श्याम सोनी, एमपी गुप्ता, उबैदुल्लाह हक अंसारी, मदनी खान, शमीम अंसारी, आफताब खान, सनाउल्लाह खान, शमशाद खान, अलीम खान सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## मणिपुर हिंसा के विरुद्ध समाहरणालय के समक्ष धरना-प्रदर्शन कल

> आईएनडीए में शामिल सभी दलों की संयुक्त बैठक में लिया गया निर्णय

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के आवास पर आईएनडीए में शामिल सभी दलों की संयुक्त बैठक जिलाध्यक्ष तनवीर आलम खां की अध्यक्षता में हुई। जिसमें मणिपुर राज्य की वर्त्तमान स्थिति के विरुद्ध 01 अगस्त को समाहरणालय गढ़वा के समक्ष धरना प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया। बैठक का संचालन सुषमा मेहता पूर्व जिला परिषद, अध्यक्ष-सह माले नेता द्वारा किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए श्रीमती मेहता ने कहा कि बिलकीस बानो के बलात्कारियों का स्वागत करना, महिला पहलवानों को प्रताड़ित करना, लाठीचार्ज कराना, उन्नाव की घटना, मणिपुर की घटना एवं मध्यप्रदेश की घटना भाजपा के चरित्र एवं मानसिकता को दर्शाती है। यह शर्मनाक है। केन्द्र सरकार तथा मणिपुर राज्य सरकार की मणिपुर की इस शर्मनाक घटना के बाद मौन रहना और कार्रवाई नहीं करना, उनके दोहरे चरित्र को दर्शाता है। साथ ही प्रतीत होता है कि इसमें उनकी मौन सहमति है। देश के सर्वोच्च न्यायालय द्वारा की गयी टिप्पणियों के बावजूद भाजपा नेतृत्व वाली केन्द्र सरकार तथा मणिपुर राज्य सरकार चुप्पी साधे हुए है। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि बहुद्देशीय नीलाम्बर-पीताम्बर भवन अवस्थित मैदान में जमा होकर जुलूस की शक्ल में धरना प्रदर्शन गढ़वा समाहरणालय तक जायेगा।

बैठक में जिला सचिव मनोज ठाकुर, केन्द्रीय समिति सदस्य शरीफ अंसारी, केन्द्रीय समिति सदस्य राजकिशोर यादव, जिला अध्यक्ष युवा मोर्चा संजय सिंह उर्फ छोटू, प्रवक्ता गढवा कार्तिक पाण्डेय, जिला अध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा आलमगीर अंसारी, जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा रेखा चौबे, रंका 20 सूत्री अध्यक्ष अहमद अली, प्रखंड अध्यक्ष डण्डा कामेश्वर चौधरी, प्रखंड अध्यक्ष रंका आशीष गुप्ता, प्रखंड अध्यक्ष गढ़वा फुजैल अहमद, जिला सचिव महिला मोर्चा चंदा देवी, प्रखंड सचिव मेराल राजेश बैठा, अनुमंडल सचिव रंका रामसागर यादव, अनुमंडल अध्यक्ष बंशीधर नगर मुक्तेश्वर पाण्डेय, नसीम भिखम चन्द्रवंशी, अनुमंडल अध्यक्ष गढ़वा हरेन्द्र चौधरी, भाकपा माले सत्येन्द्र मेहता, भाकपा माले ललिता देवी, भाकपा माले विरेन्द्र, भाकपा माले रहिना बीबी, राजद प्रदेश उपाध्यक्ष जमिरूद्दीन अंसारी, राजद के मो. मकबुल आलम, जिला अध्यक्ष कांग्रेस मो. ओबेदुल्लाह हक आदि उपस्थित थे।

## पौधा वितरण कार्यक्रम में लोगों ने पौधा बचाने की ली शपथ

> वृक्ष है तो जल है, जल है तो जीवन है : प्रमुख दीपमाला

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेराल।** मुखिया संघ के अध्यक्ष व मेराल पूर्वी के मुखिया राम सागर महतो के नेतृत्व में रविवार को प्राथमिक विद्यालय पूर्वारा टोला के प्रांगण में पौधा वितरण कार्यक्रम का आयोजन कर करीब दो हजार पौधों का वितरण किया गया। जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रखंड प्रमुख दीपमाला कुमारी, विशिष्ट अतिथि थाना प्रभारी नीतीश कुमार, मुखिया रामसागर महतो, मंडल सांसद प्रतिनिधि रूपु महतो, झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष दशरथ प्रसाद, पूर्व मुखिया सुषमा कुशवाहा, विनोद प्रसाद, पूर्व जिप सदस्य संजय भगत आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में प्रमुख दीपमाला कुमारी ने पौधा वितरण कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि वृक्ष है तो जल है, जल है तो जीवन है। थाना प्रभारी नीतीश कुमार ने लोगों से अपने जन्मदिन जैसे खास तिथि पर कम से कम एक पौधा जरूर लगाने की अपील की। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से विनोद कुशवाहा, कमलेश कुमार, सुनील कुमार, विनायक कुमार, उदय कुशवाहा, अरविंद महतो, युवा नेता अभिषेक कुमार मेहता आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पंचायत सचिव परमानंद पाठक, कृष्णा प्रसाद कुशवाहा, महेंद्र प्रसाद, मदन यादव सहित कई गणमान्य लोगों के साथ बड़ी संख्या में महिला पुरुष व बच्चे शामिल थे।

## पुलिस के हत्थे चढ़ा पांच लाख का इनामी जेजेएमपी सबजोनल कमांडर मनोज परहिया



> गिरफ्तार नक्सली टीएसपीसी संगठन में भी रह चुका है, उस पर गढ़वा जिले के विभिन्न थानों में कई मामले दर्ज हैं : एसडीपीओ

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** जिले के रमकंडा थाना क्षेत्र के चेटे पटसर जंगल से पुलिस ने जेजेएमपी नक्सली संगठन के सब जोनल कमांडर 5 लाख रुपये के इनामी नक्सली मनोज परहिया को गिरफ्तार कर लिया है। उक्त जानकारी देते हुए रंका के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संतोष कुमार ने बताया कि गढ़वा पुलिस को सूचना मिली थी कि गिरफ्तार मनोज परहिया चेटे पटसर इलाके में रुका हुआ है। उक्त सूचना के आधार पर पुलिस ने छापामारी कर मनोज परहिया को आज सुबह करीब 4:30 बजे गिरफ्तार कर लिया है। नक्सली के पास से एक मोबाइल बरामद किया गया है। गिरफ्तार नक्सली गढ़वा जिले के रमकंडा थाना क्षेत्र गोरेया करम गांव का रहने वाला है। वह इसके पूर्व टीएसपीसी संगठन में भी काम कर चुका है। उस पर गढ़वा जिले के विभिन्न थानों में कई मामले दर्ज हैं। छापेमारी टीम में पुलिस निरीक्षक रंका अंचल रामजी महतो, पुलिस अवर निरीक्षक थाना प्रभारी रमकंडा शिवलाल कुमार गुप्ता, शस्त्र बल एवं शिव आरती गढ़वा शामिल थे।

### केतार बाजार में डॉ भीमराव अंबेडकर की आदमकद प्रतिमा का हुआ अनावरण, पहुंचे राष्ट्रीय नेता



**केतार (आजाद सिपाही)।** रविवार को केतार सब्जी बाजार स्थित डॉ. भीम राव अंबेडकर की दो क्विंटल 85 किलो कांस्य की आदमकद प्रतिमा का अनावरण भीम आर्मी के राष्टीय अध्यक्ष रत्न कुमार सिंह, अनवारण समिति के संयोजक अजय वर्मा, दिल्ली यूनिवर्सिटी के प्रो. लक्ष्मी यादव ने संयुक्त रूप से फूलमाला चढ़ाकर किया। इसके पश्चात लोहिया समता उच्च विद्यालय में सर्वप्रथम डॉ भीम राव अम्बेडकर, गौतम बुद्ध, करीब दास की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर सम्मानित अतिथियों को इक्कीस किलो का फूलमाला से ओढ़ाकर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। अनवारण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रतन कुमार सिंह ने बाबा साहेब की प्रतिमा लगाने के दौरान जेल गए पांच लोगों को अंग वस्त्र देखकर सम्मानित किया। इसके उपरांत जनसभा का आयोजन किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि रतन कुमार सिंह ने कहा कि आज बाबा साहेब की प्रतिमा का अनावरण हुआ है यह बहुत ही गर्व की बात है। आगे आप सभी कमेटी को ज्योति बाई फुले के नाम से पुस्कालय खोलने की जरूरत है। ताकि बाबा भीम राव अंबेडकर की बातें घर घर पहुंच सकें। मौके पर अनावरण समिति के अध्यक्ष विंदु राम, कोषाध्यक्ष रामविचार साहू, लालेश्वर राम, जीतन राम, विनोद कुमार, शम्भू सिंह, शिवकुमार सिंह, मनोज फौजी, लल्लू राम, कृष्णा राम सहित हजारों लोग उपस्थित थे।

### सगमा बीडीओ पर भ्रष्टाचार के अनेकों मामले होने के बावजूद उन्हें कुछ अधिकारी बचाना चाहते हैं : रामचंद्र केशरी



**श्री बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** जिले के सगमा प्रखंड के बीडीओ के द्वारा भारी भ्रष्टाचार, लूट के क्रियाकलाप बराबर उजागर होते रहते हैं। संगमा बीडीओ द्वारा जनता के साथ किये गये अभद्र व्यवहार, भारी भ्रष्टाचार आदि के अनेकों दास्तान हैं। इसके बाद भी कुछ अधिकारी बीडीओ को बचाना चाहते हैं। उक्त बातें पूर्वमंत्री सह भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य रामचन्द्र केशरी ने शनिवार को चेचरिया स्थित अपने आवासीय कार्यालय में प्रेसवार्ता में कही। उन्होंने कहा कि सगमा प्रखंड में 22 और 30 अप्रैल की घटना को देखा जा सकता है। उन्होंने कहा कि सगमा प्रखंड मुख्यालय में अधिकारियों द्वारा कहा जाता है कि कुछ हुआ ही नहीं है, लेकिन उसी तिथि को घटना के बाद आंदोलन क्यों हुआ? थाना प्रभारी वहां जाकर मांग पत्र क्यों लिये। बीडीओ वहां से क्यों भागे। बीडीओ का कार्यालय एक सप्ताह तक क्यों बन्द रहा। उन्होंने कहा कि मैं जिलाधिकारी से मांग करता हूं कि जिलाधिकारी द्वारा पूर्व में गठित जांच दल के आलोक में सभी शिकायतकर्ताओं को जांच के पूर्व सूचना देकर उच्चस्तरीय जांच करायी जाये। साथ ही मुकेश कुमार यादव और कलावती देवी आदि चार व्यक्ति, ग्राम घघरी से सगमा प्रमुख व बीडीओ द्वारा उक्त चारों लाभुकों से शेड देने के नाम पर 52 हजार रुपये लिये गये तथा ग्राम चैनपुर व घघरी के चौदह ग्रामीणों का आवेदन पर भी जांच कर कार्रवाई की जाये। प्रेसवार्ता में मथुरा पासवान, अश्विनी कुमार, सोबराती खां, राम कुमार कुशवाहा व उपेन्द्र कुशवाहा उपस्थित थे।

### लायंस क्लब गढ़वा ऑसम और मिलाप मेडिकल सेंटर ने लगाया नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** शहर के चिनिया रोड स्थित मिलाप मेडिकल सेंटर में लायंस क्लब ऑफ गढ़वा ऑसम एवं मिलाप मेडिकल सेंटर के संयुक्त तत्वावधान में हर महीने के 30 तारीख को एक निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाता है। इस विशेष कार्यक्रम की जानकारी सेंटर के डायरेक्टर डॉ. असजद अंसारी ने दी। उन्होंने बताया कि इस महीने भी मिलाप मेडिकल सेंटर में कुल 47 रोगियों का इलाज और जांच की सुविधा उपलब्ध की गई है। इस कार्यक्रम के लिए स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. महजबीं द्वारा सेवाएं प्रदान की गई। स्वास्थ्य सलाह के साथ-साथ दवाओं का वितरण भी किया गया। इस आयोजन के माध्यम से सेंटर की टीम विभिन्न महिला संबंधित रोगों के लिए समागम स्थल बनाती है और रोगियों को आवश्यक इलाज और सलाह प्रदान करती है। इस स्वास्थ्य शिविर का आयोजन मासिक आधार पर होता है, जिसे लोग अग्रिम बुक करा सकते हैं। इसमें विभिन्न रोगों की पहचान, उनका निपटारा और समय पर इलाज कराने का महत्वपूर्ण योगदान होता है। इस मौके पर ओटी असिस्टेंट युसूफ अंसारी, एएनएम संध्या, सेजल, बिंदु सहित कई लोग उपस्थित थे।

**कार्यक्रम : हाइकोर्ट के न्यायमूर्ति के गढ़वा आगमन पर विधिक जागरूकता सह सशक्तिकरण शिविर आयोजित**

# विभिन्न योजनाओं से संबंधित लाभुकों को किया गया लाभान्वित

> कांडी प्रखंड एवं गढ़वा प्रखंड के सखी मंडलों को क्रमशः एक करोड़ एक लाख तथा एक करोड़ दो लाख रुपये के चेक प्रदान किये गये

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** न्यायमूर्ति रत्नाकर भेंगरा, न्यायाधीश झारखंड उच्च न्यायालय सह प्रशासनिक न्यायाधीश गढ़वा के गढ़वा आगमन पर स्थानीय उत्सव गार्डन में विधिक जागरूकता सह सशक्तिकरण शिविर का आयोजन किया गया। साथ ही सरकार द्वारा चलायी जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के तहत विभिन्न योजनाओं के लाभुकों को लाभान्वित करने का भी कार्य किया गया। कार्यक्रम का आयोजन दो चरणों में किया गया। पहले चरण में विधिक जागरूकता सह सशक्तिकरण शिविर के माध्यम से लोगों को अपने हक, अधिकार व कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक करने का कार्य किया गया जबकि दूसरे चरण में लाभुकों को योजनाओं से आच्छादित करने का कार्य किया गया।

सर्वप्रथम कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर एवं न्यायमूर्ति श्री भेंगरा तथा मंच पर उपस्थित प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष राजेश शरण सिंह को शॉल एवं बुके देकर सम्मानित करते हुए किया गया। माननीय न्यायमूर्ति के आगमन पर स्कूली बच्चों द्वारा स्वागत गान प्रस्तुत कर उनका अभिवादन किया गया।

कार्यक्रम के दूसरे चरण में विभिन्न सरकारी विभागों तथा सामाजिक सुरक्षा, जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, समाज कल्याण एवं कल्याण तथा जेएसएलपीएस आदि के तहत मौके पर ही माननीय न्यायमूर्ति श्री भेंगरा के हाथों लाभान्वित करने का कार्य किया गया। सामाजिक सुरक्षा के तहत सर्वजन पेंशन योजना के मुख्य रूप से वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन, दिव्यांगता पेंशन के लाभुकों को योजनाओं से आच्छादित किया गया। जिला ग्रामीण विकास अभिकरण के तहत बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर आवास योजना से लाभुकों को मंच से सांकेतिक रूप से लाभान्वित किया गया। इसके अतिरिक्त कल्याण विभाग के तहत बिरसा आवास योजना, सरना घेराबंदी, मुख्यमंत्री रोजगार गारंटी योजना, मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना आदि से लाभुकों को लाभान्वित करते हुए मंच के माध्यम से डेमो चेक प्रदान किये गयें। समाज कल्याण विभाग के तहत मुख्यमंत्री कन्यादान योजना एवं सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना तथा बच्चों के अन्नप्रासन एवं धात्री महिलाओं के लिए गोद भराई और दिव्यांग जनों को ट्राईसाईकिल देकर योजनाओं के तहत लाभान्वित किया गया। जेएसएलपीएस के तहत कैश क्रेडिट लिंकेज के माध्यम से गढ़वा जिले के कांडी प्रखंड एवं गढ़वा प्रखंड के सखी मंडलों के बीच क्रमशः एक करोड़ एक लाख तथा एक करोड़ दो लाख रुपए के चेक प्रदान किये गये।

### किसी भी परिस्थिति में संत तथा भगवान की परीक्षा नहीं लेनी चाहिए : जीयर स्वामी



**बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** श्री जीयर स्वामी जी महाराज ने कहा कि मंत्र, संत एवं भगवान की परीक्षा नहीं लेनी चाहिए। उन्होंने बताया कि इसी मर्यादा का पालन कुंती ने नहीं किया था। जिसके चलते उनको विवाह से पहले पुत्र को प्राप्त करना पड़ा। कुंती ने मर्यादा का पालन नहीं किया और मंत्र की परीक्षा लेनी शुरू कर दी। जिसका परिणाम यह हुआ कि कुंवारी अवस्था में ही उसे कर्ण के रूप में पुत्र को प्राप्त करना पड़ा। अतः किसी भी व्यक्ति को मर्यादा का ख्याल रखना चाहिए। किसी भी परिस्थिति में मंत्र की, संत की तथा भगवान की परीक्षा नहीं लेनी चाहिए।

# रांची-टाटा रोड पर टोल प्लाजा में 20 किलोमीटर के दायरे में सभी वाहनों का शुल्क माफ करने की मांग को लेकर आजसू का अनिश्चितकालीन धरना शुरू

रोहित राम





**बुंडू (आजाद सिपाही)।** रांची-टाटा रोड पर टोल प्लाजा से 20 किलोमीटर के दायरे में सभी वाहनों का शुल्क माफ करने की मांग को लेकर आजसू के बैनर तले रविवार से अनिश्चितकालीन धरना शुरू हुआ। धरना पर बैठे आजसू नेताओं-कार्यकर्ताओं व लोगों की मांग है कि बुंडू, अड़की, सोनाहातु और राहें के स्थानीय लोगों के सभी वाहनों का टोल टैक्स पूर्णतः माफ करने और स्थानीय लोगों को टोल प्लाजा में नौकरी दिया जाए। इसका नेतृत्व आजसू के उपाध्यक्ष राज किशोर कुशवाहा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि धरना में तमाड़, अड़की, सोनाहातु और राहें के लोगों को रांची आने-जाने के लिए 330 रुपये का पास बनाना पड़ता है। इससे पहले आजसू के रांची जिला समिति के उपाध्यक्ष राज किशोर कुशवाहा राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्रालय को ज्ञापन देकर रांची के ओरमांझी एवं चांडिल की तर्ज पर 20 किलोमीटर के दायरे के वाहनों को टोल टैक्स माफ करने की मांग की थी। साथ ही चेतावनी दी गई थी कि उनकी मांग को नहीं माना गया तो 30 जुलाई से टोल प्लाजा में अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया जाएगा। इस दौरान सभी वाहनों को टोल फ्री किया जाएगा। उधर, टोल प्लाजा के प्रबंधक ने कहा कि पहले भी जो लोगों को पास निर्गत किया गया था अब उन लोगों द्वारा टोल माफ करने की बात की जा रही है। पर ऐसा करना संभव नहीं है। उन्होंने इस बात की जानकारी अपने पदाधिकारियों को दे दिया है। रविवार सुबह से ही सैकड़ो लोग टोल प्लाजा पहुंचे और धरना पर बैठ गये। आजसू कार्यकर्ता वहीं, खाना-पीना भी कर रहे हैं। वहीं, धरना को जनता के हित की बात कहकर माकपा व व्यवसायी संघ के अध्यक्ष रंजीत मोदक के साथ भाजपा के प्रदेश संयोजक रंजीत लहरी ने भी अपना समर्थन दिया है। दूसरी ओर, टोल प्लाजा में धरना प्रदर्शन को लेकर बुंडू एसडीओ, डीएसपी, बीडीओ, सीओ एवं थाना प्रभारी संजीव कुमार धरना स्थल पर पहुंचे और प्रदर्शन कर रहे लोगों से बात करहने की कोशिश की, जो विफल रही। समाचार लिखे जाने तक धरना जारी था। इस मौके पर आजसू के केंद्रीय सचिव सह बुंडू प्रभारी संजय महतो, तमाड़ प्रभारी श्याम महतो, पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष सुकरा मुंडा, गुंजन इकिर मुंडा, जिप सदस्य विजय मानकी, परमेश्वरी शांडिल, जगदीश गुप्ता, अड़की के सिद्धार्थ साहू, बुंडू अध्यक्ष हरिहर महतो, गोवर्धन मछुआ, रमेश मुंडा, शुभम कुमार, संजय बड़ाइक, महिला अध्यक्ष राधिका देवी, सुख सारण महतो, मोहम्मद सिराज, भीम महतो, कवि नायक, प्रदीप नारायण पांडे, मिहिर सिंह मुंडा, नीतीश सिंह, आकाश महतो, आकाश बिट, संजय महतो, कैलाश महतो, सुनील महतो, उमेश महतो, अजय सिंह, रंजन महतो, रवि महतो, उपेंद्र महतो, प्रदीप महतो, प्रीति कुमारी, सुमित्रा देवी, आशा देवी, बसंती देवी, रेलाडीह मुखिया सिद्धार्थ मुंडा, सुशेन प्रमाणिक, गोलव के मुखिया सावना महली आदि थे।

## घटिया सामग्री के इस्तेमाल का आरोप लगा कर ग्रामीणों ने बंद कराया पानी टंकी का निर्माण कार्य









**खूंटी (आजाद सिपाही)।** कर्रा प्रखंड के गुमडू गांव में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग की ओर से बनाये जा रहे पानी टंकी के निर्माण में घटिया सामग्री का इस्तेमाल करने का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने काम बंद करा दिया। आरोप है कि पानी टंकी के संवदेक द्वारा काफी निम्न स्तार का काम कराया जा रहा है। गांव के विनोद, अशोक सिंह, जेपी सिंह, सुदामा सिंह, विशाल सिंह सहित कई लोगों ने आरोप लगाया कि पीलर की नींव ही काफी कमजोर है। सिर्फ बालू में लोहे की छड़ लगाकर पीलर खड़ा किया जा रहा है। इससे पानी टंकी कभी भी गिर सकती है। ग्रामीणों का आरोप है कि पीलर की ढलाई के बाद कभी पानी नहीं डाला गया, जबकि इन दिनों भीषण गर्मी पड़ रही है। कहा कि निर्माण कार्य में अनियमितता की शिकायत कई बार ठेकेदार के अलावा विभाग के अभियंता को दी गई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। विवश होकर टंकी का निर्माण कार्य को बंद कराना पड़ा।

## टोल टैक्स माफ करने की आजसू की मांग जायज : ललित

**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** ऑल झारखंड स्टूडेंट्स यूनियन (आजसू) के पूर्व केंद्रीय अध्यक्ष ललित कुमार महतो ने कहा कि बुंडू अनुमंडल अंतर्गत आने वाले तमाड़, बुंडू, राहे और सोनाहातु के अलावा अड़की प्रखंड जो सभी बुंडू से 20 किलोमीटर के दायरे में आते हैं वहां के लोगों को टोल टैक्स देने से छूट दिया जाए। बुंडू मुख्यालय से तमाड़ और अड़की की सीमा मात्र सात से 8 किलोमीटर है। कांची नदी पार करते ही तमाड़ और अड़की प्रखंड की सीमा प्रारंभ हो जाती है। बुंडू से 6 से 7 किलोमीटर जाते ही राहे और सोनाहातू की सीमा प्रारंभ हो जाता है। बुंडू से 15 किलोमीटर के दायरे में नामकुम/खिजरी प्रखंड की सीमा प्रारंभ हो जाता है। जबकि 20 किलोमीटर के दायरे में आने वाले क्षेत्र के लोगों को टोल टैक्स नहीं वसूला जाना चाहिए। ये नियम कड़ाई से लागू हो और अधिक से अधिक स्थानीय लोगों को रोजगार मिले ये प्रशासन सुनियोजित करे। मैं ऐसे रोज रखने वालों के साथ हूं।

## सुलभ समाधान : खूंटी के सभी छह प्रखंडों में लगा विधिक सेवा सशक्तीकरण शिविर

# 4449 लाभुकों के बीच 2.51 करोड़ रुपये की परिसंपत्तियों का वितरण

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार दिल्ली और झालसा रांची के निर्देश पर खूंटी के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष सत्य प्रकाश के मार्गदर्शन में रविवार को जिले के सभी छह प्रखंडों में विधिक सेवा सशक्तीकरण शिविर का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य सुदूरवर्ती क्षेत्र के ग्रामीणों को मुख्यधारा में जोड़ना और सभी ग्रामीणों को अपने निकटवर्ती प्रखंड कार्यालय में सरकारी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आसानी से दिलाना है।



विधिक सेवा सशक्तिकरण शिविर में सरकारी योजनाओं की जानकारी व लाभुकों के बीच परिसंपतियों का वितरण करते न्यायाधीश व अन्य।

विधिक सेवा सशक्तीकरण शिविर में सभी प्रखंडों में व्यवहार न्यायालय के सभी न्यायाधीश और प्रखंडों के बीडीओ व सीओ द्वारा सरकार की ओर से आम जनों के लाभ के लिए चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री आवास योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, कृषि वाणिज्य संबंधी योजना, श्रम एवं रोजगार योजना, पशुपालन, दिव्यांग यंत्र वितरण, जेएसएलपीएस, चेतना कर्तव्य, जन शिशु शक्ति एवं अन्य योजनाओं का लाभ आम जनों को दिया गया। जिला जज द्वितीयय सत्यकाम प्रियदर्शी ने कर्रा प्रखंड में, डालसा सचिव मनोरंजन कुमार खूंटी और मुरहू प्रखंड, एसडीजेएम दिनेश बाउरी ने तोरपा प्रखंड, न्यायिक दंडाधिकारी निबंधक व्यवहार न्यायालय खूंटी प्रथम तुषार आनंद ने अड़की प्रखंड में जाकर सशक्तीकरण शिविर का उद्घाटन किया और परिसंपत्तियों का वितरण किया। इस दौरन शिविरों में 4449 लाभुकों के बीच दो करोड, 51 लाख, छह हजार 876 रुपये की परिसंपत्तियों का वितरण किया गया। कार्यक्रम में एलएडीसी के चारों सदस्य, अधिवक्ता राजीव कमल, नम्रता कुमारी, अमरदीप कुमार, रविकांत शर्मा, पैनल अधिवक्ता मुकुल कुमार पाठक,, मिलन कुमार दास, आशीष कुमार, ममता सिंह, कविता कुमारी, राजेश कुमार, सुमित कुमार कश्यप, मदन मोहन राम, अनिभा तिर्की, गौतम कुमार, मनोज कुमार ठाकुर, प्रेम प्रकाश होरो, प्रसाद महतो, करम सिंह प्रमाणिक, शशि कला कुमारी के अलावा प्रखंड के पीएलवी और ग्रामीण उपस्थित थे।

## जेआइआइटी एकेडमी कंप्यूटर सेंटर में छात्रों के बीच प्रमाण पत्रों का वितरण



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** तोरपा रोड खूंटी टोली स्थित जेआइआइटी एकेडमी कम्प्यूटर सेंटर में रविवार को छह माह का डिप्लोमा कम्प्यूटर और अन्य कोर्स पूरा करने वाले विद्यार्थियों के बीच प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। संस्था के संचालक वीरेंद्र नाग ने विद्यार्थियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में 55 विद्यार्थियों के बीच कम्प्यूटर प्रमाणपत्र का वितरण किया गया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले तीन विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र के साथ उत्कृष्टता पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया। इनमें अर्चना बारला को प्रथम, रीना कश्यप को द्वितीय और लिवांस होरो को तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया। संचालक ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की और उनके मनोबल को बढ़ाते हुए सबको कम्प्यूटर के महत्व को समझाया। बताया कि एडीसीए, डीटीपी, टैली, नेटवर्क मार्केटिंग टाइपिंग और अन्य कोर्स करने वाले विद्यार्थियों के लिए कम फीस में कोर्स कराया जाएगा। इस मौके पर सहायक शिक्षिका मोनी रानी, पुनिता कुमारी, सुभाष राम, रिया रानी, सबन पूर्ति, गणेश स्वांसी आदि उपस्थित थे।

## पिपरवार के कल्याणपुर में दीवार तोड़ कर चोरी

**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** कल्याणपुर चौक के समीप राजधर रोड में लाईफ स्टाईल नामक कपड़ा दुकान में शनिवार की रात दीवार तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया गया। भुक्तभोगी दुकान संचालक सुनील कुमार गुप्ता ने बताया कि प्रतिदिन की तरह वह दुकान बंद कर रात में अपने घर चला गया था। रविवार की सुबह दुकान आने पर चोरी की घटना की जानकारी मिली। उसने तुरंत इसकी सूचना पिपरवार पुलिस को दी। बताया कि चोर दुकान की दीवार तोड़कर अंदर आए थे और ब्राडेड जींस, टीसर्ट, सर्ट, जूता, सूट आदि लेकर चंपत हो गए। सारा समान भी इधर-उधर फेंक दिये थे। वहीं, भुक्तभोगी की पत्नी ने बताया कि महिला मंडल से कर्जा लेकर व्यवसाय को बढाया था। बताया कि इससे पहले भी चोरी की घटना हो चुकी है। वहीं, सूचना पाकर पिपरवार पुलिस मौके पर पहुंचकर पूरे मामले की जानकारी ली।

### महत्वपूर्ण न्यूज

## राजेंद्र के इलाज में मदद के लिए उठे सैकड़ों हाथ



**बुंडू (आजाद सिपाही)।** बुंडू नवरात्रि टोली स्थित गरीब राजेंद्र दास (44) के इलाज में मदद के लिए कई लोग सामने आए हैं। जानकारी के अनुसार राजेंद्र दास वेल्डिंग दुकान में काम करते थे चोटिल होने से बीमार हो गया था। उसके घर की स्थिति दयनीय हो गई। सारा खर्च इलाज में ही चला गया। ऐसी स्थिति में नवरात्रि टोली के समाजसेवी मदद के लिए आगे आए। राजेंद्र के दो बेटे और पत्नी है। डाक्टरों ने गंभीर बीमारी के संकेत दिये है। इसके बाद से राजेंद्र काफी हताश व उदास रह रहे हैं।

## खूंटी में निकला मुहर्रम का मुख्य जुलूस



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** हजरत मोहम्मद साहब के नवासे इमाम हसन हुसैन की याद में मनाए जाने वाले मुहर्रम के अवसर पर रविवार को शहर में पहलाम का मुख्य जुलूस निकाला गया। शिवाजी चौक से निकाले गए मुहर्रम के मुख्य जुलूस से पूर्व कर्रा रोड इमामबाड़ा, जन्नत नगर, लियाकत अली लेन, आजाद रोड, मस्जिद गली आदि क्षेत्रों के अखाड़े वाले लोग गाजे-बाजे, निशान व ताजिया लेकर जुलूस के रूप में शिवाजी चौक पहुंचे। जहां सभी अखाड़ा वालों के इक्ट्ठा होने के बाद जुलूस अपने गंतव्य लियाकत अली लेन, जन्नत नगर, आजाद रोड, मेन रोड, नेताजी चौक, थाना परिसर होता हुआ वापस कर्रा रोड स्थित कर्बला पहुंचकर समाप्त हुआ। रात में कर्बला पहुंचने के बाद जुलूस में शामिल लोगों द्वारा वहां फातेहा पढ़ा गया। जुलूस में शामिल लोग धार्मिक नारे लगा रहे थे और अस्त्र-शस्त्र चालन का करतब का प्रदर्शन करते चल रहे थे। जुलूस का नेतृत्व सेंट्रल मुहर्रम कमेटी के अध्यक्ष जमील अख्तर, महासचिव सयूम अंसारी सहित अन्य पदधारी कर रहे थे। सुरक्षा व्यवस्था की कमान अनुमंडल पदाधिकारी अनिकेत सचान और एसडीपीओ अमित कुमार संभाले हुए थे। वहीं, केंद्रीय रामनवमी महासमिति खूंटी द्वारा नेताजी चौक के समीप स्टॉल लगाकर जुलूस में शामिल लोगों का स्वागत किया गया। मुहर्रम जुलूस के पूर्व शिवाजी चौक में जुलूस के खूंटी के विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा डीसी लोकेश मिश्रा, एसपी अमन कुमार के अलावा अनुमंडल पदाधिकारी अनिकेत सचान एसडीपीओ अमित कुमार आदि को मुहर्रम कमेटी के अध्यक्ष जमील अख्तर, सयूम अंसारी आदि ने पगड़ी पहना व तलवार देकर स्वागत किया।

## 50 हजार श्रद्धालुओं ने किया बाबा आम्रेश्वर धाम में भोलेनाथ का जलाभिषेक



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** जिले के प्रसिद्ध आम्रेश्वर धाम आनेवाले शिव भक्तों की संख्या लगातार बढ़ती ही जा रही है। मलमास के दूसरे रविवार को जलाभिषेक के लिए आम्रेश्वर धाम में 50 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने बाबा भोलनाथ का जलाभिषेक किया। शिवालय सहित अन्य मंदिरों के पट रविवार तड़के जैसे ही खुले, पूरा वातावरण बोल बम, हर-हर महादेव के जयकारों से गूंज उठा। शिवभक्तों ने मुख्य मंदिर में भोले शंकर का जलाभिषेक करने के बाद अन्य मंदिरों में भी पूजा-अर्चना की। धाम परिसर में दुर्गा मंदिर, श्री राम जानकी मंदिर, श्री राधा कृष्ण मंदिर, श्री गणेश मंदिर, पार्ती मंदिर, काली मंदिर,शनि मंदिर में दिन भर भक्तों का तांता लगा रहा। हजारों भक्त बनई नदी से जलक लेकर पैदल पांव आम्रेश्वर धाम पहुंचे और भोले नाथ का जलाभिषेक किया। आम्रेश्वर घाम में शीघ्र दर्शन की व्यवस्था के तहत भोले शंकर का शीघ्र दर्शन के अभिलाषी प्रत्येक श्रद्धालु को आम्रेश्वर धाम प्रबंध समिति के समक्ष 250 रुपये की सहयोग राशि जमा करनी होती है। रविवार को 100 से अधिक शिवभक्तों ने शीघ्र दर्शन का लाभ उठाया। उदर, सुरक्षा को लेकर तोरपा, कर्रा, खूंटी और मुरहू थाना की पुलिस के अलवा महिला पुलिसकर्मयों की प्रतिनियुक्ति की गई है। शिवभक्तों की कतार को व्यवस्थित एवं जलाभिषेक के दौरान शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए पुलिस के साथ आम्रेश्वर धाम प्रबंध समिति भी दिन भर लगी रही।

## पिपरवार में आजसू की बैठक में हल्ला बोल कार्यक्रम को सफल बनाने का निर्णय



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** क्षेत्र के पंचवटी सभागार में रविवार को आजसू पिपरवार नगर कमेटी की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता पिपरवार नगर अध्यक्ष विनोद सिंह और संचालन मोहन कुमार ने किया। बैठक में दो अगस्त को केरेडारी प्रखंड कार्यालय प्रांगण में पार्टी की ओर से आयोजित हल्ला बोल कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर चर्चा की गयी। साथ ही पिपरवार नगर में आजसू को मजबूत बनाने पर जोर दिया गया। हल्ला बोल कार्यक्रम में आजसू के केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशनलाल चौधरी उपस्थित रहेंगे। इस मौके पर अशोक रवि, अर्जुन महतो, प्रभाकर वर्मा, उमेश मेहता, काशीनाथ महतो, रमेश महतो, गणेश महतो, कौलेश्वर महतो, आदेश महतो, अनिल यादव, राजकुमार महतो, कमल सिंह, रामचरण महतो, फुलेश्वर महतो आदि उपस्थित थे।

## तोरपा के ममरला में जनजातीय वन महोत्सव का आयोजन

# पर्यावरण संतुलन और मानव जीवन को बचाने का पौधरोपण ही कारगर विकल्प : कोचे मुंडा

**कहा- अभी से सचेत नहीं हुए तो आने वाला कल भयावह होगा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** तोरपा के ममरला गांव में रविवार को वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के सहयोग से जनजातीय वन महोत्स का आयोजन किया गया। *वन प्रेमी हैं हम* की थीम पर आधारित वन महोत्सव में भाजपा विधायक कोचे मुंडा, उनकी पत्नी मोनिका मुंडा, भाजपा नेता रेड़ा मुंडा, घासीराय मुंडा सहित एक दर्जन से अधिक गांवों के पाहनों ने पौधा रोपण किया। इस दौरान आम, नीम, वरगद, पीपल और महोगनी के पौधे लगाये गये। विधायक ने अपने संबोधन में कहा कि जिस गति से विश्व की जनसंख्या बढ़ रही है, उसके अनुपात में पेड़ नहीं लगाये जा रहे हैं। इसी कारण ग्लोबल वार्मिंग और ऑक्सीजन की कमी का सामना न सिर्फ मानव, बल्कि हर प्राणी को करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि जब किसी को बुखार आ जाता है, तो उसे दवा दी जाती है। आज हमारी पृथ्वी भी गर्म हो रही है और इसे बचाने की एक ही दवा है अधिक से अधिक वृक्षारोपण। विधायक ने कहा कि जनजातियों का जीवन ही वनों पर आधारित है। हमारा अस्तित्व ही वनों और प्रकृति पर निर्भर करता है। दुनिया का सबसे बड़ा प्रकृति पुजक और संरक्षक आदिवासी समाज ही है। कहा कि अभी से सचेत नहीं हुए, तो आनेवाले दिनों में स्थिति और खतरनाक हो जाएगी। इसलिए हम सभी को पौधा रोपण और उनके संरक्षण का संकल्प लेना होगा। जनजातीय वन महोत्सव में ममरला, डोड़मा, रिड्डुम, हुसीर, रोन्हे, जराटोली सहित कई गांवों के वाहन, पुजार, महतो और ग्रामीण उपस्थित थे। इस मौके पर वनरक्षी प्रवीण सिंह, संजय साहू, दीपक मुंडा, विजय होरो, पीटर पॉल के अलावा रंजीत सोलंकी, हिंगुवा गुड़िया, सोमा पाहन, रतिया पाहन, पऊ पाहन, कालिया मुंडा, सुरजू पाहन, मांगू पाहन, मोंगला मुंडा, बेरो मुंडाइन, पुसो मुंडाइन आदि ग्रामीण मौजूद थे।



वन महोत्सव में पत्नी के साथ पौधरोपण करते विधायक कोचे मुंडा व अन्य।

## बचरा रेलवे साइडिंग के पास बेपटरी हुआ मालगाड़ी का डिब्बा



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** बचरा रेलवे साइडिंग के समीप रविवार की सुबह मालगाड़ी का एक डिब्बा पटरी से उतर गया। इसकी सूचना मिलते ही रेलवे के परिचालन निरीक्षक उमेश कुमार तत्काल इसकी सूचना रेलवे के वरीय अधिकारियों को दी। जिसके बाद कई अधिकारी मौके पर पहुंचे और बेपटरी हुए डिब्बे को ट्रैक पर लाकर उसे रवाना किया। इस घटना में रेलवे को कोई खास नुकसान नहीं हुआ है। इस संबंध में टीआइ उमेश कुमार ने बताया कि प्वाइंट बद1लते समय ट्रैक में कुछ तकनीकी कारणों से पूरे रैक का सिर्फ एक डिब्बा पटरी से उतर गया था जिसे तत्काल पटरी पर लाकर उसी रैक से संबद्ध कर दिया गया। रेलवे अधिकारियों और कर्मियों की तत्परता से तुरंत उक्त लाइन पर मालगाड़ियों की आवाजाही शुरू हो गई।

## भाजपाइयों ने सुनी पीएम के 'मन की बात'

**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** पिपरवार भाजपा मंडल के कार्यकर्ताओं ने रविवार को सभी बूथों एवं शक्ति केंद्रों पर टीवी के माध्यम से प्रधानमंत्री के मन की बात के 103वें संस्करण को ध्यान से सुना।

## झटनी टुंगरी बूथ संख्या 95 पर सांसद संजय सेठ ने कार्यकर्ताओं संग 'मन की बात' कार्यक्रम को सुना



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 103वें एपिसोड को संबोधित किया। इस अवसर पर सांसद संजय सेठ ने साल्हन पंचायत के झटनी टुंगरी बूथ संख्या 95 पर भाजपा कार्यकर्ताओं संग प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को सुना। प्रधानमंत्री ने कार्यक्रम में सबसे पहले प्राकृतिक आपदाओं पर चर्चा की तथा लोगों से जल संरक्षण और पौधरोपण करने की अपील की। उन्होंने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हर घर तिरंगा परंपरा को जारी रखने का आह्वान किया। मौके पर सांसद संजय सेठ ने कहा कि आज मन की बात कार्यक्रम उन 100 करोड़ लोगों तक पहुंच चुका है और जो जागरूक हैं, कम से कम एक बार इस कार्यक्रम को जरूर सुन चुके हैं। कार्यक्रम में पूर्व विधायक रामकुमार पहान, भाजपा जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र महतो, जिप सदस्य अनुराधा मुण्डा, जिला मीडिया प्रभारी रामसाय मुण्डा, ओबीसी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष नरेश साहू, मंडल महामंत्री राजेन्द्र महतो, मनीराम महतो सहित अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

## सिरका बूथ न.129 में भाजपा महामंत्री डॉ प्रदीप वर्मा ने कार्यकर्ताओं संग सुनी 'मन की बात'



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** सिरका गांव के बूथ नंबर 129 में आयोजित लाइव कार्यक्रम में भाजपा के प्रदेश महामंत्री डा. प्रदीप वर्मा, भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य जैलेन्द्र कुमार शामिल हुए। अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष सुरेंद्र महतो व संचालन मंडल महामंत्री राजेन्द्र महतो ने किया। इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य अनुराधा मुंडा, जिला उपाध्यक्ष प्रभुदयाल बड़ाईक, जिला मीडिया प्रभारी रामसाय मुंडा, अनगड़ा मंडल अध्यक्ष रामनाथ महतो, सुनील महतो, पंसस सावित्री देवी, कामेश्वर महतो, अगमलाल महतो, दुर्गा महतो, बलराम महतो, संजय महतो, जयशंकर मुण्डा, जगेश्वर महतो, अमित चरण, ज्योतिष महतो, राजेश महतो सहित अन्य उपस्थित थे।

## सोनालाल महतो कुरमी विकास मोर्चा के रांची जिलाध्यक्ष बने



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** टोटेमिक कुरमी/कुड़मी विकास मोर्चा के केन्द्रीय एंव जिला समिति की संयुक्त बैठक रविवार को होटल गंगा आश्रम रांची में हुई। बैठक में संगठन की मजबूती और आगामी कार्यक्रम को लेकर चर्चा की गई। बैठक में सर्वसम्मति से अनगड़ा प्रखंड अंतर्गत चिलदाग पंचायत के सिमरटोला निवासी सोनालाल महतो को टोटेमिक कुरमी/कुड़मी विकास मोर्चा का रांची जिलाध्यक्ष मनोनित किया गया। इस अवसर पर नवनियुक्त जिलाध्यक्ष सोनालाल महतो का स्वागत किया गया तथा उम्मीद की गई कि जो जिम्मेवारी उन्हें मिली है उसका बखूबी निवर्हन करेंगे। जिलाध्यक्ष बनने पर टोटेमिक कुरमी/कुड़मी विकास मोर्चा के केन्द्रीय अध्यक्ष शीतल ओहदार, रामपोदो महतो, सखीचंद महतो, ओमप्रकाश महतो, नरेश महतो, डब्लु महतो, अनिल महतो, लबु महतो, बाबुराम महतो आदि ने बधाई दी है।

## सुभाष मुंडा के हत्यारों की गिरफ्तारी को लेकर आदिवासी-मूलवासियों ने कैंडल मार्च निकाला



**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** माकपा नेता सुभाष मुंडा के हत्यारे अभी तक पुलिस प्रशासन की पकड़ से दूर हैं। समय बीतता जा रहा है और नतीजा ज्यों का त्यों पड़ा है। प्रशासन का वादा भी फेल हो जा रहा है। इसी मामले से आक्रोशित नगड़ी प्रखंड के आदिवासी-मूलवासियों ने कैंडल जुलूस निकाला और प्रशासन को चेतावनी दी कि सुभाष के हत्यारों को अविलंब गिरफ्तार किया जाये, नहीं तो जनता अब बड़े आंदोलन करने को बाध्य होगी। मौके पर रांची जिला परिषद अध्यक्ष निर्मला भगत, समाजसेवी कलाम आजाद, आजसू पाटी के हटिया विधानसभा प्रभारी भरत काशी, बजरंग महतो, आदिवासी सेना के केन्द्रीय अध्यक्ष अजय कच्छप, निमा तिर्की, सोमनाथ उरांव, कमल मुंडा, गुलरेज अंसारी, चिलगू कच्छप, महादेव उरांव, जिकरूला अंसारी, अमित कच्छप, अबरार अंसारी, सविता मुंडा, ममता उरांव, नरेश उरांव, सरस्वती देवी, मानूं तिग्गा, माया मिंज, मधु कच्छप सहित दर्जनों ग्रामीण शामिल थे।

## सुभाष मुंडा के हत्यारों को जल्द गिरफ्तार कर कड़ी सजा दी जाये : जिप अध्यक्ष



**रातू (आजाद सिपाही)।** रांची जिला परिषद की अध्यक्ष निर्मला भगत ने सीपीआईएम के युवा नेता समाजसेवी सुभाष मुंडा की हत्या की पुरजोर निंदा की है। उन्होंने राज्य सरकार की कानून व्यवस्था पर सवाल खड़ा करते हुए कहा है कि हेमंत राज में अपराधी खुलेआम हथियार लेकर घूम रहे हैं। क्षेत्र में भय का माहौल है। रंगदारी मांगना व गोली मारना आम बात हो गयी है। रातू में एक सप्ताह के अंदर तीन-तीन लोगों को गोली मारी गयी है। उन्होंने कहा कि सुभाष मुंडा के हत्यारों को जल्द से जल्द पकड़ कर कड़ी से कड़ी सजा दी जाए नहीं तो हम लोग चुप बैठने वाले नहीं हैं। श्रीमती भगत ने कहा कि सुभाष मुंडा एक प्रखर वक्ता, मृदुभाषी एवं मिलनसार युवा नेता थे। उनका इस तरह से हत्या हो जाना समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने कहा कि दुख की इस घड़ी में हम सुभाष मुंडा के परिवार के साथ खड़े हैं और इंसाफ दिलाने के लिए अंतिम सांस तक खड़े रहेंगे।

## सिल्ली विधायक सुदेश महतो ने गुड़ीडीह में स्वास्थ्य उपकेंद्र भवन का किया शिलान्यास



**सिकिदिरी (आजाद सिपाही)।** अनगड़ा प्रखंड अंतर्गत गुड़ीडीह में रविवार को सिल्ली विधायक सुदेश कुमार महतो ने आयुष्मान भारत के तहत जिला परिषद से बनाये जाने वाले स्वास्थ्य उपकेन्द्र भवन का शिलान्यास किया। इस शिलान्यास कार्यक्रम में पंचायत क्षेत्र के विभिन्न दलों के दर्जनों कार्यकर्ताओं ने आजसू पार्टी का दमन थामा। जिसे पार्टी सुप्रीमो सह विधायक ने माला पहना कर स्वागत किया। शामिल होने वाले कार्यकर्ताओं में रवि लोहरा, मनोज भोगता, बुधराम भोगता, जयनाथ मुण्डा, सुनिलाल बेदिया, सुखनाथ बेदिया आदि शामिल हैं। मौके पर जिला परिषद अनगड़ा राजेन्द्र शाही मुण्डा, विजय उरांव, बिरेन्द्र सिंह भोगता, चांदमनी देवी, सुषमा देवी, सत्यनारायण मुंडा, विक्रम हजाम, चन्द्रभुवन लोहरा, दीनदयाल बेदिया, विकास महली, सुदामा प्रजापति आदि शामिल थे।

# राज्य में बढ़ते अपराध और बिगड़ती कानून व्यवस्था के खिलाफ भाजपाइयों ने सरकार का पुतला फूंका

**राज्य में कानून व्यवस्था की स्थिति बेहद खराब हो चुकी, अपराधी बेलगाम हो चुके हैं : रामकुमार पहान**



आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** झारखंड में कानून व्यवस्था की बदतर स्थिति एवं बढ़ते अपराध के खिलाफ भाजपा कार्यकर्ताओं ने रविवार को गोंदलीपोखर बाजार में राज्य सरकार का पुतला फूंका। इससे पहले पूर्व विधायक रामकुमार पहान एवं भाजपा ग्रामीण जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र महतो के नेतृत्व में पुतले के साथ जुलूस निकाला गया। इस दौरान राज्य सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई।

मौके पर रामकुमार पहान ने कहा कि राज्य में कानून व्यवस्था की स्थिति बेहद खराब हो चुकी। अपराधी बेलगाम हो चुके हैं। हर रोज प्रदेश के किसी ना किसी क्षेत्र में हत्या, बलात्कार, लूट, गोली चालन आदि घटनाएं आम हो चुकी हैं। आम जनता काफी खौफजदा है। पुलिस इन वारदातों को रोक पाने में पूरी तरह विफल हो चुकी है। कहा कि पुलिस जमीन माफियाओं और अपराधियों को थाना में बैठाकर वसूली करती है। वहीं गरीबों की फरियाद थाने में नहीं सुनी जाती है। राज्य में कानून व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है।

कार्यक्रम में उमेश बड़ाईक, रामसाय मुण्डा, नरेश साहू, रामनाथ महतो, सुनील महतो, राजेन्द्र महतो, धनीराम महतो, विजय महतो, अगमलाल महतो, जगेश्वर महतो, अजय सिंह भोगता, शिबु मुण्डा, मनीराम महतो, शिवलाल पाहन, कृष्णा भगत, राजेश महतो, देवनाथ महतो, रामचरण पहान, विश्वनाथ मिश्रा, रितु महतो, वनमाली महतो, बिरजा मुण्डा, पुशनाथ मुण्डा आदि कार्यकर्ता शामिल थे।

# सेंट्रल मुहर्रम कमेटी चान्हो के मुहर्रम मेला का बंधु तिर्की ने किया उद्घाटन

**सेंट्रल एक्शन मोहर्रम कमेटी ने गंगोत्री कुजूर, सन्नी टोप्पो और जिप सदस्य आशुतोष तिवारी का किया स्वागत**



आजाद सिपाही संवाददाता

**चान्हो।** सेंट्रल मुहर्रम कमेटी चान्हो द्वारा आयोजित मेला का उद्घाटन रविवार को कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने किया। इस मौके पर वे लाठी भांजते हुए भी नजर आए। इसमें विभिन्न गांव से अखाड़ा धारी अपने-अपने अखाड़ा, खेल सामग्री और बाजा गाजा के साथ चान्हो मेला टांड़ में शामिल हुए और अपने हैरतअंगेज खेल से लोगों का मन मोह लिया। मौके पर श्री तिर्की ने कहा कि इस्लाम को जिंदा रखने के लिए हजरत हुसैन ने कुर्बानी दी थी। टांगर में भी मुहर्रम का मातमी जुलूस निकाला गया। जिसमें भारी संख्या में लोग शामिल हुए। वहीं चोरिया में भी मुहर्रम का जुलूस निकाला गया। इसमें तिरंगा अखाड़ाधारी खेल सामग्री और बाजा-गाजा के साथ चोरिया पहुंचे। मेलानी में मुहर्रम जुलूस के मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा नेता सन्नी टोप्पो और विशिष्ट अतिथि के रूप में जिप सदस्य आशुतोष तिवारी शामिल हुए। सेंट्रल एक्शन मोहर्रम कमेटी के अध्यक्ष सफीक अंसारी के द्वारा पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर, भाजपा के युवा नेता सन्नी टोप्पो, जिला परिषद सदस्य आशुतोष तिवारी का मंच पर पगड़ी बांधकर स्वागता किया गया एवं सुलेमानी तलवार भेंट की गई। भाजपा नेता सनी टोप्पो ने कहा के आपसी भाईचारे व प्रेम का प्रतीक मुहर्रम का मेला लोगों को एकजुट होकर रहने का सीख देता है। मोहर्रम मेला को लेकर प्रशासन भी अलर्ट दिखा। जगह-जगह पुलिस के जवान तैनात किए गए थे।

# रांची जिला रौनियार वैश्य सभा ने पहाड़ी मंदिर में किया विशाल भंडारा का आयोजन




आजाद सिपाही संवाददाता

**ओरमांझी।** अखिल भारतीय रौनियार वैश्य सभा ने पहाड़ी मंदिर में शिविर लगाकर भंडारे का आयोजन किया। उपाध्यक्ष विरेंद्र कुमार गुप्ता एवं अखिल भारतीय रौनियार वैश्य सभा के सहायक मंत्री अजय कुमार गुप्ता, रांची जिला के कार्यवाहक महासचिव अशोक कुमार गुप्ता व अन्य सहयोगी के साथ पूजा-अर्चना के उपरांत भंडारे का महाप्रसाद का वितरण किया गया।

भंडारा में तमाम इकाई के सदस्य एवं पदाधिकारी परिवार के साथ में आकर तन मन धन के साथ भंडारे में पुड़ी, सब्जी व हलवा का वितरण किये। रांची जिला पहाड़ी मंदिर समिति के तमाम पदाधिकारी की ओर से दान व सहयोग करने वालों का धन्यवाद ज्ञापन किया गया।

श्रावण माह की चार रविवार सोमवार को जो भी कार्यक्रम तय होगा आप सबों के सहयोग की आवश्यकता होगी। भंडारा कार्यक्रम में समाज के सुरेश प्रसाद गुप्ता, मनीष प्रसाद गुप्ता, बिहारी लाल गुप्ता, दीपू गुप्ता, डॉ मुरली सेन गुप्ता, गौरव गुप्ता, बजरा इटकी रौनियार समाज से आए संजय गुप्ता, दिवाकर गुप्ता, दीपांकर गुप्ता, संजय गुप्ता, रमेश कुमार रौनियार, मदन कुमार गुप्ता, प्रो. वीरेंद्र गुप्ता का विशेष योगदान रहा।

## रातू में तैलिक साहू सभा की बैठक में विवाह संबंधित मामले का किया गया निपटारा



**रातू (आजाद सिपाही)।** झारखंड तैलिक साहू सभा की बैठक रातू इतवार बाजार स्थित प्रदेश अध्यक्ष महेश महतो की अध्यक्षता की गई। महेश महतो की आवासीय परिसर में आयोजित बैठक में विवाह से संबंधित कांके सुकुरहुटू के रहने वाले लड़का पक्ष के जीतराम साहू व ठाकुरगांव की लड़की पक्ष के किरण देवी के बीच उपजे विवाद को आपसी बैठक कर सुलझाया गया। वर्ष 2008 में विवाह के बाद पति व पत्नी के बीच किसी बात को लेकर विवाद के उपरांत दोनों एक-दूसरे से अलग-अलग रहते थे। परिजनों ने मामले की सूचना झारखंड तैलिक साहू सभा को दी। इसके उपरांत सभा के लोगों ने दोनों परिवारवालों व समाज के लोगों को बुलाकर आपसी समझौता कराते हुये पत्नी-पति को एक साथ रहने के लिए राजी किया। बैठक में प्रदेश के प्रधान महासचिव अधिवक्ता मदन कुमार, युवा प्रदेश अध्यक्ष दिलीप साहू, रांची जिला अध्यक्ष कुमार रोशन, महासचिव राज किशोर साहू, प्रदेश उपाध्यक्ष छबेसवर साहू, रमेश साहू, सुकुरहुटू एवं ठाकुर गांव के समाज के लोग उपस्थित थे।

## बेड़ो में सड़क दुर्घटना में तीन घायल

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के तुको गांव के समीप बेड़ो-लोहरदगा मार्ग पर रविवार की रात लगभग साढ़े सात बजे एक ठेला लेकर जा रहे दंपति को एक बाइक सवार के द्वारा पीछे से धक्का मार दिए जाने से दंपति सहित तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष सत्येंद्र साहू ने स्वजनों के सहयोग से ऑटो द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद बेड़ो पहुचाया। घायलों में राम कैलाश साहू (62) व पत्नी बालमईन देवी (62) तुको बेड़ो निवासी हैं। वहीं बाइक सवार जमगाई खरका भरनो गुमला निवासी महादेव लोहरा (28) है। डा. अर्चना प्रिया ने तीनों घायलों का प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल दंपति को रिम्स रेफर कर दिया। घायल बालमईन देवी ने बताया कि वे अपने पति के साथ ठेला धकेल कर अपने घर तुको जा रहे थी, तभी पीछे से एक बाइक सवार ने उन्हें धक्का मार दिया जिससे वे सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए।

**निरीक्षण : राष्ट्रीय एवं राज्य बाल संरक्षण आयोग अध्यक्ष ने रैनबो बाल गृह का किया औचक निरीक्षण**

# अवैध रूप से चल रहे बाल आश्रय गृह पर नगड़ी थाना में दर्ज कराया मामला

**बाल गृह के नाम पर सरकार और विदेशों से भी ली जा रही है फंडिंग**



आजाद सिपाही संवाददाता

**पिस्कानगड़ी।** नगड़ी थाना क्षेत्र में कुटे में अवैध रूप से चल रहे बाल आश्रय गृह को लेकर नगड़ी थाना में राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष प्रियांक कानूनगो के द्वारा मामला दर्ज कराया गया है। नगड़ी थाना में दर्ज प्रथामिकी के अनुसार शनिवार शाम चार बजे राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष प्रियांक कानूनगो और राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष काजल यादव नगड़ी के कुटे में स्थित गिरजा देवी शाहदेव राजकीय प्राथमिक विद्यालय में अवैध तरीके से चल रहे रैनबो बाल गृह का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में पाया कि वर्तमान में वहां 55 बच्चे रह रहे हैं, जिन्हें स्कूल के सरकारी भवन में रखा जा रहा है। जिनमें चार बच्चे जिन्हें बाल कल्याण समिति द्वारा चुटिया के प्रेमाश्रय में रखने का आदेश दिया गया था, परन्तु उन्हें अवैध रूप से यहां रखा गया है। इन चारों का यहां कोई लिखित रिकार्ड भी नहीं पाया गया। बाल गृह परिसर में एक नाबालिग बाहरी युवक से धारदार औजार से घास कटवाया जा रहा था, जो गलत था। मौके पर परिसर के जांच के क्रम में वहां 17 बोतल व्याकाफ जूनियर दवाएं पाई गईं, जिनका कोई डाक्टर का मेडिकल पर्चा नहीं दिखाया गया। जब बाल गृह संचालक से संबंधित दस्तावेज की मांग की गई तो सीडब्ल्यूसी द्वारा जारी फीट फैसलिटी प्रमाण पत्र दिखाया, जो कि विधि विरुद्ध प्रतीत होता है क्योंकि फीट फैसलिटी में बच्चों को अस्थाई रूप से रखने का स्थान होता है। जबकि यहां बच्चों को लंबे समय से रखा जा रहा है। बाल गृह के नाम पर सरकार और विदेशों से भी फंडिंग ली जा रही है। इस रेनबो बाल गृह में पिछले वर्ष भी निरीक्षण के क्रम में पोक्सो का उल्लंघन पाया गया था। उसके बाद नगड़ी थाना में पोक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज कराया गया था। यहां अन्य बाल गृहों से बच्चों को लाकर रखना और सरकारी और विदेशी फंडिंग लेना मानव दुराचार और आर्थिक अनियमितता की श्रेणी में आता है। फीट फैसलिटी के नाम पर यहां बच्चों को स्थायी रूप से रखना सरासर गलत है। अतः इस सेंटर को तत्काल बंद कर इसके संचालकों पर अविलंब विधि सम्मत कानूनी कार्रवाई की जाये।

ज्ञात हो कि उक्त संस्था एक सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी द्वारा संचालित है।

## महत्वपूर्ण न्यूज

## नामकुम सांसद प्रतिनिधि अशोक नायक ने धुआंरहित लकड़ी चूल्हे का किया वितरण



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** भाजपा अनुसूचित जाति एससी मोर्चा ग्रामीण जिला मंत्री, सांसद प्रतिनिधि खिजरी सह नामकुम समाजसेवी अशोक नायक ने रविवार को कांके प्रखंड के मनातू पंचायत में 250 धुआंरहित (कोर कार्बन चूल्हा) का निशुल्क वितरण किया। इस मौके पर अशोक ने कहा कि खिजरी और कांके विधानसभा क्षेत्र के बीपीएल परिवार को चिन्हित कर 10 हजार धुआंरहित चूल्हे बांटने का लक्ष्य है। बताया कि कोर कार्बन चूल्हा से महिलाएं लकड़ी का इस्तेमाल करके खाना बना सकेंगी। इस चूल्हा से महिलाओं को पर्यावरण एवं स्वास्थ्य सुरक्षा में लाभ मिलेगा। इसमें अन्य चूल्हे की अपेक्षा 50 प्रतिशत लकड़ी कम लगेगी, चूल्हे से धुंआ नहीं निकलेगा और जल्दी खाना भी तैयार हो जायेगा। मौके पर मुख्य रूप से जिला मीडिया प्रभारी रामकुमार दुबे, मनातू मुखिया पुनम देवी, पूर्व मुखिया शशि भूषण महतो, सांसद प्रतिनिधि थानों मुंडा, अनिल महतो, मोतीलाल महतो, तुलसी गोप, पंकज कुमार, श्याम प्रकाश, निर्मल महतो, सुजीत महतो, रमेश मुंडा, मनोज यादव, बसंती देवी, अनीता देवी, रीता देवी, किरण देवी, सविता देवी, लक्की देवी, सरस्वती देवी, रेखा देवी, मंजू देवी, पुष्पा देवी, ललिता देवी, सविता देवी, मनोज महतो, देवांति देवी, सदानंद सिंह के साथ सैकड़ों महिला-पुरुष उपस्थित थे।

## खिजरी विधायक को कांग्रेस पार्टी से निलंबन मुक्त होने के बाद बधाई देनेवालों का लगा तांता



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** कैशकांड के बाद कांग्रेस पार्टी से निलंबित कर दिये गये खिजरी विधायक राजेश कच्छप को झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर एवं झारखंड सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री सह कांग्रेस विधायक दल के नेता आलमगीर आलम ने झारखंड विधान सभा में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर निलम्बन वापस लेने के घोषणा के बाद बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं विधायक राजेश कच्छप के शुभचिंतक खिजरी विधायक से लगातार मिलने आ रहे हैं। रविवार को बधाई देने वालों की भीड़ लगी रही। इधर विधायक को लगातार फोन पर बधाई मिल रही है। बधाई देने वालों में मुख्य रूप से अनगड़ा प्रखंड प्रमुख दीपा उरांव, पूर्व कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष एतवा उरांव, शिवदास गोस्वामी, अनगड़ा प्रखंड महिला कांग्रेस अध्यक्ष सरिता देवी, रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस महासचिव अशफाक आलम, रमेश पांडेय, जोन तिग्गा, अफजल अंसारी, ममता देवी, अजय साहू, अशोक बेदिया, संगीता कैथा, समीम खान, दशरथ पहान, सुबोध बेदिया, जीवधन बेदिया, लखी देवी एवं अन्य लोग शामिल थे।

## मरंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा फुटबॉल प्रतियोगिता 10 सितंबर से

**नामकुम (आजाद सिपाही)।** नया भूसूर स्पोटिंग क्लब की बैठक रविवार को नया भुसूर स्कूल खेल मैदान में विक्रम उरांव की अध्यक्षता में की गयी। बैठक में निर्णय लिया गया कि क्लब के द्वारा आयोजित मरंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा फुटबॉल प्रतियोगिता का चौथा सीजन 10 सितंबर से नया भूसूर स्कूल मैदान में खेला जायेगा। आयोजक समिति ने बताया कि इस वर्ष बालक एवं बालिका दोनों वर्ग की टीमें इस प्रतियोगिता में हिस्सा ले सकेंगी। खिलाड़ियों और टीम की हौसला अफजाई के लिये नया भूसूर स्पोटिंग क्लब के द्वारा प्राइज के तौर पर बालक वर्ग प्रथम पुरस्कार दो लाख एवं द्वितीय पुरस्कार डेढ़ लाख रुपये नगद रखा गया है। बालकों की प्रतियोगिता में प्रवेश शुल्क 20 हजार है। वहीं, बालिका वर्ग प्रथम पुरस्कार 30 हजार एवं द्वितीय पुरस्कार 20 हजार नगद है। बालिका वर्ग में प्रवेश शुल्क 35 सौ है। बैठक में लालखटंगा पूर्व मुखिया रितेश उरांव, ग्राम प्रधान राजेश टोप्पो, महादेव मुंडा, विजय नायक, राजेन्द्र ठाकुर, अजित टोप्पो, विमल टोप्पो, तारा टोप्पो, अमित टोप्पो, सुकरा उरांव, निखिल उरांव, रोशन महली के साथ अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## साई मंदिर में भजन कार्यक्रम में झूमे श्रद्धालु

**लापुंग (आजाद सिपाही)।** लापुंग प्रखंड स्थित प्रसिद्ध सरसा साई बाबा मंदिर में सावन के अवसर पर रविवार को विशेष पूजा अर्चना की गयी। इस दौरान पुजारी विभिषण पांडे व पंचाक्षरी हेरीमठ के द्वारा प्रातः पांच बजे कांकड़ आरती से कार्यक्रम की शुरुआत हुई। दोपहर 12 बजे मध्याह्न आरती व इसके बाद संध्या आरती तथा रात्रि में बाबा को सेज शैय्या दिया गया। इस अवसर पर शिशिर कुमार मयंक हिनू रांची के द्वारा सांस्कृतिक भजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। साई भजनों एवं अन्य धार्मिक गीत-संगीत की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं का मनमोह लिया। वहीं दोपहर मध्याह्न आरती के बाद भव्य भंडारा का आयोजन किया गया। जिसमें मनोज कुमार साहू ककरिया व गौतम देवघरिया बेड़ो का योगदान रहा। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिरडी साईं ग्राम विकास केन्द्र सरसा के सभी पदाधिकारी व सदस्यों का योगदान रहा ।

## झामुमो बुढ़मू प्रखंड कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित



**ठाकुरगांव (आजाद सिपाही)।** झामुमो बुढ़मू प्रखंड कमेटी के तत्वावधान में रविवार को प्रखंड के छापर में कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पार्टी के जिलाध्यक्ष मुश्ताक आलम, जिला सचिव डॉ हेमलाल मेहता, जिला उपाध्यक्ष अश्विनी शर्मा, प्रखंड अध्यक्ष भुनेश्वर साहू शामिल हुए। मौके पर जिला अध्यक्ष ने कहा कि राज्य सरकार यहां के मूलवासियों समेत आदिवासियों का सर्वांगीण विकास कर रही है। साथ ही उन्होंने कहा कि भाजपा सत्ता पाने के लिये विभिन्न तरह के हथकंडों का सहारा ले रही है। मौके पर विभिन्न पार्टियों के सैंकड़ों कार्यकर्ताओं ने झामुमो की सदस्यता ग्रहण की। पार्टी में शामिल हुए कार्यकर्ताओं का माला पहनाकर स्वागत किया गया। वहीं अतिथियों द्वारा ठाकुरगांव चापाटोली में पार्टी का प्रखंड स्तरीय कार्यालय का भी उदघाटन किया गया। मौके पर अख्तर अंसारी, जावेद अख्तर, मुरसिंग लाल मांझी, शमीम बड़ेहार, कुदरत अंसारी, रीता देवी, सुनीता देवी समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

## अज्ञात युवक का शव खेत से बरामद

**नामकुम (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के बरगावां स्थित सपही नदी के समीप खेत से रविवार सुबह नामकुम पुलिस ने एक अज्ञात युवक का शव बरामद किया। युवक का चेहरा खून से लथपथ और गले में स्लाइन चढ़ाने वाला पाइप लगा हुआ था। घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये रांची रिम्स भेज दिया है। खबर लिखे जाने तक भी मृतक की पहचान नहीं हो पायी थी।

## रेहला में निकला मुहर्रम का विशाल जुलूस, युवाओं ने दिखाये हैरतअंगेज करतब

# इस्लाम जिंदा होता है हर कर्बला के बाद

आजाद सिपाही संवाददाता

**विश्रमपुर/पलामू।** रेहला में रविवार को मुहर्रम का भव्य ताजिया जुलूस निकाला गया। युवाओं ने कला का हैरतअंगेज जौहर दिखाया। जुलूस में शामिल डंडिला कला, गोदरमा व घोरडीहा का ताजिया आकर्षण का केंद्र रहा। वहीं, कुड़ी, कमता, डंडिला कला, गुरहा, सबौना, भोलाटाडी और कमता सहित कई गांवों के ताजिया व सिपड़ का मिलान रेहला शुक्रबाजार में हुआ। जुलूस में शामिल लोग इस्लाम जिंदा होता है हर कर्बला के बाद का नारा लगा रहे थे। इसके अलावा या हुसैन-या अली के नारों से रेहला गूंज रहा था। मुहर्रम का जलूस डंडिला कला चौक से शुरू होकर बीमोड़, महाबीर चौक, थान चौक होते हुए शुक्रबाजार पहुंचा। जहां युवाओं ने अपने कला का जादू बिखेरा। मुहर्रम इंतेजामिया कमेटी द्वारा पगड़ी-पोसी किया गया। जिसमें कमेटी के लोगों ने स्थानीय प्रबुद्ध लोगों को सम्मानित किया। जुलूस के सफल संचालन में मुहर्रम इंतेजामिया कमेटी के लोग लगे रहे। जुलूस में कई राजनीतिक दल के लोग भी शामिल हुए। दूसरी ओर, रेहला पुलिस जुलूस को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने में लगी रही। जुलूस में विधायक पुत्र सह भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी, रेहला थाना प्रभारी नेमधारी रजक, एसआई अलखनाथ चौबे, डॉ बीपी शुक्ला, बीस सूत्री अध्यक्ष रामचंद्र दीक्षित, संत पॉल कॉन्वेंट स्कूल के निदेशक एसएम एस्ले, जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष एमामूल हक गुड्डू, बसपा के प्रदेश अध्यक्ष राजन मेहता, वरीय कांग्रेसी नेता अमृत शुक्ला, वरीय भाजपा नेता सुशील कुमार चौबे उर्फ टिकैत चौबे, समाजसेवी मनउवर खान, वरीय बसपा नेता गोपाल राम, संजय मेहता, निवर्तमान वार्ड पार्षद नजमुद्दीन नूरी, असमुद्दीन अंसारी, मनोज शुक्ला, ब्रजराज चौबे, डॉ अल्लाउद्दीन अंसारी, डॉ नजरुल हक, फरीद खान, गुलाम नवी अंसारी, अल्ताफ हुसैन, शमशेर आलम, महबूब आलम, अली अहमद अंसारी, मुमताज अंसारी, फिरोज खान, तौहीद खान आदि थे।



### झमाझम बारिश के बीच शांतिपूर्ण संपन्न हुआ मुहर्रम पर्व



**सतबरवा /पलामू (आजाद सिपाही)।** सतबरवा, करमा, बोहिता, रेवारातु, ताबर बारी, मुत्ता समेत प्रखंड के सभी जगहों में शांतिपूर्ण तरीके से मुहर्रम पर्व मनाया गया। झमाझम बारिश के बीच सतबरवा मेलाटांड़ में सभी ताजिया और अखाड़ा का मिलान किया गया। जिसमें सतबरवा अल हुसैन कमेटी, इंडियन हुसैनी युवा क्लब करमा, रेवारातू, बोहिता, बारी ताबर, मुत्ता समेत कई जगहों के ताजिया शामिल था। ताजिया और पारंपरिक हथियारों का खेल देखने के लिए सैकड़ों महिलाएं-पुरुष और बच्चे उपस्थित थे। हालांकि बारिश के कारण लाठी और गतका नहीं हो सका। लोगों को पानी में भीगते हुए अपने-अपने घर जाना पड़ा। मुहर्रम को देखते हुए सुबह से ही थाना प्रभारी अमित कुमार सोनी के नेतृत्व में पुलिस जगह-जगह तैनात थी।

# मुहर्रम शांतिपूर्ण संपन्न, मुस्तैद रहे सीओ

आजाद सिपाही संवाददाता

**नीलांबर-पितांबरपुर/पलामू।** प्रखंड मुख्यालय सहित कई गांवों में मुहर्रम पर्व शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। इसमें हिंदू-मुस्लिम ने एक-दूसरे को पगड़ी बांधकर आपसी भाईचारा की मिशाल पेश की। वहीं, प्रशासन की ओर से सीओ सह बीडीओ अनिल कुमार भी पूरी तरह मुस्तैद नजर आए। वे सनातन धर्म सभा की ओर से आयोजित सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए थे। कहा कि नीलांबर पितांबरपुर प्रखंड में जब से पदस्थापित हुआ हूं तब से यहां हिंदू-मुस्लिम भाईचारा की बेमिसाल एकता देखने को मिली है। यहां के पत्रकार और प्रशासन हर तरह से सक्रिय भूमिका में होते हैं। सबकी सहभागिता से ही सभी त्योहार शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न किया जाता है।

### प्रखंड क्षेत्र में निकाले गये ताजिया जुलूस

प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों से ताजिया जुलूस निकाला गया जो प्रखंड मुख्यालय पहुंचा। अखाड़ा जुलूस में युवाओं ने कला का प्रदर्शन किया गया। लाठी-तलवार व अन्य पारंपरिक हथियार भांज कर खेल दिखाया। इस दौरान थाना परिसर में सनातन धर्म सभा केंद्रीय कमेटी नीलांबर पीतांबरपुर की ओर से सदर, सेक्रेटरी एवं ताजिया कलाकारों को मोमेंटो व अंग वस्त्र व माला देकर सम्मानित किया गया। शाम में सभी ताजिया मस्जिद परिसर में पहुंचा जहां प्रखंड से आए सभी ताजिया कमेटी को लेस्लीगंज ताजिया इंतजामिया कमेटी की ओर से सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह में पहुंचे पांकी के पूर्व विधायक देवेंद्र कुमार उर्फ बिट्टू सिंह ने सभी कमेटी के लोगों को सम्मानित किया। वहीं, कमेटी के लोगों ने पूर्व विधायक को पगड़ी बांध व तलवार-फोटो देखकर सम्मानित किया। इस अवसर पर बिट्टू सिंह ने कहा कि लेस्लीगंज में हिंदू-मुस्लिम आपसी सौहार्द के साथ त्योहार मनाते हैं। यहां एक तरफ पूजा होती है तो दूसरी ओर नमाज पढ़ी जाती है। इस मौके पर मुहर्रम इंतजामिया कमेटी के सदर मुन्ना खान, सचिव इफ्तेखार खान, अरमान खान, सरपरस्त हाफिजुर रहमान, खजांची अकबर खान, मिस्टर महमूद, हिमायू खान, इद्रीसीया लश्कर ए हुसैन कमेटी के सदर जुम्मन खलीफा, हेडेक एंड टेंशन कमेटी के सदर खुर्शीद शाह, इराकिया कमेटी के सदर नसीम खलीफा और सोतम डबरा कमेटी के सदर दिलशाद खान को पगड़ी एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में पूर्व जिप सदस्य निर्मला कुमारी, सनातन धर्म सभा के केंद्रीय अध्यक्ष अजीत तिवारी, विश्वनाथ राम मिस्टर, कांग्रेस पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष सुरेंद्र शुक्ला, महमूद तनवीर आलम आदि शामिल थे।



### कई नेता हुए ताजिया जुलूस में शामिल

आम आदमी पार्टी (आप) के ओंकार नाथ जसवाल, कांग्रेस के रूद्र शुक्ला, समाजसेवी रामदास साहू, समाज सेवी सह विधानसभा पूर्व प्रत्याशी मुमताज खान विभिन्न गांवों में पहुंचे और मुहर्रम जुलूस में शामिल हुए और मोहर्रम कमेटियों को बधाइ दी है।

### सक्रिय दिखे लेस्लीगंज थाना प्रभारी

मुहर्रम को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। कड़ी सुरक्षा के बीच में ताजिया और अखाड़ा जुलूस निकाला गया। अखाड़ा ताजिया जुलूस के साथ पुलिस पदाधिकारी और जवान साथ चल रहे थे। चौक, चौराहे पर पुलिस की तैनाती दिखी। लेस्लीगंज थाना प्रभारी गौतम राय खुद कमान संभाले थाना क्षेत्र के चौक चौराहों पर नजर आए।

## भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव भव्य तरीके से मनाया जायेगा : लाला प्रसाद यादव



**नीलांबर पीतांबरपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** बाबा वीर कुंवर धाम शाहपुर में रविवार को बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता एवं संचालन लाला प्रसाद यादव ने किया। बैठक का उद्देश्य भगवान श्रीकृष्ण का जन्म उत्सव मनाने की तैयारियों को लेकर चर्चा कररना था। इसमें सर्व समिति से यादव समाज ने कार्यक्रम को मनाने के लिए सहमति प्रदान की और आर्थिक, शारीरिक व सामाजिक सहयोग करने की बात कही। साथ ही कार्यक्रम में मटका फोड़ प्रतियोगिता और जन्माष्टमी पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजन किए जाने का निर्णय लिया गया। आयोजन बाबा वीर कुंवर धाम शाहपुर में होगा। इस मौके पर ट्रस्ट के अध्यक्ष रामचरित्र यादव, सचिव संजय कुमार यादव, पूर्व प्रमंडलीय अध्यक्ष अर्जुन प्रसाद यादव, कमेश यादव, कोषाध्यक्ष उमेश यादव, मनातू मंडल अध्यक्ष सत्येंद्र यादव, उपाध्यक्ष रमेश यादव, सतबरवा प्रखंड के यादव महासभा के प्रखंड अध्यक्ष अशोक यादव, नीलांबर पीतांबरपुर प्रखंड अध्यक्ष दिलीप कुमार यादव, इंद्रदेव यादव, कामता प्रसाद यादव, कुलदीप यादव, चंद्रदेव यादव, अशोक यादव, मनोज यादव, लक्ष्मण यादव, शैलेश यादव, ताराचंद यादव, निर्मल यादव, अरविंद यादव, सत्येंद्र यादव, विष्णु देव यादव आदि उपस्थित थे।

## हुसैनाबाद पुलिस ने जब्त की 55 पेटी अंग्रेजी शराब



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर 55 पेटी अंग्रेजी शराब जब्त की है। जानकारी के अनुसार हुसैनाबाद एसडीपीओ पूज्य प्रकाश को गुप्त सूचना मिली थी कि बेनिकला के सीढ़हा गांव में भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब की खेप आई है। इसके बाद उनके निर्देश पर हुसैनाबाद थाना प्रभारी जगन्नाथ धान ने एसआई जिम्मी हासदा के नेतृत्व में टीम गठित कर बेनिकला सिड़हा गांव में छापामारी की। इस दौरान गांव में खाली पड़े मिट्टी के एक घर से अंग्रेजी शराब की 55 पेटियां बरामद की गयी। जिसमें चंडीगढ़ निर्मित शराब की पेटियों से 2640 बोतल शराब जब्त किया गया। पुलिस पेटियों को हुसैनाबाद थाना ले आयी है। हालांकि शराब के अवैध कारोबार में संलिप्त नीतीश तिवारी नामक युवक पुलिस को देख अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया। उसकी तलाश में पुलिस छापामारी कर रही है। पुलिस की मानें तो जिस घर से शराब बरामद हुआ है वह अयोध्या उपाध्याय नामक व्यक्ति का है। पुलिस जांच में जुट गयी है।

# प्रशासन की विफलता है पेटरवार में हुआ हादसाः फिरोजुद्दीन अंसारी



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** पलामू जिला भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष फिरोजुद्दीन अंसारी ने रविवार को एक नीजि होटल में संवाददाता सम्मेलन कर आरोप लगाया कि बोकारो में शनिवार को मुहर्रम जुलूस के दौरान करंट की चपेट में आने से हुई चार लोगों की मौत और 9 लोगों के के घायल होने की घटना के लिए झारखंड सरकार और जिला प्रशासन की विफलता व लापरवारी को दर्शाता है। कहा कि किसी भी धर्म की ओर से निकाले जाने वाले जुलूस को देखते हुए बिजली काट दी जाती है। पूर्व में भी इस तरह की घटना हो चुकी है। बोकारो के एसपी व डीसी को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाए और मृतक के आश्रितों एवं घायलों को उचित मुआवजा दिया जाए। उन्होंने घटना की निंदा करते हुए दुख भी जताया। वहीं, पलामू शहर के डालटनगंज में शांतिपूर्ण व गंगा जमुनी तहजीब के तहत रामनवमी और मुहर्रम कमेटी ने मिलकर हसन हुसैन का शहादत दिवस मनाया। इस दौरान सैयद शहरयार अली और भाजपा कार्यसमिति सदस्य अंजुमन इस्लामिया के सदर गुलाम गौस उर्फ गुड्डू खान को बधाई दी है। इस मौके पर समीम खान, भूपेंद्र सिंह होरा, अमजद खान, सलाहुद्दीन अंसारी, सोनू खान व शान खान उपस्थित थे।

# सुखाड़ की दहलीज पर हुसैनाबाद, सरकार सूखा राहत की करे तैयारी : कर्नल संजय

आजाद सिपाही संवाददाता




**हुसैनाबाद।** विधानसभा क्षेत्र में जुलाई महीना समाप्त होने के बाद भी आवश्यकता से मात्र 25 फीसदी ही बारिश हुई है। यह सुखाड़-अकाल का लक्षण है। अभी तक धान का आच्छादन जिले में तकरीबन पांच फीदी ही हुआ है। पर सुखाड़ प्रबंधन के नाम पर अभी तक सरकार की कोई तैयारी नजर नहीं आ रही है। उक्त बातें किसान ब्रिगेड के संरक्षक कर्नल डॉ संजय कुमार सिंह ने की वे रविवार को आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि प्राकृतिक नदी से चारो तरफ घिरे होने के बावजूद क्षेत्र की ज्यादातर भूमि असिंचित है। उक्त भूमि की सिंचाई के लिए किसानों ने वैकल्पिक व्यवस्था बनाते हुए जमीन में काफी मात्रा में डीप बोर कराने की वजह से जलस्तर बहुत नीचे चला गया है। जिससे पेयजल की किल्लत होने लगी है। वर्ष 2022-23 के सूखे के दंश से क्षेत्र की जनता उबर भी नहीं पाई थी। सरकार ने जनता के साथ जितना सुखाड़ का मुवाबजा देने का वादा किया था अभी तक नहीं दिया। हालात ऐसे बन रहे कि लगातार दूसरे वर्ष किसान अकाल सुखाड़ की चपेट में आने वाले हैं। आद्रा नक्षत्र के बीतने के महीनों बाद भी धान का बिचड़ा अभी तक नहीं लगाया गया है जो स्पष्ट रूप से अकाल का दस्तक है। अभी तक किसानों ने धान का बिचड़ा लक्ष्य के विरूद्ध मात्र 5 प्रतिशत, दलहन 25 प्रतिशत, तेलहन 21 प्रतिशत और मोटा अनाज महज 18 प्रतिशत ही रोप पाए हैं। उक्त मुद्दे पर शीघ्र ही किसान ब्रिगेड का प्रतिनिधि मंडल पलामू डीसी को ज्ञापन सौंपेगी। इस मौके पर समाजसेवी सुदेश प्रजापति, उमेश मेहता, मनोहर सिंह, गणेश प्रजापति, श्याम बिहारी मेहता, सुभाष कुमार, पप्पू सिंह व बिट्टू कुमार उपस्थित थे।

# अब परशुराम सेना कहलायेगी राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी : देवेंद्र तिवारी



आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी अब राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी के रुप में जानी जाएगी। परशुराम वंशजों के मजबूत संगठन में सेना नाम का कहीं जिक्र नहीं होगा। उक्त बातें राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी ने कही। वे रविवार को राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी के पलामू ईकाई की ओर से आयोजित बैठक में बोल रहे थे। युवा वाहिनी के रेड़मा स्थित कार्यालय में जिलाध्यक्ष विकास दूबे की अध्यक्षता में आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी ने बताया कि संस्था का रजिस्ट्रेशन राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी के रुप में ही है। इसलिए संगठन के नाम से सेना शब्द को हटाने का निर्णय लिया गया है। वहीं प्रदेश सचिव आशुतोष पाण्डेय लक्की ने बताया कि युवा वाहिनी की और कोई इकाई नहीं है। इसलिए संगठन के नाम पर अगर कोई चंदा मांगता है तो संगठन को इसकी सूचना दें। संगठन की ओर से इस पर संज्ञान लेते हुए कानूनी कार्रवाई की जाएगी। प्रदेश सचिव ने बताया कि राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी एकमात्र संगठन है जो अध्यात्म, सनातन, संस्कृति, संस्कार एवं संगठित होने की दिशा में कार्यरत है।

इसकी ना तो कोई ईकाई है और ना ही युवा वाहिनी चंदा वसूली करती है। बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार अगस्त महीने से संगठन एक बार फिर चलो संपर्क से संबंध तक की मूहिम चलाएगी। जिसके तहत युवा वाहिनी के सदस्य विप्र समाज के सभी सदस्यों के पास पहुंचने का प्रयास करेगें। इस दौरान सदस्यता अभियान भी चलाया जाएगा। जिसका शुभारंभ रांची रोड, रेड़मा स्थित प्रदेश कार्यालय में प्रतिदिन संध्या 5 बजे से 7 बजे तक सदस्यों के आवागमन के साथ हो चुका है। इस दौरान राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी 21 नवंबर से होने वाले परमपूज्य देवकीनंदन ठाकुर जी महाराज की भागवत कथा की आगामी तैयारी पर भी चर्चा की गई। बैठक में प्रदेश कोर कमेटी सदस्य नवीन तिवारी, संजय मिश्रा, प्रदेश कोषाध्यक्ष राकेश पांडेय, प्रदेश उपाध्यक्ष शैलेश तिवारी, अनील दूबे, प्रदेश कार्यालय प्रभारी ज्ञानेश तिवारी, मनीष तिवारी, राज रोशन तिवारी, राकेश तिवारी लडडू, विक्रांत त्रिपाठी, आनंद दूबे सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## स्पोर्ट्स



हरियाणा की बेटी मनु भाकर ने वर्ल्ड यूनिवर्सिटसी शूटिंग गेम्स में डबल गोल्ड पर निशाना साधा है। मनु से 10 मीटर पिस्टल इवेंटमें सिंगल और टीम इवेंट में यशास्विनी देसवाल के साथ गोल्ड मेडल जीता है।

## झज्जर की छोरी बोलीं- पिछले साल रफ टाइम रहा, पर ट्रेनिंग नहीं छोड़ी

# हरियाणा की मनु ने वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स में जीता दो गोल्ड

एजेंसी

**सोनीपत।** हरियाणा की बेटी मनु भाकर ने वर्ल्ड यूनिवर्सिटी शूटिंग गेम्स में डबल गोल्ड पर निशाना साधा है। मनु ने 10 मीटर पिस्टल इवेंट में सिंगल और टीम इवेंट में यशस्विनी देसवाल के साथ गोल्ड मेडल जीता। ओलिंपियन मनु भाकर ने क्वालिफिकेशन राउंड में 570 अंक हासिल किए और फाइनल में जगह बनाई। ओलिंपियन मनु भाकर लगातार सटीक निशाना लगाती रहीं। मनु टॉप-2 में जगह बनाई है। मूल रूप से हरियाणा के झज्जर की रहने वाली मनु भाकर फिलहाल चंडीगढ़ डीएवी कॉलेज में पढ़ रही है और कॉलेज की ओर से चीन में आयोजित वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स में भाग लिया। भाकर ने 10 मीटर एयर पिस्टल के इंडिविजुअल में 239.7 अंक के साथ गोल्ड मेडल जीता। बता दें कि मनु भाकर ओलिंपिक में भी भाग ले चुकी हैं।




### लगातार गोल्ड पर साध रही निशाना

इससे पहले चार महीने पहले स्टार निशानेबाज मनु भाकर ने भोपाल में चल रहे शूटिंग वर्ल्ड कप में ब्रॉन्ज मेडल जीता है। 21 साल की भाकर ने 2 साल और करीब आधा दर्जन वर्ल्डकप के बाद कोई मेडल जीता था। यह मेडल उन्हें सुकून देने वाला रहा। टोक्यो ओलिंपिक से खाली हाथ लौटने के बाद उनकी खूब आलोचना हुई थी। इसके बाद अब फिर मनु ने वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स में 2 गोल्ड मेडल जीत कर अपने को फिर से साबित किया है।

### रफ टाइम में भी नहीं छोड़ी ट्रेनिंग

मनु ने कहा कि 'सब्र का फल मीठा होता है। मैंने रफ टाइम में भी ट्रेनिंग नहीं छोड़ी। घरेलू फैंस के सामने मेडल जीतना बेहतरीन अनुभव था। होम क्राउड का प्रेशर मुझे एशियाड और ओलिंपिक के गेम प्रेशर को हैंडल करने में मदद करेगा। पिछले साल थोड़ा रफ टाइम था, मैं इंतजार कर रही थी, मैंने ट्रेनिंग वैसी ही रखी।

# अफगानी खिलाड़ी सेदिकुल्लाह ने एक ओवर में लगाये सात छक्के

एजेंसी

**काबुल।** अफगानिस्तान के सेदिकुल्लाह अटल ने काबुल प्रीमियर लीग 2023 के 10वें मैच में एक ओवर में सात छक्के लगाए। टूर्नामेंट का 10वां मुकाबला शाहीन हंटर्स और अबासिन डिफेंडर्स के बीच 29 जुलाई को काबुल के अयोबी क्रिकेट स्टेडियम में खेला गया।

### अटल ने 56 गेंदों पर नाबाद 118 रन बनाए

अबासिन डिफेंडर्स ने इस मैच में टॉस जीतकर पहले फील्डिंग का फैसला किया था। इस मुकाबले में शाहीन हंटर्स के कप्तान सेदिकुल्लाह अटल 56 गेंदों पर सात चौकों और 10 छक्कों की मदद से 118 रन बनाकर नाबाद रहे। अटल ने शाहीन हंटर्स की पारी के 19वें ओवर में आमिर जजई की गेंदों पर कुल सात छक्के लगाए। उस 19वें ओवर में कुल 48 रन आए। शाहीन हंटर्स 20 ओवर में छह विकेट पर 213 रन बनाए। जवाब में अबासिन डिफेंडर्स 18.3 ओवर में 121 रन पर ऑल आउट हो गई। हंटर्स को 92 रन से जीत मिली। बतातें चलें कि ओवर की पहली गेंद नो बॉल रही जिस पर अटल ने छक्का जमाया। इसके बाद अगली गेंद वाईड रही। अगली छह गेंदों पर जजई ने लगातार छह छक्के लगाए।

### गायकवाड भी लगा चुके हैं सात छक्के

भारतीय बल्लेबाज ऋतुराज गायकवाड भी एक ओवर में सात छक्के लगाने का कमाल कर चुके हैं। उन्होंने 2022-23 विजय हजारे ट्रॉफी के दौरान एक ओवर में सात छक्के लगाए थे। इस टूर्नामेंट का क्वार्टर फाइनल महाराष्ट्र और यूपी के बीच खेला गया था। गायकवाड ने शिवा सिंह की गेंद पर यह कमाल किया था।

# बेटा बनकर बेटी ने मृत पिता के शव को दी मुखाग्नि

आजाद सिपाही संवाददाता



**फुसरो/बेरमो।** बोकारो-बेरमो के प्रसिद्ध व्यवसायी सह समाजसेवी संजीत सिंह (45) के निधन के बाद उनकी बेटी अनन्या सिंह ने का रविवार को बेटा बनकर चास गरगा नदी श्मशान घाट पर मुखाग्नि देकर समाज में एक मिसाल कायम की है। बेटी द्वारा मुखाग्नि दिए जाने का गवाह उनकी शव यात्रा में शामिल बोकारो-बेरमो के दर्जनों लोग बने। वहीं पुत्री ने पिता को मुखाग्नि देकर पुत्र धर्म निभाई। समाजसेवी संजीव सिंह का शनिवार को दिल्ली के मैक्स अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गया था। इसकी खबर मिलते ही बोकारो और बेरमो में शोक की लहर दौड़ गयी। संजीव सिंह का बोकारो के बारी-कोऑपरेटिव स्थित आवास में शव आते ही मातम छा गया। आवास के बाहर उनके अंतिम दर्शन के लिए हुजूम उमड़ा पड़ा। सैकड़ों लोग ने उनके पार्थिक शरीर का दर्शन किए और श्रद्धांजलि दी। स्वर्गीय संजीव सिंह के निधन पर बोकारो और बेरमो का व्यवसाय जगत ने शोक व्यक्त किया है। संजीव सिंह अपने पीछे मां, पत्नी, भाई व एक बेटी को छोड़ गए हैं। संजीव के निधन के बाद पत्नी, पुत्री, बहन का रो-रोकर बुरा हाल था। फुसरो नया रोड स्थित अनन्या होंडा शोरूम के संजीव सिंह मालिक थे। बोकारो-बेरमो के कई दोपहिया वाहन डीलर रविवार को अपने शोरूम बंद रखा। इस दिन चास स्थित श्मशान घाट में उनका अंतिम संस्कार किया गया। इस अवसर पर बोकारो विधायक बिरंची नारायण, डीटीओ संजीव कुमार, पलामू के कमिश्नर जयसवाल जी, पूर्व मेयर भोलू पासवान, जलेश्वर साव, समाजसेवी कृष्णा सिंह, भाजपा नेता दिनेश सिंह, फुसरो हीरो शो रूम के केतन अग्रवाल, सैमसंग स्मार्ट प्लाजा के पिंटू सिंह, इनमौसा नेता विजय कुमार सिंह, कोयला व्यवसाई सुनील सिंह, गुडडु सिंह, अभय कुमार सिंह आदि मौजूद थे।

## सांसद ने किया कई योजनाओं के निर्माण कार्य का शिलान्यास व उद्घाटन

# विकास योजनाओं से कोई भी गांव नहीं रहेगा अछूता: चंद्रप्रकाश चौधरी

**2024 लोकसभा चुनाव में भाजपा को वोट देने की अपील**

आजाद सिपाही संवाददाता

**नावाडीह/बेरमो।** सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने नावाडीह प्रखंड में विभिन्न मद की स्वीकृत विभिन्न योजनाओं का रविवार को शिलान्यास और उद्घाटन किया। इसके तहत भलमारा पंचायत के सारुबेडा (फागुटोला) में डिप बोरिंग और बिडवा टोला में रति मांझी के घर से लोधा मांझी के घर तक 9 लाख 23 हजार रुपये की लागत से निर्मित पीसीसी पथ का पूजा अर्चना कर उद्घाटन किया। वहीं, आहरडीह पंचायत के जमुनिया नदी स्थित बेलवाघाट में लघु सिंचाई प्रमंडल बोकारो की ओर से निर्मित दशकर्म शेड का उद्घाटन किया। सांसद ने कहा कि विकास योजनाओं से कोई भी गांव अछूता नहीं रहेगा। आने वाले सप्ताह में आहरडीह में महिला क्लब का शिलान्यास किया जायेगा। सांसद ने 2024 में होने जा रहे लोकसभा चुनाव में केंद्र सरकार के हाथों को मजबूत करने और नरेंद्र मोदी को फिर से प्रधानमंत्री बनाने के लिए भाजपा को वोट देने अपील की। इस मौके पर डुमरी विधानसभा प्रभारी यशोदा देवी, मुखिया जिला अध्यक्ष जयलाल महतो, केंद्रीय सचिव नवीन महतो, टिकैत महतो, दीपक महतो, सांसद प्रतिनिधि सुरेश कुमार महतो, फुलचंद किस्कू, दीपू अग्रवाल, सोनू चौधरी, बॉबी पटेल, विजय महतो, मोहन महतो, आहरडीह उप मुखिया बाबु अली, विक्की कुमार आदि उपस्थित रहे।



विभिन्न योजनाओं को शिलान्यास करते सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी व अन्य।

# गोमिया विधायक ने किया पीसीसी पथ के निर्माण कार्य का शिलान्यास



आजाद सिपाही संवाददाता

**तेनुघाट।** गोमिया विधायक डॉक्टर लंबोदर महतो और जीप सदस्य माला देवी ने रविवार को घरवाटांड़ पंचायत स्थिति पिपराडीह बस्ती के दो टोला में लगभग चार लाख 40 हजार रुपये की लागत से बनने वाले 400 फीट पीसीसी पथ का शिलान्यास किया। विधायक ने कहा कि पिपराडीह बस्ती के घटवार टोला में सड़क का बहुत बुरा हाल है। बरसात के दिनों में ग्रामीणों का जन जीवन अस्त व्यस्त हो जाता है। सभी जगह कीचड़ों से भर जाता है। सड़क का पता ही नहीं चलता। इस मौके पर चंद्रिका यादव, घनश्याम यादव, सुनील यादव, केदार यादव, मंटू यादव और रिजवान अंसारी आदि थे।

# चोरी का लोहा जब्त कर ग्रामीणों ने पुलिस व सीआइएसएफ को सौंपा

**महुदा में लोहा चोरों से परेशान ग्रामीणों ने खुद ही संभाला मोर्चा**

आजाद सिपाही संवाददाता



**महुदा।** महुदा क्षेत्र में लोहा चोरी से ग्रामीण बेहद परेशान हैं। पुलिस के ढुलमुल रवैये से नाराज ग्रामीण रविवार को महुदा थाना चेकपोस्ट व तेलमच्चो मोड़ के बीच कसियाटांड़ में चल रहे अवैध लोहा गोदाम पहुंच गए और कई दिनों से चोरी कर एकत्र किए गए बीसीसीएल के लोह समाग्री को अपने कब्जे में ले लिया। इसके बाद तुरंत इसकी सूचना बीसीसीएल, स्थानीय पुलिस व सीआइएसएफ को दी। ग्रामीणों ने कुल पांच लोगों को भी पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया। पूर्व में लोहा चोरी के मामले में स्थानीय पुलिस की कार्यशैली को देख ग्रामीण आक्रोश में थे। लोगों का कहना था कि इससे पूर्व भी ग्रामीणों द्वारा लोहा से भरे पिकअप वैन को पकड़ कर पुलिस को सौंपा गया था। जिसे पुलिस और तस्कर की मिलीभगत से रात के अंधेरे में मुक्त कर दिया गया था। जिस कारण पुलिस और ग्रामीणों के बीच तीखी नोंक झोंक भी हुई थी। गौरतलब हैं कि महुदा थाना क्षेत्र में इन दिनों लोहा चोर स्थानीय लोगों के लिए परेशानी का सबब बने हुए हैं। चोरों के कारण क्षेत्र में बिजली-पानी की भारी समस्या उत्पन्न हो रही है। ग्रामीणों का कहना है कि अगर पुलिस चोरी नहीं रोक सकती तो यह अधिकार ग्रामीणों को दे दे। ग्रामीण खुद ही लोहा चोरों से निपट लेंगें।

# मारवाड़ी समाज के कार्य प्रशंसनीय: पीएन सिंह

**मातृ सदन में डिजिटल अल्ट्रा सोनो ग्राफी मशीन का सांसद ने किया उद्घाटन**

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनसार/झरिया।** झरिया मारवाड़ी सम्मेलन ट्रस्ट की ओर से संचालित मातृ सदन में रविवार को डिजिटल अल्ट्रा सोनो ग्राफी मशीन का शुभारंभ हुआ। जिसका उद्घाटन धनबाद के सांसद पशुपति नाथ सिंह, ट्रस्ट के पूर्व अध्यक्ष रतन लाल अग्रवाल, जय प्रकाश देवरालिया और वर्तमान अध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान सांसद ने कहा कि मारवाड़ी समाज जन सेवा के कार्य में वर्षो से लगा हुआ है। चाहे वह स्वास्थ्य हो या शिक्षा का क्षेत्र हो, निरंतर प्रयास कर रहा है। न्यूनतम खर्च में लोगों को बेहतर से बेहतर सुविधा कैसे दिया जाए, इसी कड़ी में समाज ने डिजिटल अल्ट्रा सोनो ग्राफी मशीन लगाया है। ताकि मरीजों को बाहर नहीं जाना पड़े। अस्पताल प्रबंधन की जितनी भी प्रशंसा की जाए वह कम है। समाज के लोग बधाई पात्र है। इस अवसर पर अस्पताल के मरीजों के बीच फल का वितरण किया गया। मौके पर डॉक्टर आर प्रसाद, डॉक्टर अप्सरा, डॉ नंदन, डॉक्टर विनीत अग्रवाल, अरुण बंसल, रमेश अग्रवाल, अशोक अग्रवाल, हरीश राठी, अमित अग्रवाल, हेमंत अग्रवाल, विनोद अग्रवाल, दीपक अग्रवाल, गणेश अग्रवाल, प्रमोद जालुका, अनूप लीलहा आदि मौजूद थे ।

# गोमिया में प्राथमिकता के साथ किया जा रहा सड़क, पुल व पुलिया का निर्माण: डॉ लंबोदर




आजाद सिपाही संवाददाता

**गोमिया।** प्रखंड के करमाटांड़ से लोधी भाया बासोबार व चैलियाटांड तक सड़क सुदृढ़ीकरण कार्य का शिलान्यास रविवार को विधायक डॉ लंबोदर महतो ने किया। उक्त सड़क पीएमजीएसवाई (तीन) के अंतर्गत 17 करोड़ रुपए की लागत से पथ निर्माण विभाग द्वारा बनाया जाएगा। विधायक ने कहा कि पूरे गोमिया विधानसभा क्षेत्र में सड़क, पुल व पुलिया का कार्य प्राथमिकता के साथ किया जा रहा है। लोगों को अन्य सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जा रही है। कहा कि विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत कोई भी क्षेत्र सड़क, पूल व पुलिया से अछूता नहीं रहेगा। करमाटांड़ से लोधी भाया बासोबार की सड़क काफी जर्जर हो गई थी, जिससे इस क्षेत्र के ग्रामीणों को आने जाने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। अब इस सड़क की सुदृढ़ीकरण हो जाने से ग्रामीणों को सहूलियत होगी। इसी तरह 88 करोड़ की लागत से गझण्डी से हुरलुंग भाया चतरोचट्टी तक और 84 करोड़ रुपए की लागत से रजरप्पा स्थित मां छिन्मस्तिका मंदिर से ललपनिया भाया बड़कीपुनु तक पथ निर्माण विभाग द्वारा सड़क निर्माण किया जाएगा। लोगों की सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है। मौके पर जिप सदस्य विमला देवी, पूर्व प्रमुख गुलाबचंद हांसदा, विधायक प्रतिनिधि विपिन कुमार, कर्री मुखिया सोनाराम मुर्मू,पूर्व मुखिया विद्या देवी,पंसस यसवंत कुमार,पूर्व पंसस एनुल अंसारी व राजू महतो, गंदौरी राम आदि थे।

# झारखंड दिव्यांग क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान मुकेश चौबे की सड़क दुर्घटना में हुई मौत

आजद सिपाही संवाददाता



**विश्रामपुर/पलामू।** रेहला थाना क्षेत्र अंतर्गत केतात गांव के युवक मुकेश चौबे उर्फ कन्हैया चौबे (30) की बिहार के नवीनगर (अंकोड़ा) में सड़क दुर्घटना में मौत हो गई है। कन्हैया नवीनगर स्थित एनटीपीसी में कार्य करते थे। जानकारी के अनुसार कन्हैया शनिवार को ड्यूटी करने के बाद घर आने के लिए ट्रेन पकड़ने के लिए शाम छह बजे रेलवे स्टेशन जा रहे थे। इसी बीच एक अनियंत्रित हाइवा ने उन्हें रौंद दिया। जिससे घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई। रविवार को उनका पार्थिव शरीर पैतृक गांव केतात पहुंचा। शव पहुंचते ही गांव में कोहराम मच गया। वहीं परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया है। कन्हैया झारखंड दिव्यांग क्रिकेट टीम के कप्तान भी रह चुके हैं। इस लिए उसकी मौत के बाद खिलाड़ियों में भी मातम का माहौल छा गया है। कन्हैया केतता कला पंचायत के मुखिया रवि शंकर चौबे उर्फ सेठ चौबे के चचेरे भाई थे। रविवार को गांव के ही शमशान घाट पर उनका दाह संस्कार किया गया। जिसमें कई लोग शामिल हुए।

# मणिपुर घटना के विरोध में मासस ने किया पुतला दहन

आजाद सिपाही संवाददाता

**चिरकुंडा।** मणिपुर में महिला के साथ घटित घटना के विरोध में मासस के युवा मोर्चा की ओर से रविवार को चिरकुंडा के शहीद चौक पर मणिपुर के मुख्यमंत्री का पुतला दहन किया गया। जिप सदस्य बादल चंद्र बाउरी ने कहा कि विगत दो माह से मणिपुर जल रहा है। महिलाओं के साथ अभद्र व्यवहार हो रहे हैं। वहां की भाजपा सरकार ढुलमुल नीति अपनाकर बिना बड़ी कार्रवाई किये मामले को रफादफा करने में लगी है। भाजपा के शासन काल में कोई भी महिला सुरक्षित नहीं है। हमलोगों की मांग है कि आदिवासी महिलाओं पर हो रहे अत्याचार तुरंत बंद हो और प्रधानमंत्री सहित मणिपुर के मुख्यमंत्री अविलंब इस्तीफा दें। इस मौके पर रामजी यादव, कल्याण राय, संतु चटर्जी, युवा मोर्चा अध्यक्ष रवि रंजन, रामजी शर्मा, रंजित मिश्रा, माणिक गोराई, अमरेश चक्रवर्ती, अखिलेश, रोशन मिश्रा, जियाउद्दीन अंसारी, राजेंद्र यादव, रामानंद राजभर, उमेश कुमार चौधरी, चंदन कुमार, राजेश यादव, कृष्णा यादव सहित दर्जनों लोग शामिल थे।



मणिपुर के मुख्यमंत्री का पुतला दहन करते मासस कार्यकर्ता।

# मारवाड़ी युवा मंच आयोजित करेगा निःशुल्क कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर



आजाद सिपाही संवाददाता

**धनसार/झरिया।** 5 और 6 अगस्त को श्री श्याम प्रभु भवन लाल बाजार झरिया में जयपुर के श्री भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति के सहयोग से मारवाड़ी युवा मंच झरिया शाखा एवं झरिया समृद्धि शाखा के द्वारा निःशुल्क कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसमे सभी उम्र के लोगों के कृत्रिम उपकरण के लिए जांच शिविर आयोजित कर पंजीकरण किया जाएगा। कृत्रिम उपकरण के पंजीकरण के लिए अब तक 25 से अधिक लोग फार्म भर चुके हैं। वही पंजीकरण की अंतिम तिथि 1 अगस्त तक कि हे, उक्त जानकारी मारवाड़ी युवा मंच के उपाध्यक्ष रवि अग्रवाल ने दी। उन्होंने बताया कि अधिक से अधिक लोगों को इस शिविर का लाभ मिले इस चलते सभी पार्षदों से लेकर सोशल मीडिया में इसका प्रचार प्रसार किया जा रहा है। शिविर में वाकिग स्टीक, वाकर, कमर ब्लैट, हियरिग ऐड आदि उपकरण के लिए जांच शिविर आयोजित कर पंजीकरण किया जाएगा। जांच उपरांत कृत्रिम उपकरण वितरित किए जाएंगे। प्रेस वार्ता में मुख्य रूप से कार्यक्रम के संयोजक रवि कांत अग्रवाल, आयुष जालान, अंकित तुलसियान, दीपू अग्रवाल, अर्चना अग्रवाल, सोनिया झुनझुनवाला आदि मौजूद थे।

# द रिदम और अमन डांस एकेडमी ने किया सावन महोत्सव का आयोजन



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** द रिदम और अमन डांस एकेडमी की ओर से रविवार को हीरापुर पार्क मार्केट में सावन महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें महिलाओं ने हरी साड़ी पहन रैम वॉक किया। निर्णायक मंडली में मिस्टर एंड मिश झारखंड 2017 की फाइनलिस्ट अन्वेशा राजपूत मौजूद रही। उन्होंने कहा कि सावन महोत्सव पर महिलाओं द्वारा रैम वॉक बहुत ही सराहनीय है। सीए राहुल सुरेका ने कहा कि कोयलांचल प्रतिभा का धनी है। कार्यक्रम में लक्ष्मण, महराज, अर्चना आदि थे। इस दौरान बच्चों के लिए पेंटिंग और डांस प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया था। ग्रुप ए में डांस में परी ने प्रथम, जबकि इशिता द्वितीय और जीवा तृतीय स्थान पर रहीं। ग्रुप इ अमरोही प्रथम, द्वितीय रेनिका और सौम्या को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। पेंटिंग में देवराज को मोमेंटो और सर्टिफिकेट देकर पुरस्कृत किया गया। कई अन्य छात्र छात्राओं को भी पुरस्कृत किया गया।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्वच्छता मित्रों के साथ सुनी मन की बात

# राष्ट्र पुनर्निर्माण का मंत्र है मन की बात कार्यक्रम : अमित

**स्वच्छता मित्रों व वरिष्ठ नागरिकों को किया गया सम्मानित**

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कुमार अमित ने पार्टी कार्यकर्ताओं एवं स्वच्छता मित्रों के साथ शिव मंदिर परिसर, सेक्टर-3 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम मन की बात के 103 वां संस्करण को सुना। इस दौरान शहर की स्वच्छता में योगदान देने वाले दर्जनों स्वच्छता मित्रों एवं उपस्थित वरिष्ठ नागरिकों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित भी किया गया। इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अमित ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम राष्ट्र के पुनर्निर्माण का मंत्र है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने राष्ट्र की जनशक्ति को जगात करने के लिए इस कार्यक्रम का आयोजन किया है। यह विशुद्ध रूप से गैर राजनीतिक कार्यक्रम है। मन की बात कार्यक्रम के इस संस्करण में प्रधानमंत्री ने देश के लोगों से जल संरक्षण और वृक्षारोपण में अपना योगदान सुनिश्चित करने की अपील की है। उनके इस अपील से प्रेरित होकर वहां उपस्थित लोगों ने अगस्त माह में एक पौधा लगाने और उसके रख रखाव करने का संकल्प भी लिया है। कार्यक्रम में पार्टी के शक्ति केंद्र संयोजक अशोक सिंह, बोकारो नगर उपाध्यक्ष एवं प्रभारी कुमार राहुल, सह संयोजक लालबाबू, कृष्णा कालिंदी, बूथ अध्यक्ष चंद्र प्रकाश, विनायक सिंह, जीतेंद्र कालिंदी, किशोर पाण्डेय, अजीत सिंह, उपेंद्र सिंह, जेपी सिंह, मनोज राय, श्री राम कालिंदी, आदित्य सिन्हा, दीपक कुमार, कुंदन कालिंदी, पवन बाउरी, रंजीत कालिंदी, सुजीत कालिंदी, डब्ल्यू कालिंदी, अजय कालिन्दी और सूरज कालिंदी आदि उपस्थित थे।



प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को सुनते भाजपा नेता-कार्यकर्ता।

## न्यूज रील्स

### ज्यादा छुट्टी के चलते जवान की बर्खास्तगी सही : सुप्रीम कोर्ट

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सेना में अनुशासन को सबसे जरूरी बताया है। कोर्ट ने यह बात एक जवान की याचिका को खारिज करते हुए कही। इस जवान को जरूरत से ज्यादा छुट्टी लेने पर सेना से निकाल दिया गया था। कोर्ट ने कहा कि जवान ने सेना के अनुशासन को तोड़ा है। जवान को पहले 39 दिन और फिर 30 दिन की छुट्टी दी गयी थी। इसके बाद भी जवान ने ज्वाइन नहीं किया। इसके बाद सेना ने कार्रवाई करते हुए उसे बर्खास्त कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने उसकी बर्खास्तगी को सही करार दिया।

### अहमदाबाद में अस्पताल में लगी आग, मरीज सुरक्षित

**अहमदाबाद।** गुजरात के अहमदाबाद में रविवार को एक अस्पताल के बेसमेंट में आग लग गयी। यह अस्पताल कई मंजिला है। आग लगने के बाद 106 मरीजों को सुरक्षित निकाल लिया गया। पुलिस ने बताया कि रविवार तड़के साढ़े चार बजे शाही बाग इलाके में स्थित राजस्थान हॉस्पिटल में आग लग गयी। आग पर काबू पाने में दमकल की करीब 30 गाड़ियों को पांच घंटों का समय लगा। फायर ब्रिगेड के करीब एक सौ जवानों की टीम आग बुझाने में लगी हुई थी। आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है।

### गोरखपुर में कांस्टेबल ने बनायी रील, किया गया निलंबित

**गोरखपुर।** यूपी पुलिस के जवानों को भी रील बनाने का खुमार चढ़ गया है। लेकिन गोरखपुर में वर्दी में एक कांस्टेबल को रील बनाना महंगा पड़ गया। एसएसपी डॉ गौरव ग्रोवर ने कांस्टेबल संदीप कुमार चौहान को सस्पेंड कर दिया। कांस्टेबल कैंट थाने पर तैनात था। उसने पहले बाइक पर स्टंट करते हुए रील बनायी। फिर उसे सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दिया। देखते ही देखते उसकी यह रील वायरल हो गयी। वीडियो पुलिस कप्तान तक पहुंच गया।

# अयोध्या में श्री रामजन्म भूमि पथ भक्तों के लिए खोला गया

- 600 मीटर लंबा और 100 फिट चौड़ा है यह मार्ग



आजाद सिपाही संवाददाता

**अयोध्या।** रविवार को श्री रामजन्म भूमि पथ भक्तों के लिए खोल दिया गया। पथ के खुलते ही भक्तों ने रामलला के जयकारे लगाए। यह पथ बिरला धर्मशाला से सुग्रीव किला होते रामलला के दरबार में जाएगा। यह पथ 600 मीटर लंबा व करीब 100 फुट चौड़ा है। मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस पथ के खुलने से भक्त 500 मीटर कम चलकर दर्शन कर सकेंगे। रामलला के दर्शन और निकासी दोनों इसी पथ से होगी।

श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र में भक्तों की सुविधा के लिए निःशुल्क लॉकर व्यवस्था शुरू की है। जिसमें यात्री अपना कीमती सामान रख सकेंगे। ताकि वह मंदिर कम से कम सामान लेकर जा सकें। इसके साथ ही यात्रियों के सुविधा के लिए सुलभ शौचालय का भी निर्माण कराया गया है। मंदिर ट्रस्ट के महासचिव ने बताया कि इन सुविधाओं से भक्तों को आसानी होगी। कार्यक्रम के दौरान ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय, ट्रस्ट के सदस्य अनिल मिश्र, विमलेंद्र मोहन प्रताप मिश्र, महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी, पूर्व महापौर ऋषिकेश उपाध्याय, कमिश्नर गौरव दयाल, डीएम नीतीश कुमार व एसएसपी राज करण नैयर मौजूद रहे।

# मोदी के कार्यकाल में देश का बढ़ा है मान-सम्मान : लक्ष्मण प्रसाद सिंह



आजाद सिपाही संवाददाता

**गावां, गिरिडीह।** गावां प्रखंड स्थित पिहरा पूर्वी पंचायत के प्रावि बढ़ई टोला में प्रधानमंत्री मन की बात कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यरूप से पूर्व आइजी सह भाजपा नेता लक्ष्मण प्रसाद सिंह उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों ने प्रधानमंत्री मन की बात कार्यक्रम को सुना। उक्त कार्यक्रम के उपरांत एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में क्षेत्र में पार्टी के संगठन को मजबूत बनाने पर विस्तार से चर्चा की गयी। तय किया गया कि सभी बूथों के लिए कार्यकर्ताओं की एक टोली का निर्माण किया जायेगा। जो डोर टू डोर जाकर केंद्र सरकार उपलब्धि को जन जन तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। बैठक के दौरान कुछ ग्रामीणों ने पिहरा पुलिस पिकेट एवं कब्रिस्तान के पास एक समुदाय के द्वारा हो रहे पथ निर्माण में बाधा डालने की शिकायत की। मामले को श्री सिंह ने सीओ एवं एसडीएम से बात कर के मामले का हल निकालने का आग्रह किया। उन्होंने लोगो से कहा कि मामले में सभी शांति बनाये रखें। इस दिशा में प्रशासनिक अधिकारी सही निर्णय लेंगे।

मौके पर विचार व्यक्त करते हुए लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने कहा कि नरेंद्र मोदी की सरकार में देश के सभी लोगो को सम्मान मिला है। वहीं पूरे विश्व मे देश का मान सम्मान भी बढ़ा है। केंद्र सरकार ने बगैर भेदभाव के हर लोगो के विकास के लिए योजनाएं संचालित की है, जिसका लाभ सबों को मिला है। आज देश पूर्णस्वालंबन के साथ विकास के पथ पर अग्रसर है। देश की सिमा सुरक्षित है। कश्मीर से 370 धारा हटाया गया है। वहीं राम मंदिर का निर्माण भी अंतिम चरण में है। भाजपा जिन संकल्पो के साथ सत्ता में आयी थी। उससे बढ़ चढ़ कर काम किया। आने वाले समय मे पुनः भारी बहुमत के साथ नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने का संकल्प लेना है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल संयोजक आनन्दी प्रसाद यादव ने की जबकि मौके पर राजकुमार सिंह, बालकिशुन साव, विजय सिंह, अश्वनी यादव, अरविंद गुप्ता, गौतम भगत, सुधीर मिस्त्री, उपेंद्र सिंह, देवानंद साव, योगेंद्र प्रसाद, सूदन भगत, राजेश गुप्ता, अशोक कुमार, मृतुन्जय पण्डित, सागर साव आदि उपस्थित थे।

# राष्ट्रीय महिला उद्यमी पुरस्कार 2023 का वितरण

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** केनरा बैंक ने ओसीएफ के सहयोग से राष्ट्रीय महिला उद्यमी पुरस्कार 2023 का आयोजन किया। इसमें अमर पटनायक, सांसद राज्यसभा, सुलोचना दास, मेयर, बीएमसी; जगदीश चंदर, महा प्रबंधक, केनरा बैंक और तपन कुमार चंद रेजिडेंट डायरेक्टर वेदांता बैठक के मुख्य अतिथि थे। जगदीश चंदर केनरा बैंक के महाप्रबंधक ने महिला उद्यमियों को संबोधित किया और सम्मानित किया। उन्होंने केनरा महिला विकास योजना सहित बैंक की विभिन्न योजनाओं पर जोर दिया। महिला विकास योजना के तहत, केनरा बैंक खुदरा व्यापारियों सहित सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों के तहत महिलाओं की व्यावसायिक परिसर, मशीनरी, उपकरण, वाहनों की खरीद/निर्माण और कार्यशील पूंजी आवश्यकताओं सहित व्यवसाय संबंधी जरूरतों को पूरा करने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान कर रहा है। बैठक में ओडिशा के 500 से अधिक महिला उद्यमियों ने भाग लिया। उद्यमियों ने देश भर में उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए केनरा बैंक द्वारा किये गये प्रयासों की सराहना की।






खेल सुविधाओं को बढ़ाते हुए, ईस्ट कोस्ट रेलवे के महाप्रबंधकमनोज शर्मा ने खेल एथलीटों के लाभ और प्रशिक्षण के लिए रेलवे स्टेडियम, रेल नगर संबलपुर में बास्केट बॉल कोर्ट का उद्घाटन किया।










## टाइम पत्रिका ने अपने नवीनतम अंक में कवर स्टोरी प्रकाशित की है

# तकनीक से सहारे ग्रामीणों की जिंदगी बदल रहा है स्टार्टअप कार्या

- देश भर के ग्रामीण इलाकों में 30 हजार से अधिक ग्रामीणों को अपने साथ जोड़ चुकी है कंपनी
- आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के लिए भारतीय भाषाओं में डेटा संग्रह करती है कंपनी
- कंपनी के पास पहले से ही माइक्रोसॉफ्ट, एमआइटी और स्टैनफोर्ड सहित हाइ-प्रोफाइल ग्राहक हैं
- इससे भारतीय भाषाओं की एआइ परियोजनाओं को अंग्रेजी एआइ की गलतियों से सीखने में मदद मिलेगी




आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** दुनिया की चर्चित अंग्रेजी पत्रिका टाइम ने अपने नवीनतम अंक में एक भारतीय स्टार्टअप कंपनी के बारे में जो कहानी प्रकाशित की है, उसने दुनिया के नक्शे पर भारत सरकार की स्टार्टअप नीतियों की धाक जमा दी है। पत्रिका में प्रकाशित यह कहानी बेंगलुरु की एक स्टार्टअप कंपनी 'कार्या' के बारे में है, जिसने तकनीक की सहायता से ग्रामीणों के जीवन में उल्लेखनीय बदलाव लाने में कामयाबी हासिल की है। यह कंपनी ग्रामीणों की आय बढ़ाने के लिए चैट जीपीटी के जमाने में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का इस्तेमाल कर रही है।

पत्रिका की कहानी चंद्रिका नाम की एक स्कूल शिक्षिका की दास्तान से शुरू होती है, जो एक ऐप के इस्तेमाल से अपनी आय कई गुना बढ़ा चुकी है। यह महिला कार्या से जुड़ी है और अंग्रेजी के अलावा केवल कन्नड़ जानती है। कार्या ने आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस में इस्तेमाल होनेवाली आवाज के लिए उसका चयन किया है। कंपनी उसके मोबाइल पर टेक्स्ट में संदेश भेजती है और चंद्रिका उसे पढ़ कर वापस ऑडियो फाइल बना कर कंपनी को भेज देती है। इससे उसे हर घंटे करीब तीन सौ रुपये मिलते हैं। हर दिन वह छह घंटे काम करती है। इसके साथ वह अपने खेतों की देखभाल भी करती है।

कार्या की स्थापना 2021 में बेंगलुरु में एक गैर-लाभकारी स्टार्टअप के रूप में किया गया। यह कंपनी खुद को खुद को 'दुनिया की पहली नैतिक डेटा कंपनी' बताती है। उसके पास पहले से ही माइक्रोसॉफ्ट, एमआइटी और स्टैनफोर्ड सहित हाइ प्रोफाइल ग्राहकों की एक सूची है। हालांकि यह अपने प्रतिस्पर्धियों की तरह बड़ी तकनीकी कंपनियों और अन्य ग्राहकों को बाजार दर पर डेटा बेचता है, लेकिन उस नकदी का अधिकांश हिस्सा लाभ के रूप में रखने की बजाय यह अपनी लागत को कवर करता है और बाकी को ग्रामीण गरीबों के लिए खर्च करता है। कंपनी ने स्थानीय गैर-सरकारी संगठनों के साथ साझेदारी की है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि उसकी नौकरियों तक पहुंच सबसे गरीब लोगों के साथ-साथ ऐतिहासिक रूप से हाशिये पर रहने वाले समुदायों तक हो। कंपनी अपने न्यूनतम तीन सौ रुपये प्रति घंटे की पारिश्रमिक के अलावा कार्या श्रमिकों को उनके द्वारा बनाये गये डेटा का वास्तविक स्वामित्व देता है। इसलिए जब भी इसे दोबारा बेचा जाता है, तो श्रमिकों को उनकी पिछली मजदूरी के अलावा अतिरिक्त आय प्राप्त होती है। यह एक ऐसा मॉडल है, जो इस उद्योग में कहीं और मौजूद नहीं है।

कार्या जो काम कर रही है, उसका मतलब यह भी है कि लाखों लोग, जिनकी भाषाएं ऑनलाइन हाशिये पर हैं, एआइ सहित प्रौद्योगिकी के लाभों तक बेहतर पहुंच प्राप्त कर सकते हैं। कंपनी के 27 वर्षीय सीइओ मनु चोपड़ा ने कहा कि कार्या अपने कर्मचारियों से जो पहली बात कहता है, वह यह है कि यह कोई स्थायी नौकरी नहीं है, बल्कि यह जल्दी से आय बढ़ाने का एक तरीका है, जो आपको आगे बढ़ने और अन्य काम करने की अनुमति देगा। एप के माध्यम से एक कर्मचारी अधिकतम सवा लाख रुपये के बराबर कमा सकता है, जो भारत में औसत वार्षिक आय है।

कंपनी का कहना है कि उसने देश भर में लगभग 30 हजार ग्रामीणों को अपने साथ जोड़ा है और करीब साढ़े छह करोड़ रुपये की मजदूरी का भुगतान किया है। चोपड़ा चाहते हैं कि 2030 तक यह 10 करोड़ तक पहुंच जाये। गरीबी में पैदा हुए और स्टैनफोर्ड में छात्रवृत्ति हासिल करने वाले चोपड़ा कहते हैं, मुझे वास्तव में लगता है कि अगर सही तरीके से काम किया जाये, तो लाखों लोगों को गरीबी से बाहर निकालने का यह सबसे तेज तरीका है। यह बिल्कुल एक सामाजिक परियोजना है, धन ही शक्ति है और हम उन समुदायों को धन का पुनर्वितरण करना चाहते हैं, जो पीछे छूट गये हैं।













आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**